वर्ष- 11 अंक-273
लखनऊ, गुरुवार 23 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मतदाताओं को ठगने का स्वांग रच रहा इंडी गठबंधन : मोहन यादव 03

टीएमसी शासन में भ्रष्टाचार का केंद्र बना बंगाल : अमित शाह 12


## लोकसभा के छठे चरण के चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा सील

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। छठे चरण में पूर्वी चंपारण,पश्चिम चंपारण व शिवहर में मतदान होना है। इन तीनो लोकसभा क्षेत्र नेपाल की सीमा से जुड़ी है। ऐसे में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर भारत-नेपाल सीमा को 22 मई से 25 मई शाम 6 बजे तक 72 घंटे के लिए बॉर्डर को सील कर दिया गया है।

25 मई को मतदान के बाद शाम 6 बजे से बॉर्डर को खोल दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। बॉर्डर सील होने के बाद सभी प्रकार के वाहनों का आना व जाना बंद हो गया है। जिस कारण सीमा पर लोगो को पैदल आते व जाते देखा गया। भारत-नेपाल का मुख्य बॉर्डर मैत्री पुल,पंटोका, सिवान टोला, सहदेवा, महदेवा, मुशहरवा में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसएसबी के द्वारा बॉर्डर पर गहनता से जांच की जा रही है। वही बॉर्डर के सील होने से लोगों की परेशानिया भी देखने को मिली। जो लोग नेपाल से भारत व भारत से नेपाल आये थे उन्हें पैदल ही अपने देश लौटना पड़ रहा है। हालांकि स्वास्थ्य सेवा व अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रखा गया है। वही कस्टम डियूटी पर तैनात कस्टम के इंस्पेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर 72 घंटे पूर्व बॉर्डर को सील कर दिया गया है।

# छठा चरण : 14 लोकसभा सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

### चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध, 162 उम्मीदवार मैदान में, मतदान 25 को

▸ 292-गैंसड़ी विस उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में छठे चरण के अंतर्गत प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 25 मई को मतदान होगा।

छठे चरण के इन लोकसभा सीटो के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं। बलरामपुर की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात् कल 23 मई को सायं 06 बजे से छठे चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।

छठे चरण का चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि राजनैतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान इन निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें।

#### यूपी में इन सीटों पर होना है मतदान

प्रदेश में छठे चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 25 मई को मतदान होना है। इस चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 38–सुल्तानपुर, 39–प्रतापगढ़, 51–फूलपुर, 52–इलाहाबाद, 55–अम्बेडकरनगर, 58–श्रावस्ती, 60–डुमरियागंज, 61–बस्ती, 62–संत कबीर नगर, 68–लालगंज (सु.), 69–आजमगढ़, 73–जौनपुर, 74–मछलीशहर (सु.), 78–भदोही लोकसभा सीटें आती हैं। इसमें से 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। छठे चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुरी स्टार पवन सिंह भाजपा से निष्कासित

**पटना (बिहार)।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निष्कासित कर दिया है। पवन सिंह को भाजपा ने आसनसोल लोकसभा सीट से सिंबल दिया था, जिसे बाद में पवन सिंह ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व से मिलकर सिंबल वापस कर दिया था। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय कैंडिडेट के तौर पर एनडीए के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया। भाजपा के पत्र में कहा गया है कि पवन सिंह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं और वे लोकसभा चुनाव में एनडीए के अधिकृत उम्मीदवार के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में उनका यह कार्य दल विरोधी है। इससे पार्टी की छवि घूमिल हुई है। साथ ही यह कार्य पार्टी अनुशासन के विरुद्ध है। इसलिए पवन सिंह को दल विरोधी कार्य के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

### नौ लाख 36 हजार के नकली नोट, छपाई का सामान मिला

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के लिंबायत इलाके में विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने नौ लाख 36 हजार रुपये से अधिक के नकली नोट और नोट छापने का सामान बरामद किया है। एसओजी ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर लिंबायत, नगर, सरदार नगर मार्केन्डेय मंदिर के सामने, ऑफिस नंबर 2, प्लॉट नंबर 15, पहली मंजिल पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 9,36,100 रुपये की नकली नोट, एक कलर प्रिंटर, कटर मशीन तथा नोट छापने का अन्य सामान, स्थानीय न्यूज चैनल का माइक और साप्ताहिक का आईकार्ड जब्त करके तीन लोगों को पकड़ लिया गया है।

### उत्तर-पश्चिम भारत में 26 तक भीषण गर्मी के आसार

**नयी दिल्ली।** उत्तर–पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक लू चलने से लेकर भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के एक बुलेटिन में कहा गया, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 मई तक गंभीर लू की स्थिति रहेगी और उत्तर–पश्चिम मध्य प्रदेश और दिल्ली के अलग–अलग इलाकों में 24 से 26 मई तक लू चलेगी। जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश में 26 मई तक, पश्चिम मध्य प्रदेश, दिल्ली में 22 और 23 मई को, 23 से 26 मई के दौरान विदर्भ , 24 से 26 मई के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश और 22–25 मई के दौरान उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में लू चलने का अनुमान है।

### मालीवाल केस : पुलिस के पास बिभव के खिलाफ सबूत

**मुंबई।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ मुंबई से लौटने से पहले महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य एकत्र किये हैं। बिभव कुमार को आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में सबूत जुटाने के लिए मंगलवार को मुंबई ले जाया गया। दिल्ली पुलिस ने जो सबूत बरामद किये हैं, वे मुंबई हवाई अड्डे के नजदीकी इलाके से हैं।

# कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई

### प्रधानमंत्री मोदी ने बस्ती सिद्धार्थनगर, डुमरियागंज में की जनसभा

समृद्धि न्यूज

**बस्ती।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) को पाकिस्तान का सरपरस्त करार देते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर और पिछड़े वर्ग के तत्कालीन अध्यक्ष



सीताराम केसरी को फुटपाथ पर फेंक कर अपनी ही पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं।

पालीटेक्निक ग्राउंड पर बस्ती, सिद्धार्थनगर और डुमरियागंज के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कांग्रेस और सपा वालों को अचानक संविधान की याद आ गयी है। इसी कांग्रेस ने 70 के दशक में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी। यह वहीं पार्टी है जिसने अति पिछड़े वर्ग के पार्टी अध्यक्ष सीताराम केसरी को एक शाम कांग्रेस दफ्तर के बाथरुम में बंद कर दिया था और मैडम सोनिया की टोली ने उन्हे फुटपाथ पर फेंक दिया था और रातों रात सोनिया गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया था। जिस कांग्रेस ने अपनी पार्टी के संविधान की परवाह नहीं की वह आज देश के संविधान को बचाने की बात कर रही है। सपा पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के संविधान की कद्र न करते हुये सपा ने हमेशा दलितों के आरक्षण का विरोध किया और संविधान के परे जाकर आज दलितों एवं पिछड़ों का आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालों को इसका हिस्सा देना चाहते हैं।

#### पीएम ने दिल्ली की जनता के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की द्वारका रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस हर दिन 12 किमी हाइवे बनवाती थी, भाजपा 30 किमी हाइवे। 60 साल में 70 एयरपोर्ट बनवाए। मोदी ने 10 साल में 70 एयरपोर्ट बनवाए हैं। 75 फीसदी लोगों के घर में नल से जल आ रहा है। हमने 22 एम्स, 18 करोड़ गैस कनेक्शन दिए हैं। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल एक्सपोर्टर हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को दिल्ली के द्वारका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी में दूसरी रैली की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में सबसे पहली जनसभा को संबोधित किया था। मंच पर पीएम मोदी के पहुंचने के बाद समर्थकों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। द्वारका में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच चरणों के मतदान ने भाजपा, एनडीए की मजबूत सरकार पक्की कर दी है। भाजपा को दिया गया हर वोट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। पीएम मोदी ने जनसभा के दौरान कहा कि कांग्रेस हर दिन 12 किमी हाइवे बनवाती थी। भाजपा ने 30 किमी हाइवे बनवाए हैं। 60 साल में 70 एयरपोर्ट बनाए। मोदी ने 10 साल में 70 एयरपोर्ट बनवाए हैं।

### सत्ता में आए तो करवाएंगे जातिगत जनगणना : राहुल



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा है कि भारत में 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी और पिछड़े हैं। मोदी सरकार इन्हें सम्मान देने की बात करती है लेकिन कांग्रेस इन्हें सत्ता में हिस्सेदारी देने की बात कर रही है। यह अब उनके लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जीवन का मिशन बन गया है। राहुल गांधी बुधवार की शाम पंचकूला में समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान केवल किताब नहीं बल्कि ट्रांसफर ऑफ पावर है। इस देश में 90 फीसदी दलित, आदिवासी, ओबीसी हैं लेकिन देश के नेरेटिव में उनकी कोई हिस्सेदारी नहीं है। हर फ्रंट पर केवल दस प्रतिशत लोग ही मौजूद हैं। राहुल गांधी ने मीडिया के एक वर्ग की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया के एजेंडे आज किसान, मजदूर, नाई, बड़ई, सफाई कर्मचारी सब बाहर हो चुके हैं।

## भारत में दिख रहा है विरासत व विकास का अद्भुत संगम

समृद्धि न्यूज



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत प्रगति के नये पैमाने गढ़ रहा है। बस्ती में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से प्रवीण निषाद और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि आज भारत में विरासत व विकास का अद्भुत संगम दिख रहा है।

पहले स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर पूर्वांचल में सिर्फ बीएचयू व गोरखपुर में मेडिकल कॉलेज था, लेकिन आज गोरखपुर में एम्स, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर समेत हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य हुआ। मासूम 40 वर्ष से इंसफेलाइटिस से दम तोड़ता था। यहां के बचपन को बचाने के लिए मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल योजना और मेडिकल कॉलेज जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं। योगी ने कहा यह चुनावी संग्राम रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच चल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाना है। यह क्षेत्र कभी तरसता था कि एक चीनी मिल चल जाती। आज नई चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। कांग्रेस के समय में बंद हुआ गोरखपुर फर्टिलाइजर कारखाना 110 फीसदी से अधिक क्षमता से कार्य कर रहा है। नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे हैं। श्री योगी ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश के लोगों को चार जून के परिणाम के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया है। चारों तरफ जनमानस उद्घोष कर रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार-400 पार। यह बात सुनते ही कांग्रेस व सपा के इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन की जमानत याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गयी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को गौर करने से इन्कार कर दिया। मामले की सुनवाई कर रही अवकाशकालीन पीठ के न्यायाधीश दीपांकर दत्ता व न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा याचिका को सुनवाई के लिये स्वीकार करने योग्य न माने जाने के बाद याचिकाकर्ता ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानते हुये उसे खारिज कर दिया। मामले में सोरेन की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने की। पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि याचिकाकर्ता ने यह तथ्य यहां नहीं रखे कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर शिकायत का संज्ञान धन शोधन संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने ले रखा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत

एजेंसी

▸ सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

**नयी दिल्ली।** पीएफआई सदस्यों को मद्रास हाईकोर्ट ने बीते साल 19 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के आठ कथित सदस्यों की जमानत रद्द कर दी।


पीएफआई सदस्यों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने पीएफआई सदस्यों की जमानत रद्द करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा है। पीएफआई सदस्यों को मद्रास हाईकोर्ट ने बीते साल 19 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि है और आतंकवाद से कोई भी संबंध प्रतिबंधित होना चाहिए। जमानत पर रिहा चल रहे आरोपी बरकतुल्लाह, इदरीस, मोहम्मद अबुताहिर, खालिद मोहम्मद, सैयद इशाक, खाजा मोहिद्दीन, यासर अराफात और फयाज अहमद हैं।

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले लगाया गया खालिस्तानी झंडा, पन्नू ने ली जिम्मेदारी

**पटियाला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पटियाला दौरे से एक दिन पहले रैली स्थल से थोड़ी दूरी पर एक इमारत पर खालिस्तानी झंडा लगा मिला है, जिस पर खालिस्तानी नारा भी लिखा हुआ था। पुलिस ने अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया है। अलबत्ता रैली स्थल की सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। खालिस्तानी कट्टरपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने खालिस्तानी झंडा लगाने की जिम्मेदारी ली है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को पटियाला में चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। यह झंडा मिनी सचिवालय रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगाया गया था। यह बिल्डिंग पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार रहे।

## स्वतंत्र जीवन जीने के अधिकार में अपने साथी को चुनना भी शामिल : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से जीने के अधिकार में अपने साथी को चुनना भी शामिल है। हाइकोर्ट ने हाल ही में ट्रांस महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्ति को पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया। यह आदेश जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं ट्रांस महिला और पुरुष द्वारा दायर सुरक्षा याचिका का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की जो वर्तमान में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। कोर्ट ने कहा मानव की मूल संरचना से उत्पन्न होने वाली धारणा और व्यक्तित्व की विविधता अलग-अलग मनुष्यों को अलग-अलग विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है। भले ही वे समान परिस्थितियों में हों। इसलिए स्वतंत्र चुनाव का अधिकार स्वतंत्रता की आत्मा है और किसी भी स्वतंत्र समाज की सबसे प्रिय और प्रमुख विशेषता है याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में यह कहते हुए याचिका दायर की कि ट्रांस जेंडर पहचान के कारण उनका जीवन, स्वतंत्रता, सम्मान और सुरक्षा खतरे में है। अपनी याचिका में याचिकाकर्ताओं ने विशेष रूप से पुरुष के पिता पर ट्रांस जेंडर के खिलाफ मौखिक और शारीरिक हमला करने का आरोप लगाया। इसे देखते हुए याचिका में न्यायालय से पुलिस सुरक्षा की मांग की गई थी। शुरू में न्यायालय ने कहा कि हमारा संविधान उस स्वतंत्रता को संरक्षित करने का प्रयास करता है।

## हिदायत : मर्यादा में बयान दें भाजपा-कांग्रेस के स्टार प्रचारक

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस और भाजपा के अध्यक्षों को पत्र लिखकर उनके स्टार प्रचारकों के बयानों पर सख्त हिदायत दी है। आयोग ने भाजपा को संप्रदायिकता लाइन पर नहीं बोलने और कांग्रेस को संविधान खत्म करने जैसे दावे नहीं करने का निर्देश दिया है।

चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग पत्र लिखकर अपनी चिंता जताई है। आयोग ने कहा है कि स्टार प्रचारकों के बयान दायरे में होने चाहिए और उनमें ऐसी बाते नहीं होनी चाहिए जिसका चुनावों के बाद (आचार संहिता की अवधि से आगे) समाज पर बुरा प्रभाव पड़े। पिछले महीने आयोग ने भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों को लेकर दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वे अपने सभी स्टार प्रचारकों को समाज को विभाजित करने वाले बयान देने से रोकें। भाजपा और उसके स्टार प्रचारकों को धार्मिक सांप्रदायिक आधार पर किसी भी प्रचार के तरीकों या बयानों से परहेज करना चाहिए।

जनसभा | रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करनाल के घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में कहा

# कांग्रेस ने सेना को कमजोर किया, उपकरण में किए घोटाले

एजेंसी



**करनाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को करनाल के घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट मांगे। इस मौके पर उन्होंने पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं अगर किसी के घर के मुखिया की मौत हो जाती है तो उसकी आधी संपत्ति ले ली जाएगी, क्या देश का कोई नागरिक ऐसे कानून को स्वीकार करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या उनके शासनकाल में हर रोज घोटाले नहीं हो रहे थे। भ्रष्टाचार के मामले में कोर्ट के आदेश पर उनके मंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी थी। सैम पित्रोदा अनाप शनाप बयान देते थे, इसी कारण कांग्रेस ने उन्हें हटाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल विधानसभा चुनाव होते हैं, पांच साल में लोकसभा चुनाव होते हैं। इस पर समय और पैसा बर्बाद होता है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। इससे पहले रैली में पहुंचने पर करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार मनोहर लाल और अन्य नेताओं ने पगड़ी पहनाकर रक्षामंत्री राजनाथ का स्वागत किया। राजनाथ ने कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, आप खुशकिस्मत हैं कि आपके यहां मनोहर लाल उम्मीदवार हैं। देश का मस्तक ऊंचा होना चाहिए। लक्ष्मीजी कमल के फूल पर घर आती हैं, इसलिए कमल का बटन दबाना है और मेरी अंतिम बात सुन लीजिए कि आप मनोहर लाल को केवल सांसद नहीं चुन रहे हैं कुछ और ही चुन रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी जनता को धोखा दिया। वह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सरकार ने जेल में भिजवाया, लेकिन ऐसा नहीं है। शराब घोटाले के मामले में संजय सिंह भी जेल में गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि वो मनोहर लाल को 40-45 वर्ष से ज्यादा समय से जानते हैं। उन पर कभी चरित्र या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। वे राजनीति में संत की तरह हैं।

#### 2047 तक भारत बनेगा महाशक्ति

जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए हैं, हम 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आज हमारा दुनिया में डंका बजता है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका होगा, चीन होगा उसके बाद भारत होगा। वर्ष 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। पाकिस्तानी सांसद ने भी कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग स्वाभीमानी होते हैं, वे भूखे रह लेंगे, लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे।

# छठे-सातवें चरण के चुनाव हेतु पुलिस बल रवाना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के षष्ठम व सप्तम चरण में होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ कर पुलिस टीम को रवाना किया गया है। क्षेत्राधिकारी नगर जगत राम कनौजिया द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के षष्ठम चरण व सप्तम चरण (जनपद सन्तकबीर नगर व गोरखपुर) के मतदान को सकुशल शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद बाराबंकी से ड्यूटी हेतु लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को चुनाव ड्यूटी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हुए मतदान को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने एवं मतदेय स्थल की सुरक्षा एवं अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आदर्श चुनाव अचार संहिता एवं माननीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा 61-निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 1012-मुख्य आरक्षी व आरक्षी को, 24 बसों से 10 मेस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं (फर्स्ट एड किट, लंच आदि) देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी चुनाव सेल अभिमन्यु मल्ल, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बिजली बिल वसूली का चलाया गया अभियान

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के एसडीओ संदीप सिंह के नेतृत्व मे विद्युत वितरण उपकेन्द्र जैदपुर के कर्मचारियों द्वारा बकाया वसूली व चेकिंग का कार्य युद्ध स्तर पर जारी रहा।घर घर जाकर बकाया उपभोक्ताओ को जल्द से जल्द बकाया जमा करने की सलाह भी दी गयी।बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर मे बुधवार को विद्युत वितरण उपकेंद्र जैदपुर के एसडीओ संदीप सिंह के नेतृत्व मे कस्बे के मोहल्ला रईस कटरा, शाहकटरा, मेंहदीगंज सहित अन्य मोहल्ले मे कर्मचारियो ने घर घर जाकर बकाया वसूलने व चेकिंग का कार्य सुबह से शाम तक होता रहा।एसडीओ संदीप सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओ से अपील करते हुये बताया कि समय पर सभी उपभोक्ता बिल अवश्य जमा करें? और तमाम असुविधाओ से बचे रहें। चेकिंग, राजस्व वसूली बकाया उपभोक्ताओं की सूचि तैयार कर लगातार कर्मचारियो की टीम द्वारा व टोर टू टोर जाकर बकाया बिल जल्द से जल्द जमा करने की सलाह भी दे रही है। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, मो वसी, फिरोज रिजवी, इरशाद अंसारी, फुरकान, मो आसिफ, चांद बाबू सहित अन्य संविदा कर्मचारियो की गठित टीम मौजूद रही।

# तपती गर्मी में खराब पड़े हैंडपंप नहीं बुझा पा रहे प्यास

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत के कस्बा बांकेगंज में तथा अन्य कई गांव के हैंडपंप खराब होने से राहगीरों एवं ग्रामीणों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है।

चिलचिलाती गर्मी में हैंडपंप खराब होने से शुद्ध जल को राहगीर व दुकानदार तरस रहे है। बता दे बांकेगंज में मेन बाजार से सीएचसी मार्ग पर श्यामपुर के निकट डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा के पास लगा सरकारी नल केवल दिखावा बनकर कई महीनो से खराब पड़ा है। एक तरफ भयंकर गर्मी का प्रकोप और धूप के मौसम में राहगीर व यात्री एवं स्थानीय लोगों को नल था जो पीने योग्य पानी देता था लेकिन काफी दिनों से नल खराब होने के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वही डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान के निकट लगा हैंडपंप पिछले काफी दिनों से खराब है। जिसकी वजह से हमारे यहां आए हुए मरीजों को तथा हमको भी पानी की जरूरत होती है तो इधर-उधर भटकना पड़ता है। फिलहाल स्थानीय लोगों की मांग है नल को अतिशीघ्र सही करा दिया जाए जिससे भीषण गर्मी से लोगों को पानी की किल्लत से जूझना ना पड़े।

## खबरें एक नजर में

### 23 के विरुद्ध शांतिभंग की हुई कार्यवाही

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जनपद मे संदिग्ध व्यक्तियो,वांछित अभियुक्तो, वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे जनपद पुलिस द्वारा 3 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा 23 अभियुक्तो के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाही की गयी।

### जान से मारने की धमकी पर दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आपसी बहस मे लात घूसों व डंडों से मारने व जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग करने पर जैदपुर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर कस्बे के मोहल्ला मिल्लत नगर का है। जहां बीती रात सफवान पुत्र अकबर ने मोहल्ले के ही रहने वाले आमीन पुत्र अलताफ को लात घूसों व लाठी से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।जिससे भयभीत पीड़ित आमीन पुत्र अल्ताफ की तहरीर पर जैदपुर पुलिस ने सफवान पुत्र अकबर निवासी मिल्लत नगर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया मुकदमा दर्ज किया गया है जांच पड़ताल जारी है।

### कोविड वैक्सीन से बीमार होने की चर्चा से डरे ग्रामीण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोविड वैक्सीन से खतरनाक बीमार होने की चर्चाएं सुनने के बाद पांच घर वालों ने अपने बच्चों को नियमित टीकाकरण किए जाने से मना कर दिया। इसकी सूचना सीएचसी अधीक्षक को दी गई। वहीं गांव पहुंची टीम ने घर वालों को समझा-बुझाकर तीन बच्चों का वैक्सिनेशन कराया। सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कजियापुर के हाता गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच घर वालों के सदस्यों ने बच्चे के टीकाकरण किए जाने से मना कर दिया। तो एएनएम काजल चौधरी ने समझाने बुझाने का प्रयास किया। घर के सदस्य ने बताया कि कोरोना वैक्सीन से हार्टअटैक जैसी बीमारी होने लगी है। ऐसे में हम लोग बच्चों में टीकाकरण नहीं कराएंगे। एएनएम इसकी सूचना सीएचसी अधीक्षक को दी। जिसके बाद बीपीएम मनोज श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक डा. संजय कुमार पाण्डेय ने घर वालों को समझा-बुझाकर तीन बच्चों का वैक्सिनेशन कराया। जबकि दो बच्चे बुखार से ग्रस्त थे। जिनका टीकाकरण स्वस्थ होने के बाद कराने की बात कही।

### ड्रिल प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया दम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** 48 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के दिशा निर्देश में बुधवार को फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज में ड्रिल कंप्टीशन का आयोजन किया गया। इस ड्रिल प्रतियोगिता में जिले के 24 कॉलेजों के 62 सीनियर तथा जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने प्रतिभाग करते हुए अपना दमखम दिखाया। लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता की विजेता रही। विजेता कैडेट्स को कमान अधिकारी ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह ने प्रतियोगिता की रूपरेखा को निर्धारित की। इसी आधार पर प्रतियोगिता सुचारू ढंग से संपन्न करायी गयी। कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कैडेट्स को बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य हमें गोंडा जनपद के कैडेट्स को राष्ट्रीय स्तर के कैंप और प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। 48 बटालियन सदैव कैडेट्स को उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए तैयार है। ड्रिल प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की टीम विजेता रही। विजेता कैडेट्स को कमान अधिकारी ने प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया।

# मतभेद भुलाकर दो दम्पति एक साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महिला थाना,परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक,वैचारिक मतभेद भुलाकर 2 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए।जानकारी के अनुसार महिला थाना,महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक,वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादो।सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रो मे दोनो पक्षो को बुलाकर उनकी समस्याओ को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप आज 2 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए।महिला थाना प्रभारी, काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातो को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।महिला थाना प्रभारी,काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है।जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

## युवक का शव रेलवे लाइन पर बरामद



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुश्कीनगर गांव के निकट रेलवे लाइन पर एक 22 वर्षीय युवक का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ मृतक बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम दरीगापुर का रहने वाला है। लखनऊ अयोध्या रेल मार्ग पर बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे लाइन के किनारे एक क्षत विक्षत शव पड़ा हुआ है ग्रामीणों द्वारा दी गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए जमातलासी ली तो मृतक के पास से मिले मोबाइल से मृतक की शिनाख्त उमेश कुमार गौतम पुत्र कुमकुम ऊर्फ खुनमुन निवासी ग्राम दरीगापुर थाना बदोसरायं के रूप मे हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दीवार गिरने से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत खजूरी मजरे बहुता गांव में 5 दिन पूर्व दीवार गिर जाने से घायल हुए एक 52 वर्षीय प्रौढ़ की बुधवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

सूचना पाकर गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना प्रदान की।गांव निवासी गंगाराम लोध पुत्र राम प्रसाद पिछली 18 मई की सुबह 4:00 बजे दीवाल गिर जाने से मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाये गए जहां गंगाराम को गंभीर हालत में लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया था जहां पर हालात न सुधरने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उनकी मौत हो गई।

मौत के बाद गांव पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## स्वच्छ भारत मिशन का उड़ रहा मजाक, गन्दगी के ढेर में गांव

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग अभियान शुरू होकर खत्म भी हो चुका है फिर भी गांव है कि अभी भी गंदगी के ढेर में तब्दील है। जिससे इस भीषण गर्मी में संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बलवती होती जा रही है।

हैदरगढ़ ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे हैं। गांव की गलिया कूड़े से पटी हुई है नालियां बजबजा रही है और शौचालय भी बदहाली का शिकार है। जिसके चलते गांव में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है स्थानीय विकासखंड की कमेंला ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से उनके गांव में सफाई कर्मी आया ही नहीं है। जिसकी वजह से गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। यही नहीं बजबजाती नालियों से उठने वाली बदबू और मच्छरों की भरमार ग्रामीणों का जीना दूभर किए हुए हैं।

# युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

लखीमपुर खीरी के निघासन इलाके के रकेहटी कस्बा निवासी बाइक सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। युवक रकेहटी से सिंगाही अपनी ससुराल गया हुआ था, जहां से वह किसी काम से तिकुनियां गया था, शाम को वापस आते समय बेलरायां तिकुनियां के मध्य बंजरिया पुल के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने शव की शिनाख्त कराते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। प्राप्त सूचना के अनुसार रकेहटी कस्बा निवासी कन्हैया लाल चतुर्वेदी के 25 वर्षीय पुत्र गौरव चतुर्वेदी मंगलवार को अपनी मोटर साइकिल से सिंगाही कस्बा अपनी ससुराल गया था, जहां से किसी काम से वह तिकुनियां चला गया था, जहां से वापस आते समय तिकुनियां बेलरायां के बीच में बंजरिया पुल के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी, सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचित करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन घटना स्थल के लिए रोते बिलखते हुए रवाना हो गए।

## आज धूमधाम से मनाई जाएगी बुद्ध जयंती



**बाराबंकी।** डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/ पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के तत्वावधान में सतरिख नाका स्थित डॉ अम्बेडकर पार्क में आज गुरुवार को तथागत बुद्ध जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुबह 8:00 बजे बुद्ध वन्दना कार्यक्रम होगा और फिर खीरदान का व विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुद्ध जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# युवक की नहर में डूबने से मौत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली भीरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मालपुर में एक युवक नहर के ऊपर पड़े खंभे से नहर पार करते समय नहर में जा गिरा। परिजन आनन फानन में उसे बिजुआ सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत फुटहा निवासी रमेश पुत्र बदलू उम्र करीब 35 वर्ष बुधवार को मालपुर बाजार करने गया था।

मालपुर बाजार से फुटहा के मध्य पडने वाली नहर पर शार्टकट रास्ते में नहर पर पड़े खंभों के ऊपर से नहर पार करते समय रमेश का पैर खंभे से फिसल गया जिससे रमेश नहर में जा गिरा। नहर में पानी अधिक होने की वजह से रमेश बेसुध हो गया। वहां पर मौजूद लोगो ने इसकी जानकारी परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजन उसे बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रमेश का शव पुलिस ने पंचनाम भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया। परिजनों ने बताया मृतक रमेश पिछले 15 वर्षो से लखनऊ में मजदूरी करता था एक दिन पहले ही अपने गांव आया था। मृतक रमेश अपने पीछे 3 बच्चे छोड़ गया है। जिसमे बड़ा लड़का 13 वर्ष उससे छोटा लड़का 9 वर्ष और एक लड़की 5 वर्ष की है। अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# प्राइवेट डबल डेकर बस में तोड़फोड़, बस मालिक की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**




हफ्ता न देने पर चार लोगों ने एक प्राइवेट डबल डेकर बस मे तोड़फोड़ कर पिस्टल से फायर कर दिया। जिससे वहां भगदड मच गई तथा बस मे बैठी सवारियों मे हडकंप मच गया। बस मालिक की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदी सरायं निवासी गुफरान में पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बुधवार को सुबह छः बजे दिल्ली से अपनी बस लेकर आ रहा था। जैसे ही मोहम्मदी शाहजहांपुर रोड स्थित ग्राम गोकन के निकट पहुंचा।

आरोप है कि अफसर, मोसिन, पप्पू व तसलीम निवासीगण मुहल्ला शुक्लापुर ने पिस्टल से फायर कर दिया एवं गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और कहा कि हमे हफ्ता नहीं दोगे तब हम तुम्हारी बस नहीं चलने देंगे। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए तथा दो दिन पूर्व में दो हजार रुपये जबरदस्ती वसूल चुके हैं। पुलिस ने अवसर पुत्र जमानत मोहसिन पुत्र दलवीर पप्पू पुत्र नामालूम तस्लीम पुत्र नामालूम चारों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धारा मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं तोडफ़ोड़ की गई बस को भी हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है इसमें एक व्यक्ति के विरुद्ध दिल्ली में कई आपराधिक मुकदमा दर्ज है।



## सप्ताहिक शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति, कन्या भोज विशाल भंडारे के साथ समापन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** भीखमपुर क्षेत्र के गांव नगरा में आयोजित चतुर्थ सप्ताहिक शतचंडी महायज्ञ एवं रासलीला का आयोजन किया गया। गुरुवार को भव्य कलशयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भव्य कलशयात्रा ठाकुर द्वारा से गाजे-बाजे के साथ जोरदार जयघोष के साथ कठिना नदी भाव बाबा मंदिर पर पहुंची। यज्ञाचार्य अशोक शास्त्री, आचार्य रमेश चंद्र मिश्र, विनोद कुमार शुक्ल, लक्ष्मीनारायण, राममोहन, नितिन आचार्य,देवेश ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कर जल को कलशों में भरा गया। यज्ञशाला में कलशों को स्थापित किया गया। ठाकुर द्वारा मंदिर पुजारी रामनरेश ने बताया कि 16 मई को कलशयात्रा के साथ शुभारंभ, 17 मई को वेदी रचना, यज्ञमंडप प्रवेश, 18,19,20,21 मई को हवन पूजन के साथ 22 मई को सप्ताहिक शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति, कन्या भोज विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे रासलीला व रामलीला के कलाकारों ने राधा कृष्ण लीला, नव दुर्गा, भगवान गणेश, भगवान शिव माता पार्वती, राधाकृष्ण, धनुष भंग सीता राम विवाह का मंचन व आकर्षक झांकियो देखकर भक्त भावविभोर हुए। इस अवसर पर आशीष मिश्रा, पुजारी रामनरेश मिश्रा, पंकज अवस्थी, पिंटू मिश्रा, रामनाथ मिश्रा, जगन्नाथ शर्मा, मोहित शुक्ला, समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# ग्राम रोजगार सेवक व ग्राम विकास अधिकारी ने धोखाधड़ी कर निकाली धनराशि

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**प्रधान ने डीएम से की शिकायत**

बिजुआ ब्लॉक के क्षेत्र में भ्रष्टाचार चर्म पर है, आए दिन ग्राम प्रधानों की शिकायते होती है कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फर्मों के नाम पर फर्जी पैसा निकाला गया।

विकास खंड बिजुआ से एक और मामला प्रकाश आया है, जहाँ ग्राम प्रधान को धोखा देकर खाते से पैसे निकाले गए हैं। जिसकी लिखित शिकायत ग्राम प्रधान ने जिला अधिकारी को देकर कार्रवाई की मांग की है। विकास खंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत जहानपुर निवासी वर्तमान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने जिला अधिकारी को लिखित तहरीर दी है जिसमे आरोप है पंचायत भवन निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है, परन्तु शासन द्वारा स्वीकृत धनराधि मनरेगा से जो भुगतान फर्म को किया जाना था वह भुगतान ग्राम रोजगार सेवक सर्वेश कुमार व ग्राम विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद ने अपनी मन मर्जी से बिना प्रधान की अनुमति व हस्ताक्षर के अन्य लेवर व फार्मो पर कर लिया है। जबकि प्रधान द्वारा जिस फर्म से सामान खरीदा गया था उनको पैसा देना शेष बाकी है उसका भुगतान आज तक नहीं किया गया।इसी तरह से पूर्व प्रधान किरन देवी के साथ भी किया गया जो कि बिना पूर्व प्रधान के हस्ताक्षर के ही भुगतान किया गया जबकि पूर्व प्रधान किरन देवी हिन्दी में हस्ताक्षर करती है व कम पढ़ी लिखी है। पूर्व प्रधान के हस्ताक्षर अंग्रेजी में दो तरह से किये गये कुछ कागजो पर हस्ताक्षर भी नहीं कराये गये। लेवर मिस्त्री व ठेकेदार विजय सिंह को लगभग एक लाख रूपये देना बाकी है जो कि आये दिन ब्लाक बिजुआ के व वर्तमान प्रधान से पैसे मांगते हैं। पूर्व ग्राम विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया है । इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान ने मीडिया से रूबरू होकर बताया कई बार उक्त लोगो का बकाया भुगतान करने के लिए ग्राम विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारीयो से कहा लेकिन उन्होंने अभी तक पैसा नही दिया,मुझे आए दिन उनके आगे शर्मिंदा होना पड़ता है। हर तरफ से परेशान हो कर हमने जिला अधिकारी से लिखित शिकायत की है और मुझे पूर्ण विश्वास है जिलाधिकारी द्वारा दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी और फर्म व लेवरो का पैसा दिलवाया जायेगा।

# चोरों ने नकब लगाकर उड़ाया नकदी सहित जेवरात

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत आषाढी के मजरा पूजागांव मुड़िया मे बीती बुधवार की देर रात चोरों ने नकब लगाकर नकदी सहित जेवर व घर के अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए सुबह जब घर वाले जागे तब घर का सामान इधर उधर पड़ा देख और दीवाल कटी हुई देखी जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव पूजागांव मुड़िया मे चोरों ने रामगोपाल के घर को निशाना बनाया। रामगोपाल ने बताया बीती रात जब हम लोग सो गए तब अज्ञात चोर दीवाल काट कर घर में प्रवेश कर गए घर में रखे 15000 नगद व जेवर सहित अन्य कीमती सामान चोर उठा ले गए। ग्रह स्वामी रामगोपाल ने बताया सुबह जब मैं जगा तब देखा हमारे घर में समान इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ था और मकान की दीवाल काट कटी हुई थी जिससे चोर अंदर प्रवेश हुए,और घर में रखा कीमती सामान व रुपए गायब थे।

अभी कुछ दिनों से हमारी पुत्री की तबियत खराब थी उसका इलाज कराने के लिए हम उसे ससुराल से अपने घर ले आए थे बुधवार को इलाज के लिए बहन को डाक्टर के वहां ले जाना था इस लिए हम 15000 रुपए गांव के ही एक व्यक्ति से ब्याज पर लाए थे वो नकद रुपए और घर में पुत्री सहित तीन महिलाओं के जेवर चोरी हुए हैं जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए होगी,जिसकी लिखित तहरीर कोतवाली प्रभारी को दी है।

# युवक का पेड़ पर लटकता मिला शव, सुसाइड नोट बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के थाना ईसानगर क्षेत्र के नौरंगपुर गांव अपनी ससुराल आए युवक ने मंगलवार की रात फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। ग्रामीणों द्वारा बुधवार की सुबह शव गांव के पश्चिम एक बाग में जामुन के पेंड़ से लटका हुआ देखा गया। शव मिलने की जानकारी होने पर मृतक के ससुरालीजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को बृजेश (22) पुत्र रामसनेही निवासी सुरजीपुर थाना शारदानगर अपनी पत्नी प्रीती को मायके छोड़ने थाना ईसानगर क्षेत्र के नौरंगपुर गांव आया था। ग्रामीणों के मुताबिक शाम को खाना खाने के बाद बृजेश व प्रीती में कुछ कहा सुनी हो गयी जिसके बाद घर के बाहर निकले ब्रजेश ने गांव के बाहर पेड़ से गमछा के सहारे फांसी लगा ली। किसी राहगीर ने पेड़ पर लटक रहे बृजेश की सूचना छोटे को बताई । घटना के बाद घर मे कोहराम मच गया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार को मृतक बृजेश की जामा तलाशी के दौरान जेब से पर्ची मिली। पर्ची मे मरने का कारण पत्नी प्रीती व गांव के एक अन्य युवक का नाम लिखा था। थानाध्यक्ष देवेंद्र ने बताया कि मृतक बृजेश की जेब से मिली पर्ची पुलिस के पास है। जल्द ही रहस्य खुलेगा।

## 376 के आरोपी को भेजा गया जेल



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना लोनीकटरा पुलिस द्वारा 1 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 154/2024 धारा 366/376/323/506 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बृजेश पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम नरदही थाना लोनीकटरा को गिरफ्तार किया गया।

# मतदाताओं को ठगने का स्वांग रच रहा इंडी गठबंधन : मोहन

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रामकोला में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा**




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कुशीनगर लोकसभा के रामकोला में भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर की जनता भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयश्री दिलाकर केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के यशस्वी नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा किया है। इसलिए देश की जनता सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के लिए भारी मतों से कमल खिलाकर पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग छल से वोट लेना चाहते हैं।

एक बार रावण ने नकली साधु बनकर सीता से छल किया। उसी तरह इंडी गठबंधन के लोग मतदाताओं को ठगने के लिए स्वांग रच रहे हैं। अमेरिका, इजराइल पर कोई वार करता है तो वह देश घर में घुसकर दुश्मनों को मारने का काम करते हैं। उसी तरह अब पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत भी बन गया है।

हमारी सेना दुश्मन को घरों में घुसकर मारने का काम करती है। इसके पूर्व मंच पर पहुंचने पर सांसद आरपीएन सिंह, सांसद व प्रत्याशी विजय दुबे, विधायक विनय प्रकाश गौंड, विधायक विवेकानंद पांडेय, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, विधायक मोहन वर्मा, लोकसभा प्रभारी अवधेश सिंह, पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता समेत अनेक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### अयोध्या की तरह ही जगमगाएंगे देश के सभी धाम

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बोले कि पूरे देश को मालूम है कि भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ था लेकिन कांग्रेस को यह पता नहीं है। प्रभु राम अयोध्या में नहीं मुस्कराएंगे तो कहां मुस्कराएंगे। अयोध्या धाम आज जगमगा रहा है। देश के सभी धाम इसी तरह से जगमग होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश की सीमाएं पूरी तरह असुरक्षित थीं। घोटालों के चलते देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सशक्त हुआ है। पाकिस्तान ने दो बार गलती की तो घर में घुसकर उसे मारा गया। बहुमत के साथ सरकार आते ही कश्मीर से धारा 370 खत्म कर दी गई।

# बिल्डर और अधिकारियों की मिलीभगत से तैयार हो रही है व्यवसायिक मार्केट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-7 चौक क्षेत्र में बिल्डर और अधिकारियों की मिलीभगत से तैयार हो रहा व्यवसायिक विशाल मार्केट, शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रवर्तन जोन-7 में तैनात अवर अभियंता बिल्डरों के साथ मिलकर धुआंधार व्यवसायिक निर्माण करा रहे हैं।

विदित हुआ की नादान महल रोड स्थित वाजपाई पुरी वाले के पीछे तीन व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण में बेसमेंट सहित विशाल मार्केट बनाई गई है। एलडीए प्रवर्तन जोन-7 में अवैध निर्माण के खिलाफ नकारात्मक अभियान के बावजूद, नियम विरुद्ध तैयार अवैध निर्माण को बचाने में अधिकारियों की गुमराही दिख रही है। कुछ दिन पहले एलडीए द्वारा इसी अवैध निर्माण के पास एक अवैध निर्माण को सील किया गया था। लेकिन यह निर्माण कई शिकायतों के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा है। प्रभावशाली बिल्डर के आगे एलडीए अधिकारी बौने साबित हो रहे हैं। इस अवैध निर्माण के खिलाफ लोकप्रिय मुख्यमंत्री पोर्टल पर स्थानीय लोगों ने कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। उसके बाद भी अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंग रही।

**▸ प्रवर्तन जोन-7 में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध निर्माण**

एलडीए विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है। यह अवैध निर्माण एलडीए अधिकारियों को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है। क्या यह निर्माण सीलिंग के नाम पर किसी डील का हिस्सा है? क्या अवैध निर्माण अध्यासित होने के बाद कार्रवाई की जाएगी? फिलहाल एलडीए के सहायक और अवर अभियन्त नोटिस और पुलिस चिट्ठी के नाम पर अपना दामन झाड़ लेते हैं। और अपनी जेब में भरने में व्यस्त है। सीलिंग की कार्यवाही को ठंडा बस्ते में डाल दिया हैं।

## खबरें एक नजर में

### झूलेलाल घाट पर आज मनेगी बुद्ध पूर्णिमा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित इस बार 125वी सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर 23 मई, गुरुवार को शाम 6.30 बजे होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि बैशाख पूर्णिमा व भगवान बुद्ध जयंती पर 125वे सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाइस्कूल, इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा और नशा व अपराध मुक्त उ0प्र0 विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बुद्ध की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे। इस बार पूर्व न्यायमूर्ति एसएस उपाध्याय, न्यायाधीश मीनाक्षी, आई आर सी टी सी रेलवे के एमडी प्रशांत सिन्हा विशिष्ट अतिथि होंगे।

### युवक को बंधक बनाकर पीटा, चार पर केस, दो हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** थाना रहीमाबाद में चार युवकों ने एक युवक कोठरी में बंधक बनाकर पीटा। उसके बाल काटे, बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर 2 आरोपियों को हिरासत में लिया है। 2 अन्य की तलाश की जा रही है। पीड़ित की मां ने बताया कि उसका परिवार तिरगांवा में रहता है। उसका बेटा तल्हा अपने फूफेरे भाई फैज के साथ सोमवार की शाम घूमने गया था। गांव के ही रहने वाले तसव्वर खान, हसीन खान, और उसके 2 दोस्त मेरे बेटे से गाली-गलौच किए। वहां से अपने घर की भूसे की कोठरी में ले गए। लाठी डंडों और धारदार हथियार से मारा। मरा जानकर वहां से छोड़कर फरार हो गए। इधर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया। दो को हिरासत में लिया, 2 की तलाश की जा रही है। दोनों की कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### दो बाइक की टक्कर, चौकी प्रभारी ने पहुंचाया अस्पताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो बाइको की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों के परिजनों को सूचना देने के बाद अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उनका इलाज चल रहा हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ठाकुरगंज के न्यू विश्वास नगर में रहने वाले अजान मंगलवार रात करीब बारह बजे बाइक से जा रहा था वह अभी मेहंदी घाट के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार फहाद निवासी बरोरा हुसैनाबादी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए। मौके पर जुटी भीड़ और स्थानीय निवासियों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे गऊघाट चौकी प्रभारी अभिषेक पांडे ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से एरा अस्पताल पहुंचाने के साथ ही उनके परिजनों को सूचना दी। घायलों का इलाज चल रहा हैं।

### भारतीय पत्रकारिता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देवर्षि नारद जयन्ती (ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया) के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के ए.पी. सेन सभागार में 23 मई दिन गुरुवार को शाम 04.00 बजे देवर्षि नारद जी की वेदसम्मत नीतियां और वर्तमान भारतीय पत्रकारिता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व विश्व संवाद केन्द्र लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक उमेश उपाध्याय (नयी दिल्ली) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख (पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र) सुभाष जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार नरेन्द्र भदौरिया करेंगे।

### गैस-सिलेंडर से लदे ट्रक ने व्यक्ति को कुचला, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के तालकटोरा में बुधवार सुबह एक गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक से कुचलकर व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तालकटोरा थाना क्षेत्र के एफब्लॉक राजाजीपुरम के निवासी पूरन (48) सुबह किसी काम से ई ब्लॉक टेम्पो स्टैंण्ड के पास जा रहे थे। जहाँ एक गैस सिलेंडर वाले ट्रक की चपेट में आने से यह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पूरन को रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 03 अगस्त तक किया जा रहा है। इस लोक अदालत में उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में लंबित मामलों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण किया जाएगा।

### इज्तिमाई शादी की तैयारियां मुकम्मल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने अपने साथियों के साथ बयान में कहा कि इज्तिमाई शादियों की तैयारी मुकम्मल हो चुकी हैं। इज्तिमाई शादी निकाह के अध्यक्ष सलीम अहमद राइनी को मुबारकबाद देते हुए कहा पुराने कम्युनिष्ट और सोशलिस्ट विचारधारा के मजबूती से सम्प्रदायिक ताकतों से हमेशा कानूनी दायरे में लड़ाई लड़ी मुल्क की तरक्की खुशहाली के लिए अपना हर ऐश परस्ती धन, धरती, कुर्बान करदी और समाज में लोगों को कैसे मुक्त धारा से जोड़ा जाए उसकी कोशिश लगातार आज भी जारी है।

# समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट व अराजकता : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) तथा इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की हाल की रैलियां में फैली अव्यवस्था का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर होने के बावजूद अपने नेताओं का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जौनपुर में पार्टी उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अबकी बार 400 पार का भाजपा का नारा सुनते ही समाजवादी पार्टी की हालत खराब हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

उन्होंने फूलपुर और आजमगढ़ में सपा और 'इंडिया' गठबंधन की चुनावी रैलियों में कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच जाने की घटनाओं की तरफ इशारा करते हुए कहा, समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब कि सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं,दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ भारत का भी विरोध कर रहे हैं।

यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है। दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है। सपा-कांग्रेस नेताओं को ऐसा कहते तनिक भी संकोच नहीं होता है। रामद्रोही जातिवादी-परिवारवादी राजनीति करते हैं। यह आपको जाति के नाम पर भी लड़ाएंगे। आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारवादी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है।

### मोदी के नेतृत्व में 80 करोड़ को मिल रहा राशन

विकास व गरीब कल्याण के अनेक कार्य हो रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो 23 करोड़ पाकिस्तान वाले भूख से मर रहे हैं। पाकिस्तान का राग अलापने वालों का बोरिया बिस्तर चार जून को बांध दीजिए और कहिए कि भारत पर बोझ न बनो, पाकिस्तान जाकर भीख मांगो। आदित्यनाथ ने कहा, इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे। इन्हें लूट मचाने और सेंधमारी की छूट नहीं देना है। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। स्वतंत्र भारत में कोई भी जजिया कर नहीं देगा। उन्होंने कहा, शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि औरंगजेब जैसा कमबख्त पुत्र किसी का न हो। औरंगजेब का जजिया कर हिंदुओं पर लागू होता था। सपा-कांग्रेस के गठबंधन में घुसी औरंगजेब की आत्मा को बेनकाब करना है। जौनपुर में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत आगामी 25 मई को मतदान होगा।

# दबंगों के चंगुल से पुलिस खाली नहीं करा पाई वृद्धा की जमीन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत बालागंज जलनिगम रोड पर दबंगों ने एक वृद्धा की जमीन पर कब्जा कर लिया। वृद्धा के विरोध किए जाने पर आरोपी उसे धमकाने लगे। इसके बाद वृद्धा ने पुलिस आयुक्त से मदद की गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने जमीन दस्तावेजों की जांच कराई तो वह संपत्ति वृद्धा की निकली। बावजूद इसके पुलिस ने दबंगों के चंगुल से जमीन खाली नहीं करा सकी। उसके बाद वृद्धा ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

बाजारखाला थाना अंतर्गत भदेंवा निवासी डेयरी संचालक मोहम्मद हनीफ संयुक्त परिवार में रहते हैं। लिखित शिकायत में डेयरी संचालक ने बताया कि 2020 में मां बन्नो ने बालागंज जलनिगम रोड पर एक प्लॉट खरीदा था। जिस पर उनकी मां का मालिकाना हक है और जमीन का सम्पूर्ण ब्यौरा सरकारी अभिलेखों में भी दर्ज है। उनका आरोप है कि एक वर्ष बाद इस्तियाक, ईदरीश अहमद, शकीला, नौशी, सावित्री, परवेज और शक्कू ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। भनक लगने पर पीड़िता ने जमीन खाली करने का दबाव बनाया तो वह धमकाने लगे। इसके बाद पीड़िता ने तत्कालीन पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर से मदद की गुहार लगाई। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने सम्पति का ब्यौरा खंगाला तो अभिलेखों के अनुसार जमीन पर वृद्धा का मालिकान हक मिला। इसके बाद पुलिस ने पुलिस आयुक्त को जांच रिपोर्ट सौंप दी। पीडिता ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने दबंगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई नहीं की। उसके बाद पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस पोर्टल, राज्यपाल समेत अन्य अधिकारियों से मदद मांगी। बावजूद इसके दबंगों ने जमीन खाली नहीं की। जिसके बाद वृद्धा ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

**▸ वृद्धा ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर की इच्छा मृत्यु की मांग**

# उड़नदस्तों ने बरामद की अवैध शराब, नकदी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 मई तक 49267.08 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये।

इसमें 9186.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 5489.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23777.09 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2412.74 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5567.16 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2834.27 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 21 मई को 6290.20 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 5750.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 30.30 लाख रुपये कीमत की 11555.53 लीटर शराब, 212.42 लाख रुपये कीमत की 20284.22 ग्राम ड्रग, 118.50 लाख रुपये कीमत की 1700 ग्राम बहमूल्य धातु, 153.66 लाख रुपये कीमत के 417643 मुफ्त उपहार एवं 24.53 लाख रुपये कीमत की 1093 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।16 मार्च से 21 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,01,411 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,33,453 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9830 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9916 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 581 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5008 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 186 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 मई को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13,025 लोगों को पाबन्द किया गया।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री, 147 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,73,43,491 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,07,08,404 तथा निजी स्थानों से 66,35,087 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,19,389, पोस्टर के 48,42,713, बैनर के 29,60,401 एवं अन्य 16,85,901 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,46,253, पोस्टर के 30,78,535, बैनर के 16,77,574 एवं अन्य 9,32,725 मामलों में कार्यवाही की गयी। बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी।



**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और सॉफ्टफ्लू टेक्नोलॉजीज ने एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।**

### कार से भाग रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक पकड़ा, दूसरा फरार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में बुधवार को पुलिस मुठभेड़ के बाद एक हिस्ट्रीशीटर घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपराधी की पहचान नितिन कुंडी के रूप में हुई। हालांकि उसका साथी शेखर कौशल भागने में सफल रहा। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, नितिन कुंडी के चिनहट के देवा रोड पर आने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उनकी कार रोकने की कोशिश की लेकिन उन्होंने स्पीड बढ़ा दी और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और नितिन कुंदी को गोली लग गयी। नितिन कुंडी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और बदमाशों की कार से 32 बोर की पिस्टल और कई कारतूस के खोखे बरामद किए। बताया जा रहा है कि पुलिस अब नितिन कुंडी के साथी की तलाश कर रही है। नितिन कुंडी के खिलाफ8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफपहला मामला 2017 में चिनहट पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। उसके बाद 2022 में उनके खिलाफहत्या के प्रयास के एक और मामले के अलावा एससी, एसटी के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मत्स्य पालन व पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध विषयक कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एनबीएफजीआर के तत्वावधान में मत्स्य पालन और पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना की लॉन्च कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोगाणुरोधी प्रतिरोध एएमआर जिसके कारण संक्रामक रोगों के उपचार के दौरान रोगाणुरोधी औषधियां अप्रभावी हो जाती हैं।

वैश्विक रूप से जीवों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का विषय है। स्वास्थ्य सुविधाओं और खाद्य उत्पादन क्षेत्र में एएमआर का प्रसार एक चुनौती है। मत्स्य पालन और पशुधन में एएमआर की स्थिति का पता लगाने के लिए नई दिल्ली में मत्स्य पालन और पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना एआईएनपी एएमआर शुरू की गई है जिसका उद्घाटन नई दिल्ली स्थित एनएएससी काम्प्लेक्स में आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने 22 मई को परियोजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ.जेके जेना उप महानिदेशक मत्स्य विज्ञान भाकृ अनुप डॉ.अशोक कुमार, एडीजी पशु स्वास्थ्य, भाकृअनुप परियोजना के सह-समन्वयक डॉ. उत्तम कुमार सरकार निदेशक भाकृअनुप-एनबीएफजीआर की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में भाकृअनुप के पशु विज्ञान और मत्स्य प्रभाग, एफएओ-इंडिया के अधिकारियों, प्रधान अन्वेषकों और नेटवर्क परियोजना के सह-प्रधान अन्वेषकों ने भाग लिया।

**कीर्तिमान** — वित्तीय वर्ष 2024 में राज्य उपयोगिता में 6,993 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइनों का किया गया विस्तार

# देश में ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर काबिज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। पिछले वर्ष पीक आवर में देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्य का दर्जा प्रदेश को मिला, इस बार प्रदेश ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में पूरे देश में शीर्ष पर काबिज हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2024 में राज्य उपयोगिता में 6,993 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों का विस्तार किया गया, जो कि निर्धारित लक्ष्य 11,002 सर्किट किलोमीटर के सापेक्ष 64 प्रतिशत है। अधिकांश वृद्धि 220 केवी लाइन की श्रेणी में हुई। पूरे देश में राज्य उपयोगिता द्वारा की गई ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में यूपीपीटीसीएल का योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है, जो कि देश में सर्वाधिक है। इसी क्रम में दूसरे स्थान पर गुजरात की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। इस कार्य में तमिलनाडु तीसरे आंध्र प्रदेश चौथे और बिहार पांचवें स्थान पर है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में राज्य ट्रांसमिशन उपयोगिताओं द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार के मामलों में पूरे देश में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। वित्तीय वर्ष 2024 में राज्य उपयोगिता में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 220 केवी या उससे ऊपर की 1,460 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें विस्तारित की गई।


यह किसी भी अन्य राज्य द्वारा प्रात की गई उपयोगिता की उपलब्धि से अधिक है। राज्य उपयोगिता रैंकिंग में गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड दूसरे स्थान पर है, जिसने वित्तीय वर्ष 2024 में 898 सर्किट किलोमीटर लाइन का विस्तार किया। 2024 में यूपीपीटीसीएल ने 220 केवी की डबल-सर्किट की एक महत्वपूर्ण लाइन को भी चालू किया, जो कि महाराजगंज सबस्टेशन से पीगीसीआईएल के 400 केवी गोरखपुर सबस्टेशन तक 174 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित थी।

उत्तर प्रदेश में यूपीपीटीसीएल द्वारा जल्द ही एक और महत्वपूर्ण 400 केवी की डबल-सर्किट की ट्रांसमिशन लाइन को चालू करने की संभावना है, जो कि 478 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित है, अर्थात् यह लाइन अलीगढ़ से शामली तक विस्तारित है। इसको मूलरूप से जुलाई 2023 (वित्त वर्ष 24 में) तक चालू होने की उम्मीद थी। इस लाइन को बनाने के लिए सभी 737 टावर को खड़ा कर दिया गया हैं, मार्च 2024 के अंत तक स्ट्रिंगिंग का काम लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2023 में भी यूपीपीटीसीएल ने राज्य उपयोगिता के 1036 सर्किट किलोमीटर लाइन के लक्ष्य को पार करते हुए 1,447 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनो का विस्तार कर राज्य उपयोगिता में उच्चतम स्थान प्राप्त किया था।

वहीं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने निर्धारित लक्ष्य 829 सर्किट किलोमीटर से अधिक 914 सर्किट किलोमीटर लाइन का विस्तार कर दूसरा स्थान पर रहा। कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन ने 617 सर्किट किलोमीटर लाइन के विस्तार के साथ तीसरे स्थान पर था। 2023 में राज्य उपयोगिता में कुल 6,816 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों का विस्तार किया गया था, जिनमें से 75 प्रतिशत 220 किलोवोल्ट श्रेणी में थीं।

# लोकसभा चुनाव में पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर उठ रहे सवाल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




जिले में 20 मई 2024 को संपन्न हुए लोक सभा चुनाव में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वहीं 16 मई 2024 को जिलाधिकारी गोंडा के हवाले से सूचना विभाग गोण्डा द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति जिसमें स्पष्ट लिखा था कि बूथ के अन्दर मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध है। यह निर्देश भी हवा हवाई साबित होता नजर आया। जो लोगों में चर्चा का विषय बना है।

उदाहरण के तौर पर जिले में कई मामले प्रकाश में आये। 20 मई को 9:00 बजकर 30 मिनट पर 30 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आवाज आ रही है कि सपा का वोट भाजपा के एजेंट पिंटू सिंह प्रधान ने भाजपा के पक्ष में डलवा लिया। जिसका वीडियो वायरल है। हालांकि डीएम से शिकायत के बाद मतदाताओं का मतदान हुआ। वहीं अहिरौरा निवासी राजकुमार सिंह ने कर्नलगंज कोतवाली में तहरीर दिया है। कहा है कि सदर विधायक भाजपा प्रतीक भूषण शरण सिंह ने मतदान केन्द्र में जबरदस्ती घुसकर अपने लोगों को मत डालने को कहा तथा वहां मौजूद लोगों को धमकाकर भगा दिया। राजकुमार सिंह के विरोध पर विधायक ने गनर का गन लेकर उस के बट से राजकुमार सिंह के मुंह पर मारा जिससे उनके आंख व होंठ पर चोटें आई आई हैं। राजकुमार सिंह ने तहरीर में कुछ ज्ञात कुछ अज्ञात लोगों का नाम भी लिखा है। गोंडा सदर विधायक और कैसरगंज वि.स. अध्यक्ष के बीच मारपीट होने का मामला जिले में चर्चा का विषय बन बन चुका है।

(1) बता दें कि स्मार्ट विधायक नामक आईडी से बूथ के अंदर का एक वीडियो फेसबुक पेज पर अपलोड किया गया, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा कमल फूल का बटन दबाया जा रहा है। वीडियो अपलोड के साथ लिखा गया है– आ रहा है! शेर मेरा सच्चे दिल से अभिनंदन है अभिनंदन!! जिसमें 502 लाइक 57 कमेंट्स 04 शेयर है। (2) चंद्रभान वर्मा की आईडी से 19 सेकेंड का विडियो अपलोड हुआ जिसमें साईकिल का बटन दबाया जा रहा है। (3) देवेंद्र कुमार तिवारी एक वीडियो अपलोड किये हैं जिसमें वीवीपीएटी m- 3 पर कमल फूल दिख रहा है। जिसमें पांच कमेंट्स हैं और 596 बार देखा गया। (4) वी एक्सप्रेस1 की प्रोफाइल से एक वीडियो अपलोड है,जिसमें कमल की बटन दबाई जा रही है। साथ ही उस पर लिखा गया है कैसरगंज से सांसद बनना है करण भैया को जिताना है। (5) काली प्रसाद की प्रोफाइल से फेसबुक स्टोरी पर एक वीडियो अपलोड हुआ है जिसमें कमल का फूल दिख रहा है वीवीपैट के साथ। (6) रविंद्र सिंह रैकवार के फेसबुक स्टोरी से VV PAT M - Px से जय करन भैया विजयी भवः अपलोड किया गया है। (7) आनंद पाण्डेय ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर कमल का बटन दबाते हुए वीडियो अपलोड किया है। (8) विपुल सिंह ने कमल का वीडियो अपने प्रोफाइल स्टोरी पर अपलोड की है। साथ ही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेहनौन विधानसभा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बेलहरी मतदान केंद्र 226 में बीते डेढ़ घंटे से मतदान बाधित हुआ। जहाँ सैकड़ों की संख्या में मतदाताओं को पीठासीन अधिकारी ने पर्ची बाँट दी थी। जिससे मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लगी लंबी कतार थी। टाइम ओवर होने के बाद मशीन लॉक हुई जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई उसके बाद मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पहुंच कर बंद मशीन को फिर से चालू कराया और फिर वोट पड़ना शुरू हुआ। बता दें कि यह तो सिर्फ बानगी मात्र है बाकी सोशल मीडिया खंगालने पर पता चल सकता है।

# योगाचार्य ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

प्रेरणा पार्क में योगाचार्य सुधांशु द्वारा अथर्व श्रीवास्तव को 98% आईसीएसई बोर्ड से लाने पर सम्मानित किया गया।

अथर्व श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव जो केंद्रीय विद्यालय में मैथमेटिक्स के लेक्चरर हैं मां रुचि श्रीवस्तव तथा डॉ राजेश श्रीवास्तव के भतीजे है। जिसमें योग प्रशिक्षक एवं योग से जुड़ी महिलाओं ने भी भाग लिया तथा अथर्व को भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की प्रतिमा भेंट की गई तथा महिलाओं द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया योगाचार्य सुधांशु द्वारा भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा ले कर आगे बढ़ने का सभी ने आशीर्वाद दिया डाक्टर राजेश श्रीवास्तव द्वारा योगाचार्य सुधांशु जी एवं सभी का आभार जताया।

# मामूली बात पर खूनी संघर्ष, तीन घायल

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में मामूली सी कहासुनी ने उस समय बड़ा खतरनाक रूप ले लिया,जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घात लगाकर बांका से प्राणघातक हमला बोल दिया। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिये रेफर किया गया है। मामले की सूचना कोतवाली में दी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम रेंवारी भितिहा में मंगलवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। कोतवाली इलाके के ग्रामपंचायत रेंवारी में किसी कार्यक्रम में भितिहा निवासी हीरालाल गोस्वामी व महादेव गोस्वामी पुत्र देवीप्रसाद गोस्वामी व कार्तिक गोस्वामी पुत्र महादेव गोस्वामी शामिल होने के लिए गए थे। तभी वहाँ पर पहले से मौजूद गाँव के ही निवासी विनोद गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, रामलखन तथा वीरू आदि से किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने बड़ा हिसंक रूप ले लिया। जहाँ धारदार हथियारों से लैस होकर एक पक्ष ने दूसरे पर हमला कर दिया। गांव वालों के हस्तक्षेप पर? किसी तरह मामला शांत हुआ, लेकिन तब तक हीरालाल गोस्वामी व महादेव गोस्वामी तथा कार्तिक गोस्वामी गंभीर रूप से घायल होकर गिर गये। गांव वालों ने किसी तरह से घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर इमरान मोइद ने सभी का इलाज किया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में हीरालाल की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि उन्हें गोंडा से लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। पीड़ित परिजन का कहना है कि विनोद गोस्वामी शातिर अपराधी है व कर्नलगंज थाने में होमगार्ड भी है,जिसकी वजह से अभी तक विनोद गोस्वामी पर थाने की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि घटना संज्ञान में है और पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है।

# बम से घर गिराने से थर्राया क्षेत्र, तीन लोग घायल

- तोड़फोड़ कर जमकर लूट-पाट, मुकदमा दर्ज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार की बीती रात उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के पूरे डाल में एक व्यक्ति के घर 20 से 25 लोग लाठी डंडा हथगोले से हमला बमबाजी कर मकान के छत को उड़ा दिया जिससे दीवाल भरभरा कर गिर गयी। जिससे कमरे में रखा फ्रिज,टीवी,कूलर बेड व अन्य घरेलू सामान नष्ट हो गए। इसके बाद पड़ोसी मेहीलाल के घर मे घुस कर महिलाओं बच्चों को बाहर निकालकर जमकर मारापीटा और लूटपाट की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया दर्जनो मोटर साइकिलों और एक बोलेरो वाहन से 20-25 लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर लाठी डण्डा और अन्य हथियारों को लहराते हुए पूरे गांव को घेर लिया। पीड़ित परिवार के सदस्य जब बाहर निकले तो सबकी पिटाई व लूटपाट किये जिससे कई लोग घायल हो गये।जिसमे गम्भीर रूप से घायल मिट्ठू लाल और गुड्डा देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है। मामले में मेहीलाल के तहरीर पर संतोष कुमार पासवान, राम लगन, राम करन पुत्रगण गयादीन, रितेश पुत्र संतोष कुमार व दर्जनो मोटर साइकिल सवारों, एक बोलेरो पर सवार 20-25 लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास, विस्फोटक अधिनियम, बलवा सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# स्काउट गाइड ने रेल यात्रियों को पिलाया पानी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला संघ अध्यक्ष डॉक्टर एस. के. मिश्रा, मुख्य जिला आयुक्त आशीष कुमार मद्धेशिया जिला आयुक्त (स्काउट) गिरीश सिंह, जिला आयुक्त (गाइड) नीलम सिंह तथा गांधी विद्यालय इण्टर कॉलेज, रेल कैम्पस के प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी जी के संयुक्त निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे गोंडा स्टेशन पर संस्था के स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा रेल यात्रियों के लिए निशुल्क पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

जिला संध गोण्डा के जिला सचिव प्रकाश ठाकुर ने बताया कि यह सेवा कार्य 11 दिनों तक चला। जिसमे संस्था के दो दर्जन से अधिक सदस्यों मे स्काउट अनुभाग से योगेश मौर्या, मनीष कुमार, प्रवीन कुमार, अर्जुन वर्मा, अमन कुमार, सूरज कश्यप सर्वनीत, अंशु सोनू किशन, चंद्रप्रकाश आकाश पाठक, आशुतोष, आकाश उपाध्याय व गाईड विंग से नैना, महक, बानो, रूपा, लक्ष्मी गौतम, प्रियंका सोनकर, अर्चना विश्वकर्मा, आराधना विश्वकर्मा, ट्विंकल द्विवेदी आदि ने सेवा परम धर्म के उद्देश्य का पालन करते हुऐ रेल यात्रियो को पिलाया पानी जिसकी प्रसंशा लोगो ने खूब किया।

## खबरें एक नजर में

### वैगनआर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बाराबंकी निवासी एक युवक मंगलवार को बाइक से अपने ससुराल रिसिया आ रहा था। लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र में बाइक को वेगनआर वाहन ने टक्कर मार दी। रात को युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।बाराबंकी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के सरवा गांव निवासी बबलू (30) का विवाह बहराइच जिले के रिसिया थाना क्षेत्र से हुआ है। इस समय बबलू की पत्नी और बच्चे रिसिया में है। जिसके चलते बबलू मंगलवार को बाइक से अपनी ससुराल के लिए रवाना हुआ। बाइक सवार युवक लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर के पास पहुंचा। तभी वैगन आर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में रात 9.30 बजे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जानकारी होने पर ससुराल के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। वहीं बाराबंकी के रहने वाले और जिले में तैनात एसके वर्मा भी पहुंचे।

### रस्सी से तार बांधकर की जा रही विद्युत आपूर्ति



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते क्षेत्र में रस्सी से तार बांधकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे किसी भी समय कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। मामला तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कुतुबपुर के मजरा दूबे पुरवा के पास का है। यहां सड़क के किनारे स्थापित ट्रांसफार्मर से गांव को जाने वाली विद्युत लाइन के तार को रस्सी से बांधकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जो खतरे से खाली नही है। लेकिन विभागीय जिम्मेदार इस समस्या पर ध्यान नही दे रहे हैं। विद्युत विभाग अवर अभियंता पवन कुमार ने बताया की यह केवल कुतुबपुर गांव की समस्या नही है। इस तरह कई गांवों की समस्या है,सर्वे कराया गया है और पोल स्थापित करके पोल के बीच की दूरी कम करके समस्या का समाधान कराने की तैयारी चल रही है।

### आर्म्स एक्ट में एक को भेजा गया जेल

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना देवा पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया है।जानकारी के अनुसार थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राजन रावत पुत्र राजमल निवासी ग्राम माती थाना देवा को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवा पर मुअसं 318/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### पॉक्सो का वांछित गिरफ्तार



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना देवा पुलिस द्वारा 1 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 319/2024 धारा 376 भादवि व 5एम/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय कुमार गौतम पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम पीड़ थाना देवा को गिरफ्तार किया गया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

- समर्थकों ने सेवा-भाव से रक्तदान कर अपने नेता का अनोखे तरीके से मनाया जन्मदिन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




सपा नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के 46 वें जन्मदिन पर उनके आवास पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी व जिला कोषाध्यक्ष सपा अब्दुल मन्नान के नेतृत्व मे तमाम युवा साथियों व समर्थकों ने सेवा-भाव से रक्तदान कर अपने नेता का जन्मदिन अनोखे तरीके से मनाया। सपा नेता अब्दुल मन्नान ने बताया कि मजलूमों व जरूरतमंदों की आवाज़ हम सबके नेता यासर शाह का जन्मदिन इस बार कुछ खास तरीके से मानने का संकल्प लिया गया था, इसी क्रम मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान है इससे कई लोगो की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने समाजवादी पार्टी को जनता के हितों के लिए सदैव समर्पित रहने वाली पार्टी है बताया।इस रक्तदान शिविर मे जिला उपाध्यक्ष उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामजी यादव, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेशवर यादव, मिज्जन खान, अमरेश यादव, हारिश हलीम, अहद खान, फैज सिद्दीकी, सोएब पूर्व सभासद, दुर्गा यादव, हारून, बबलू रॉयल, सत्यम बाजपेयी, रिजवान खान, कमरान मुबारक सहित तमाम साथियों ने रक्तदान किया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में किशोरी समेत तीन की मौत, दो घायल

- मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- कोतवाली नानपारा व कोतवाली देहात मे हुआ हादसा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। जिसमें किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत हुलासपुरवा पतरहिया गांव निवासी प्रेम चंद (50) पुत्र मेवालाल बुधवार सुबह बाइक से दवा लेने के लिए जिला मुख्यालय जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के नानपारा बहराइच मार्ग पर चीनी मिल के निकट बाइक सवार को सुबह छह बजे ट्रक संख्या यूपी 54 टी 3206 ने ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक के पुत्र राम पाल ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। देहात कोतवाली के सरदारपुर निवासी 70 वर्षीय सत्य मगन पुत्र बाबू राम मंगलवार रात साईकल से चित्तौरा बाजार दवा लेने आए थे। उन्हे तेज रफ्तार बाइक सवार टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को आनन फानन मे आसपड़ोस के लोगों ने एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा। घायल के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी गई। इलाज के दौरान घायल की सांसे थम गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मार्च्युरी में रखवाया है। उधर देहात कोतवाली के नगरौर निवासी भूपत, उनकी 12 वर्षीय बेटी शिवांशी, दयाराम, उनकी पत्नी पूनम मंगलवार रात अयोध्या से ट्रेन से बहराइच आए। सभी लोग पैदल गांव जा रहे थे। दुनक्का के पास तेज रफ्तार वाहन शिवांशी, पूनम, भूपत को टक्कर मारते हुए चालक वाहन सहित फरार हो गया। शिवांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। अन्य आंशिक चोटहिल हुए। आसपड़ोस के लोगों ने एम्बुलेंस मंगाकर घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। शिंवाशी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मार्च्युरी में रखवाया है।

### साधन न मिलने पर जा रहे थे पैदल

मृतक किशोरी के पिता भूपत ने बताया की सभी लोग अयोध्या दर्शन करने के लिए गए हुए थे और वापस ट्रेन से बहराइच जाए। फिर साधन न मिलने के कारण पैदल ही सभी लोग अपने घर के लिए निकले जैसे ही दुनक्का के पास पहुंचे। तभी तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे दो लोग चोटिल हो गए। जिसमें शिवांशी की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं पूनम पत्नी दयाराम को हल्की-फुल्की चोट आई हैं।

# चोरी की डीसीएम सहित 84 पाइप बरामद, एक गिरफ्तार

- चेकिंग के दौरान फखरपुर पुलिस ने पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



फखरपुर पुलिस ने चोरी का डीसीएम और 84 प्लास्टिक के पाइप बरामद किए। चोरी में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य फरार की तलाश पुलिस कर रही है.गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलांव कृपापुरवा निवासी हरिगोबिन्द सिंह पुत्र सत्यभान सिंह ने 19 मई को फखरपुर थाने में नसरूल्ला पुत्र सुमान उल्ला निवासी ममुहरि हलधरमऊ थाना कटरा बाजार, ज्ञानेन्द्र उर्फ सिताशू पुत्र राघवेन्द्र सिंह निवासी सिंहपुर थाना हुजुरपुर और राजू पुत्र मुस्तफा निवासी बुलहा हरिहरपुर थाना रानीपुर के विरुद्ध डीसीएम और समान चोरी करने का केस दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जल्द घटना के खुलासे का निर्देश पुलिस को दिया।थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय की अगुवाई में उप निरीक्षक अमित गुप्ता, एसआई मानिकराज यादव, हेड कांस्टेबल ओंकार सिंह, अभयनन्दन और सिपाही दिग्विजय चौधरी की टीम बुधवार को भकला चौराहे पर आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान नसरूल्ला पुत्र सुभान उल्ला निवासी मगुहरि हलधर मउ थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा के कब्जे से चोरी की टाटा डीसीएम क्र40 बीटी 3011 पर लदी 84 पाईप कीमत लगभग 10 लाख रूपये बरामद कर लिया गया। जिसको पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव के लिए जिले से रवाना हुए 660 होमगार्ड जवान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज से बुधवार को 660 होमगार्ड जवानों का दल छठे और सातवें चरण के चुनाव के लिए रवाना हुआ। सभी सुल्तानपुर और मऊ में चुनाव करवाकर, वापस आ जायेंगे।लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान सुल्तानपुर और सातवें चरण का चुनाव मऊ जिले में होना है। इसके लिए बुधवार शहर के महाराज सिंह इंटर कालेज से बुधवार को होमगार्ड जवानों का दल सुल्तानपुर के लिए रवाना हुआ। जिला होमगार्ड कमांडेंट ताज रसूल ने हरी झंडी दिखाकर जवानों को बसों से रवाना किया। उन्होंने बताया कि कुल 15 बसों से जिले के 660 होमगार्ड जवान सुरक्षा के लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर में छठे और सातवें चरण में मऊ में चुनाव करवाकर सभी जवान वापस आ जायेंगे।

# दर्जनों गांवों की बिजली गुल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- नई केबिल न लगाकर जुगाड़ के सहारे की जा रही थी विद्युत आपूर्ति

जरवलरोड विद्युत उपकेन्द्र के घाघराघाट फीडर पर कुडवा पुल के पास रेलवे लाइन के नीचे से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन की केबिल दग जाने से 20 गांवों की विजली गुल हो गयी। विजली विभाग की लापरवाही का दंश उमस भरी भीषण गर्मी में हजारों विजली उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है।विभागीय लापरवाही से विजली उपभोक्ताओं में लोगों में आक्रोश व्याप्त है।33/11 विद्युत उपकेन्द्र जरवलरोड के घाघराघाट फीडर में कुडवा पुल के नीचे से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन की केबिल बुधवार दिन में करीब दो बजे दग गयी। केबिल दगने से घाघराघाट फीडर के तप्पेसिपाह, अटवा, झुकिया, कसमढा, घूरनपुर, बरखण्डी पुरवा, रेवढा सहित 20 गांवो की विजली आपूर्ति ठप हो गयी।

उमस भरी भीषण गर्मी में हजारों लोगों को विजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा उठाना पड़ रहा है,जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पन्द्रह दिन पहले दगी हाइटेंशन केबिल को जुगाड़ के सहारे सही करके आपूर्ति बहाल कर दी गयी थी। विभाग द्वारा नयी केबिल न लगाने से पन्द्रह दिन में दूसरी बार कई गावों की आपूर्ति ठप हो गयी।इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी कैसरगंज राम गोपाल पाल को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नही उठाया।

### जुगाड़ से की जा रही थी विद्युत आपूर्ति

पन्द्रह दिन पहले रेलवे की तीसरी लाइन निर्माण के चलते रेलवे लाइन के नीचे से गुजर रही 11 हजार की हाइटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी और करीब 20 घण्टे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। नई केबिल न लगाकर जुगाड़ के सहारे 20 घण्टे बाद आपूर्ति बहाल कर दी गयी थी।

# कैसरगंज में महिलाओं ने जमकर की वोटिंग, प्रचार-प्रसार आया काम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कैसरगंज सीट के लिए सोमवार को आयोजित मतदान में महिलाओं ने जमकर मतदान किया है। इसका नतीजा है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से अधिक मतदान इस बार हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में अपराजिता सामाजिक समिति के सहयोग से कैसरगंज विकास खंड में ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना चलाई जा रही है। जिसमें महिलाओं को उनके हक अधिकार तक पहुंच बनाने हेतु शसक्त किया जा रहा है। कैसरगंज लोकसभा सीट के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर में 57.39 प्रतिशत तथा 288-कैसरगंज में 56.61 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

# आउट ऑफ सीजन खाद बिक्री का देना होगा हिसाब

- बिना खतौनी व पास मशीन से मिलान न होने पर निरस्त होगा लाइसेंस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में आउट ऑफ सीजन में भी जिप्सम और यूरिया की बिक्री बढ़ गई है। ऐसे में इस सीजन में खाद की अधिक बिक्री कई सवाल खड़ी कर रही है। इसको देखते हुए कृषि विभाग की ओर से स्टॉक और बिक्री राजिस्टर का मिलान किया जायेगा। अगर खाद की तस्करी नेपाल में मिला तो दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। कृषि बाहुल्य जनपद में इस समय खेतों में धान और अन्य फसलों की बोआई नहीं है। बल्कि किसान खेतों में खर पतवार नष्ट करने के लिए उसे ऐसे ही छोड़ रखा है। इसके बाद भी जिप्सम, यूरिया, पोटाश समेत अन्य खाद की बिक्री तेजी से हो रही है। खाद की खरीद फरोख्त कई सवाल खड़े कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि भारतीय खाद्य नेपाल में बेची जा रही है। इसको देखते हुए सीमा से सटे क्षेत्रों में संचालित हो रहे खाद की दुकान का स्टॉक और बिक्री रजिस्टर का मिलान किया जायेगा।अगर खाद की बिक्री मिली और उसका अंकन नहीं मिला तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी। कृषि विभाग को अंदेशा है कि सीमा से सटे इलाकों के दुकानदारों ने नेपाल से आने वाले लोगों को खाद बेच दी है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि अगले सप्ताह से खाद बिक्री की मिलान राजिस्टर और पास मशीन से की जायेगी। अगर खाद बिक्री की मिलान नहीं हुई तो संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।


### इन क्षेत्रों में आउट ऑफ सीजन बिकी खाद

जिले के विकास खंड मिहीपुरवा, नवाबगंज, रूपईडीहा, सुजौली क्षेत्र में काफी मात्रा में खाद बिक गई। जबकि यह समय बोआई का नहीं है। अभी धान और नर्सरी की बुआई के लिए लगभग एक से डेढ़ माह का समय है।

# हार का डर या जीत की खुमारी राजीव गांधी की पुण्यतिथि भूले कांग्रेसी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आखिर क्यों भूल गए अपने ही नेता की पुण्यतिथि महराजगंज क्षेत्र के कांग्रेसी नेता कहने को तो बड़ी-बड़ी बातें और डींगे हांकने में पीछे नहीं है लेकिन 20 तारीख को रायबरेली में हुए मतदान के बाद 21 तारीख को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे राजीव गांधी की पुण्यतिथि मानना कांग्रेसी नेताओं ने मुनासिब नहीं समझा ।जहां एक ओर लोकसभा के चुनाव में अगर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ना होते तो कांग्रेस के कार्यकर्ता कहीं ढूंढने से भी नजर नहीं आ रहे थे वही कहने को महराजगंज क्षेत्र में सोशल मीडिया प्रभारी से लेकर कांग्रेस उपाध्यक्ष तक रहते हैं लेकिन राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर इन नेताओं द्वारा कहीं पर किसी प्रकार का कोई कार्यक्रम ना करना जनता के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है आखिर हार का है डर या फिर जीत की खुमारी यह बात लोगों के बीच में चर्चा का विषय बनी हुई है कि भारत के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी की पुण्यतिथि आखिर कांग्रेसी नेताओं ने क्यों नहीं मनाई नगर अध्यक्ष हो चाहे फिर कांग्रेस के बड़के नेता सभी चुनाव के बाद थकान मिटा रहे थे या अपने नेता को भूल गए दो 3 दिन पहले राहुल गांधी प्रियंका गांधी जिले में कांग्रेसी नेताओं की जगह-जगह रैलियां और जनसभाएं लगती थी भला हो इंडिया गठबंधन का जिसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचकर कांग्रेस के नेताओं को संजीवनी देने का काम कर रहे थे।





### जमीन पर नहीं दिखते कांग्रेसी कार्यकर्ता

रायबरेली जिले में क्यों बंटाधार है कांग्रेस सांसद को छोड़कर न विधानसभा में कोई विधायक है और न बचे हैं रायबरेली में कार्यकर्ता क्योंकि जो कार्यकर्ता है वह केवल ऐसी रूम में और चुनाव के समय कहां से कितना आया यही गणित लगाने में अपना समय निकाल देते हैं।

जमीन पर नहीं दिखते कांग्रेसी कार्यकर्ता अगर समाजवादी पार्टी से कांग्रेस का गठबंधन न हुआ होता तो रायबरेली में कांग्रेस की क्या स्थिति होती यह किसी से छिपी नहीं है राहुल और प्रियंका गांधी के सहारे कुछ नेता चला रहे हैं अपनी दुकान और जनता के कार्यों से बने हुए हैं बिल्कुल अनजान।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिला से की मारपीट

- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गांव के ही दबंग ने महिला को घर में घुसकर पीटा और की दुष्कर्म करने का किया प्रयास मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत 18 चौकी क्षेत्र के पूरे मझरिया अतौरा का है जहां पर इस गांव का एक व्यक्ति नन्नू पुत्र जिंदगी महिला के घर गया और शराब पीने के लिए गिलास मांगा महिला ने उससे कहा मैं घर में अकेले हूं और आप मेरे घर से चले जाएं तब उसे दबंग व्यक्ति ने महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया जब पीड़ित महिला ने इसका विरोध किया बगल में पड़ी लाठी से उसके पैर पर वार कर दिया जिस महिला को गंभीर छोटे आई महिला चिल्ला कर घर से बाहर निकली तब पास पड़ोस के लोगों ने उसको बचाया पीड़ित महिला लिखित तहरीर देकर थाना गुरबख्श गंज और अटौरा चौकी में न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसकी कहीं भी सुनी नहीं गई। पीड़िता पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर अपनी आपबीती बताई और पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया की गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखकर उसे व्यक्ति को जेल भेजा जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### लड़की को भाग ले जाने के संबंध में दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कर भाग ले गए तथा वादी के साथ गाली गलौज करते हुए हमलावर होना तथा जान से मारने की धमकी दी ।वहीं कोतवाली पुलिस ने रोहित पुत्र श्याम निवासी पुरे चरी मजरे पहाड़पुर थाना महाराजगंज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है।

### मार्ग दुर्घटना में दो की मौत, तीन की हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के रहने वाले परिवार के 2 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। तीन की हालत गंभीर है। हादसा उन्नाव के औरास थाना इलाके में हुआ। खड़ी रोडवेज बस से कार टकरा गई। परिवार दिल्ली से लौट रहा था। लखनऊ के दुबग्गा निवासी लुकमान अली अपने परिवार की 1 बेटी और 2 महिलाओं को साथ लेकर 2 दिन पहले दिल्ली गए थे। साथ में ड्राइवर मारूफभी था। दिल्ली से लौटते समय हादसे में 2 की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद लोगों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार में सवार थे पांच लोगकार में पांच लोग सवार थे। हादसे की जानकारी के बाद यूपीडा रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच कर घायलों को बाहर निकाला। औरास सीएचसी पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने लुकमान और मारूफको मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शबीना पत्नी लईक, रुही पुत्री आसिद व महर जहां पत्नी आसिद को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### पत्नी से विवाद हुआ, पति ने खुद को लगाई आग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाले दंपति में बुधवार की दोपहर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद आवेश में आकर पति ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया और आग लगा ली। आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव के रहने वाले मुन्नू का छत्तीस वर्षीय बेटा विमल बुधवार की दोपहर घर पर मौजूद था। इस दौरान पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बात और बढ़ी तो दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद पति आवेश में आ गया और घर में रखें ज्वलनशील पदार्थ को उठाकर खुद पर छिड़क लिया और आग लगा ली। आग से जलता देख घर में मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उधर गंभीर रूप से झुलसा जाने के कारण वह जमीन पर गिर गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। बांगरमऊ थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है जांच की जा रही है।

### ताबड़तोड़ फाल्टों से चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जनपद में ओवरलोड होने के कारण नगर के कई मोहल्लों में ताबड़तोड़ फाल्ट हो गये। जिस कारण नगर की घंटों बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं अंबिका पुरम में एबीसी केबिल डालने के चलते चार सौ घरों की सप्लाई बंद रखी गई। वही राजधानी मार्ग पर रखे ट्रांसफार्मर में ओवरलोड के चलते फूंक गया। चंपापुरवा में ओवरलोड के कारण 100 केवीए ट्रांसफार्मर में फिर से खराबी आ गई, जिसको ठीक किया गया था। ट्रांसफार्मर से एक फेस की सप्लाई बंद रहने से आधा सैकड़ा घरों की बिजली आपूर्ति बंद रही। इसी तरह पोनी रोड रविदास पार्क के पास एक पोल में करंट उतरने के कारण दर्जनों घरें की सप्लाई बंद रखी गई। उधर विष्णुपुरी में फाल्ट होने के कारण फीडर 3 ट्रिप कर गया और फाल्ट खोजने से मरम्मत करने तक विष्णुपुरी में एक सैकड़ा से अधिक घरों की सप्लाई लगभग 7 बजे तक बंद रखी गई। वहीं अंबिका पुरम में एबीसी केबिल डालने के लिए 100 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद रखी गई। इसके कारण लगभग 400 घरों में रहने वाले हजारों लोगों को भीषण गर्मी में बेहाल होना पड़ा। इसके अलावा रात में कई वार ओवरलोड होने के कारण फीडर 2, 4, 5 की सप्लाई को एक-एक घंटा से अधिक समय तक बंद रखा गया। शुक्लागंज में राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टॉकीज के पास रखें 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात लगभग 9.45 बजे ओवरलोड होने के कारण धू धू कर जल गया। ट्रांसफार्मर से उठ रही ऊंची लपटे देख आसपास के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। अनान फानन बिजली विभाग को आग लगने की जानकारी दी गई। जिसके बाद आपूर्ति बंद कराई गई। आपूर्ति बंद होने के बाद क्षेत्रीय लोगों और दुकानदारों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान सैकड़ो घरों की बिजली गुल हो गयी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कर शुरू किया है।

## गंगा नदी में डूबे भाई-बहन, शव बरामद



**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी के पास तरबूज लेने के लिए गए भाई बहन गहरे पानी में चले गए। आसपास के लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। दोनों बच्चों की तलाश में जुटे स्थानीय लोगों ने गोताखोरों को बुलाया। साथ में डायल 112 को भी सूचना दी। गोताखोरों और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को बरामद कर लिया गया। मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मुत्तु मजरे रालपुर गांव का है।

बताया जा रहा है पूरे मत्तू रालपुर के रहने वाले रामनरेश का 11 साल का बेटा कृष्णा और 13 साल की बेटी गुड़िया घर से तरबूज तोड़ने की बात कहकर गंगा नदी की तरफ गए थे। इस बीच दोनों अचानक से डूबने लगे। काफी देर तक छटपटाते रहे, लेकिन बाहर निकलने में कामयाब नही हो सके। बच्चों को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब बच्चे नही मिले तो गोताखोर को तलाश के लिये बुलाया गया। साथ ही पुलिस के डायल 112 को भी सूचना दे दी गई। बच्चों की मां सीमा ने पुलिस को लिखित में देकर पूरे मामले की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# सड़क दुर्घटना में पत्रकार के पुत्र की मौत

- 3 महीने में दो जवान बेटों को खो चुके है पत्रकार राजेश यादव
- परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल
- चार पुत्रों में से दो पुत्रों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बाइक से जा रहै युवक को पीछे से एक तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे नया सोडासी निवासी राजेश यादव का 21 वर्षीय बेटा आयुष अपने एक अन्य दोस्त अमन तिवारी निवासी जहांगीराबाद के साथ बाइक पर सवार होकर मुराई बाग चौराहे से जगतपुर की तरफ जा रहा था तभी पूरे गुरबख्श सिंह खलीलपुर के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंचे डलमऊ कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं चालक तथा गाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है अचानक हुई घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है

### आश्चर्यजनक है यह बात

आश्चर्यजनक बात यह है कि आर्यन के सड़क दुर्घटना के समय जो दोस्त अमन तिवारी उसके साथ बाइक पर सवार था वही अमन तिवारी आज आयुष के साथ बाइक पर सवार यह दोनों बार दुर्घटना में अमन तिवारी को सिर्फ मामूली सी चोटे आई हैं जबकि उसके साथी को दोनों बार जान गंवानी पड़ी।

### तीन महीने बाद दूसरी घटना, दो भाइयों की सड़क दुर्घटना में हो चुकी है मौत

3 महीने पहले आयुष के छोटे भाई आर्यन की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है घटना उस समय हुई थी जब आर्यन बाइक पर सवार होकर निमंत्रण गया हुआ था और वहां से वापस आ रहा था तभी कुचरिया मुंशीगंज रायबरेली के पास सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई थी आज बुधवार को एक बार फिर राजेश यादव के दूसरे बेटे की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से मातम पसर गया है

# दो हत्यारोपियों को 48 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




रायबरेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता 48 घंटे के अंदर हत्या दो हत्यारोपियो को किया गिरफ्तार, मामला भदोखर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव का था जहां रविवार को बाजार से लौटते समय प्रदीप कुमार 25 वर्ष पुत्र पुत्ती लाल जफरपुर बाजार से शाम लगभग 6 बजे घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन दबंग अपराधियों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित युवक बचाव के लिए चिखता चिल्लाता रहा। लेकिन दबंग अपराधियों ने लाठी डंडों से मार मार कर पीड़ित युवक की हत्या कर दी, पुलिस ने मृतक प्रदीप के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी, आज पुलिस ने धर्मराज पुत्र स्व रामकुमार व नागेंद्र कुमार पुत्र राम किशोर को मय आला कत्ल के साथ गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### छह दिन तक आठ घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र बछरावां के सेहगो फीडर से संबंधित विद्युत कार्य को मद्देनजर रखते हुए 6 दिन तक 8 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगीद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए विद्युत उपकेंद्र बछरावा के अधिशासी अभियंता उमेश कुमार यादव ने बताया कि विद्युत केंद्र बछरावां से पोषित 11 के0वी0 सेंहगो फीडर के 11 के0वी0 लाइन में दो लंबे स्पाम के मध्य नए पोल लगाने एवं अनुरक्षण का कार्य ऋष्ठस्स् योजना के तहत दिनांक 23/5/2024 से 28/5/ 2024 समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कराया जाएगाद्य जिसके कारण सेहगो फीडर से संबंधित समस्त गांवों की विद्युत आपूर्ति इन 6 दिनों में 8 घंटे तक बाधित रहेगी।



### करराटे कलर बेल्ट टेस्ट का परिणाम हुआ घोषित

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान मे आयोजित एनटीपीसी स्पोर्ट स्टेडियम वा ऊंचाहार ओवर ब्रिज के नीचे स्थित नरेश भवन निकट लुधियाना बाजार में बीते दिनों कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया था जिसमे दोनों एकेडमी से तकरीबन 100 बच्चों ने प्रतिभा किया था तथा इस प्रतियोगिता में 75 बच्चों को सफलता प्राप्त हुई इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता सचिव राहुल कुमार पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम एनटीपीसी ऊंचाहार के सचिव जसवंत मीना ऊंचाहार मार्शल आर्ट एकेडमी के मुख्य सलाहकार रभिषेक अग्रहरी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार का परिणाम निराशा जनक रहा है इसके पूर्व बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया था जबकि इस बार बहुत सारी कमियां देखने को मिली है फिलहाल बच्चों को उनकी कमियां पता है अब जरूरत है उन कमियों पर मेहनत करने की ताकि अगली बार का परिणाम अच्छा आए।

## जल जीवन मिशन में बाधा डालना और मारपीट करना पड़ा महगा दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जल जीवन मिशन बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा वादी आलोक कुमार तिवारी एनसीसी लिमिटेड इंजीनियर पुट सुरेंद्र कुमार निवासी जयप्रभा ग्राम जानकीनगर थाना इटियाथोक जनपद गोंडा मैं तहरीर में बताया कि विपत्ति कर द्वारा बाजी के साथ गाड़ी का रोड करते हुए मारपीट की गई मारपीट में वादी के कपड़े फट गए तथा विपत्तियों के द्वारा सरकारी कार्य जल जीवन मिशन में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने प्रवीण सिंह उर्फ प्रिशु पुत्र अज्ञात और दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# सीएचसी में दिखा अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जहां एक ओर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक आए दिनों प्रदेश के सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर उनकी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने के प्रयास में तत्पर हैं, ताकि किसी भी मरीज को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए, परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के जिम्मेदार अधिकारी उनके इस प्रयास पर पूर्ण रूप से पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैंद्य क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां मे अव्यवस्थाओं का बोलबाला पूर्ण रूप से देखा जा सकता है, जैसा कि तस्वीरों में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की नई बिल्डिंग में मरीजों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, क्योंकि मरीज डॉक्टर के कक्ष के बाहर जमीन पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं, और न ही किसी जिम्मेदार की उन पर नजर पड़ रही हैद्य इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार जैसल से बातचीत की गई उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो उचित कार्यवाही कर समस्या का समाधान किया जाएगाद्य लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि आए दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां परिसर में ऐसी ही कई समस्याएं देखने को मिलती हैं, और सीएचसी अधीक्षक उन समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही करने और उन समस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय कार्यवाही करने का आश्वासन दे देते हैं, जो कही न कही उनकी जिम्मेदारी पर प्रश्न चिन्ह उठा रही है।

# डायवर्जन में हाईवे पर रेंगते रहे वाहन, शहर में भी वाहन सवारों का छूटा पसीना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

- स्थानिक पुलिस ने मशक्कत के बाद खुलवाया जाम

उन्नाव पुलिस ने लखनऊ में हो रहे एलिवेटेड रोड के कार्य को लेकर पहले ही डायवर्जन रूट जारी कर दिया। भारी वाहनों को अलग-अलग रूटों पर डायवर्ट होने की बात कही, लेकिन यातायात व्यवस्था बुधवार को चौपट रही।

हाईवे से लेकर शहर के अंदर तक आवागमन करने वाले वाहन सवारों को घंटो जाम में जूझना पड़ा। जाम बढ़ता देख यातायात के साथ स्थानीय पुलिस ने भी मोर्चा संभाला इसके बाद जाम में फंसे लोगों को राहत मिल सकी।

बुधवार को लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के जाजमऊ से लेकर अचलगंज सीमा के आगे कोतवाली तक हाईवे सुबह से ही जाम की स्थिति शुरू हो गई। धीमे-धीमे वाहन की रफ्तार थमने लगी तो जाम बढ़ता रहा, लेकिन दोपहर ग्यारह बजे के बाद लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर जाजमऊ के पास जाम लगने से घंटो देरी तक वाहन सवार फंसे रहे जाम की सूचना मिलने के बाद स्थानिक पुलिस चौकी ने मशक्कत की, जिसके बाद जाम खुल सका। कुछ देर बाद आजाद मार्ग बाईपास और दही मोड़ के पास भयंकर जाम लगने से लखनऊ को अप डाउन करने वाले वाहन सवार गर्मी में जाम से परेशान रहे। पुलिस अधिकारियों को सूचना मिलने के बाद ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क किया, जिसके बाद जाम खुला और जाम में फंसे वाहन सवार आगामी गंतव्य स्थान की ओर रवाना हो सके। इधर शहर में भी जाम को लेकर समस्याएं बरकरार रहीं। गांधीनगर तिराहे पर बैरियर लगाकर शहर के अंदर जाने वाले चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया, जिससे तिराहे से लेकर अस्पताल रोड तक भीषण जाम लग गया। गर्मी के चलते वाहन चालकों और पुलिस की तीखी बहस भी होती रही। उन्नाव की पुलिस को छठवें चरण का चुनाव कराने के लिए प्रतापगढ़ रवाना किया जा चुका है। इसके चलते जिले में सीमित ही पुलिस फोर्स बचा है। ज्यादातर पुलिस महत्वपूर्ण पॉइंट पर लगाया गया है। जाम की स्थिति में पुलिसफोर्स न होने से भी ज्यादा समस्याओं से वाहन सवारों को जूझना पड़ रहा है।

## खड़ी रोडवेज बस में कार टकराई, चालक समेत दो की मौत, तीन जख्मी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के औरास थाना क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे स्थित कोयलिया खेड़ा गांव के पास बुधवार को खड़ी रोडवेज बस में पीछे से आ रही कार के टकराने से चालक समेत दो की मौत हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोग जख्मी हो गए। जानकारी पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद लोगों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। औरास थाना क्षेत्र कोइलिया खेड़ा गांव के पास लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली से लखनऊ जा रही कार आगे खड़ी रोडवेज बस में जा टकराई। हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। जानकारी होते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच कर कार में सवार घायलों को बाहर निकाला और औरास सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टर ने कन्नौज थाना तिर्वा के मगौली गांव के रहने वाले कार चालक मारूफपुत्र इसरत अली व लखनऊ थाना दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी लुकमान पुत्र आसिद अली को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के समय कार में सवार लखनऊ थाना दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी घायल शबीना पत्नी लईक, रुही पुत्री आसिद व महर जहां पत्नी आसिद का डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी पर पहुंची औरास पुलिस ने जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वह सीधे उन्नाव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे शव देखकर बेहाल होते रहे।

# पालिका ने वाटर कूलर लगाना किया शुरू, राहगीरों को मिलेगी राहत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



गर्मी को देखते हुए गंगाघाट नगर पालिका की ओर से फोरलेन के किनारे जगह-जगह चिह्नित स्थानों पर वॉटर कूलर लगाये जाने का काम शुरू हो गया है। अब राहगीरों के अलावा दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों को भी शीतल पानी मिल सकेगा।

नगर में मुख्य मार्ग पर लोगों को गर्मियों में शुद्ध और ठंडा पानी पीने की व्यवस्था नहीं थी। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे एवं अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर मरहला चौराहे तक चिह्नित स्थानों पर वॉटर कूलर लगाये जाने का फरमान जारी किया था। अब लगाये जाने का काम शुरू किया गया है। जलकल प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पहला वॉटर कूलर पालिका परिसर में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पानी को फिल्टर कर चिल्ड करेगा। इसके बाद लोग उसी पानी का सेवन करेंगे। मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट, गंगापुल चौराहा, थाना चौराहा, पालिका, आखिरी पेट्रोल पंप, टेलीफोन एक्सचेंज, मरहला चौराहा समेत दस स्थानों पर वॉटर कूलर लगेंगे। बुधवार को सुबह से गर्मी के कारण आने जाने वाले लोगों को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। वहीं बिजली की आवाजाही से घरों में मौजूद बच्चे और महिलाएं बिलबिला उठी। वहीं जिला प्रशासन ने दोपहर के समय न निकलने की सलाह के साथ गमछा, छाता, टोपी लगाकर ही निकलने की सलाह दी है। वहीं छाछ, लस्सी, नींबू पानी, आम का पना पीने की सलाह दी है।

## जीते कोई भी, पराजित तो निर्वाचन आयोग हुआ

लोकसभा चुनाव के लिये पांच चरणों का मतदान निपट चुका है। 8 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को पांचवें चरण का मतदान होने के साथ ही 418 क्षेत्रों की वोटिंग सम्पन्न हो गई है। केवल 125 सीटों पर मतदान बकाया है। अब तक के हुए मतदान के आधार पर विश्लेषक एवं बहुत से सर्वे अलग-अलग राय दे रहे हैं। कुछ भारतीय जनता पार्टी को आगे तो ज्यादातर इंडिया गठबन्धन को बाजी मारता हुआ देख रहे हैं। कुछ ऐसे भी सर्वेक्षण आये हैं जो कांटे की टक्कर बताते हुए त्रिशंकु संसद का अंदाजा व्यक्त कर रहे हैं। भावी परिदृश्य कोई भी रंग-रूप धर सकता है। वैसे छोटे-बड़े सभी सियासी दलों, उनके उम्मीदवारों, निर्दलीयों, गठबन्धनों, समीकरणों, राजनीतिक दांव-पेंचों, चुनाव को असर करने वाले तथ्यों आदि पर तो खूब चर्चा हो ही रही है, एक गैर-राजनैतिक संस्था पर भी भरपूर बहस हो रही है- वह है केन्द्रीय निर्वाचन आयोग। उसकी भूमिका एवं उसका अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वाह में नाकाम होने पर भी बहसें जारी हैं। कह सकते हैं कि 4 जून के चुनावी परिणामों में चाहे जो जीते, पराजित तो निर्वाचन आयोग ही घोषित होगा। आजाद भारत में संविधान निर्माताओं ने जिस निष्पक्षता, स्वतंत्रता व निर्भयता के अपेक्षित गुण-धर्मों वाले आयोग की स्थापना की थी, उन सभी उम्मीदों को मौजूदा मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में बनी इस संस्था ने ध्वस्त कर दिया है। पिछले कुछ अरसे में एक के बाद एक हुए विभिन्न चुनावों में आयोग लगातार सत्ता के आगे झुकता चला गया है और इस चुनाव (18वीं लोकसभा) को देखें तो वह सिर्फसरकार के आगे नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी को ही दण्डवत प्रणाम कर रहा है। मतदान के चरण-दर-चरण आयोग जिस तरह अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहा है वह न केवल इन्हीं चुनावों के परिणामों को प्रभावित करेगा बल्कि आने वाले समय में एक ऐसी व्यवस्था व परिपाटी बनाकर जायेगा जिसके कारण इस महादेश के लिये स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव दूर की कौड़ी बनकर रह जायेंगे। दुख इतना ही नहीं है कि राजीव कुमार ने अपनी रीढ़ सीधी करने की कोशिश नहीं की, अधिक दुर्भाग्यजनक तो यह है कि उन्होंने खुद ही अपनी सारी शक्तियां सत्ता को सौंप दीं। टिप्पणीकारों से लेकर सोशल मीडिया तक जैसे कार्टून, चुटकुले, मीम आदि आयोग को लेकर बन रहे हैं, उससे साफहो गया है कि टीएन शेषन जैसे अधिकारियों ने जिस मेहनत व साहस के साथ आयोग को सम्मान दिलाया था, वह राजीव कुमार जैसे अधिकारी ने मिट्टी में मिलाकर रख दिया। अपनी कार्यपद्धति से राजीव कुमार ने आने वाले समय में शेषन जैसे किसी अधिकारी के बनने का रास्ता तो अवरुद्ध कर ही दिया, भावी निर्वाचन आयुक्त भी उन्हीं के जैसे होने चाहिये- यह अलबत्ता उन्होंने सुनिश्चित कर दिया है। इस तरह देखें तो केन्द्रीय चुनाव आयोग ने, जिसे संवैधानिक व्यवस्था को बनाये रखने की जिम्मेदारी मिली थी, देश में संविधान तथा लोकतंत्र को गहरे खतरे में डाल दिया है। लोकतंत्र की लड़ाई में देशवासियों का साथ देने की बजाय आयोग सत्ता के पक्ष में खड़ा है। अब तो उसे भाजपा का सहयोगी संगठन बतलाया जाता है। किसी भी स्वायत्त संस्था के लिये इस दर्जे तक पहुंचना बेहद शर्मनाक कहा जा सकता है। यह स्थिति यहां तक कैसे पहुंची, इसे जानने के लिये तीन कालखंडों में बांटकर चुनाव आयोग के कार्यकाल को देखा जाना चाहिये।

# खालिस्तानियों का चुनाव लड़ना, स्वागत और सतर्कता दोनों जरूरी

**राकेश जैन**

लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मनों में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया।

केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडकाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमशः आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लडना किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है।

असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है। चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं।



**असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है। चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं। अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। देश की एकता-अखण्डता व सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले खालिस्तानी अगर भारतीय संविधान की मर्यादा के अन्तर्गत चुनाव लड़ते हैं।**

अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। देश की एकता-अखण्डता व सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले खालिस्तानी अगर भारतीय संविधान की मर्यादा के अन्तर्गत चुनाव लड़ते हैं तो इस परिवर्तन का स्वागत होना चाहिए। भारतीय संविधान की परिधि में रह कर अलगाववादी तत्व संसद में कुछ भी मांग उठाते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए।

स्वागत इसलिए क्योंकि यह भारतीय सार्वभौमिकता और लोकतंत्र की जीत और खालिस्तानी अलगाववाद की सैद्धान्तिक पराजय होगी। ऐसा नहीं कि देश में किसी अलगाववादी संगठन या व्यक्ति ने पहली बार चुनाव लड़ा हो या इस तरह के संगठनों से सरकारों ने समझौते न किए हों। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही असम में सक्रिय आतंकी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रण्ट आफ असम (उल्फा), नागालैण्ड में सक्रिय रहे अलगाववादी संगठन नार्थ ईस्ट सोस्लिट आफ नागालैण्ड (एनएससीएन), पिपुल्स डेमोक्रेटिक साउंसिल आफ कार्बी, कार्बी, लॉगरी नोर्थ ईस्ट हिल्स लिब्रेशन फ्रंट, कार्बी पिपुल्स लिब्रेशन फ्रंट, कुकी लिब्रेशन फ्रंट, यूनाइटिड पुपिल्स लिब्रेशन फ्रंट सहित अनेक आतंकी व अलगाववादी संगठन विभिन्न समझौतों के तहत देश की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

पूर्वोत्तर ही क्यों खुद पंजाब व जम्मू-कश्मीर में बहुत से पूर्व आतंकियों का भी प्रत्यक्ष व गुप्त रूप से पुनर्वास किया जा चुका है। अगर अलगाव व आतंक का मार्ग छोड़ कर कोई भटका हुआ नागरिक देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहे तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस मार्ग पर चलने वालों को यह भान भी होना चाहिए कि आतंकवाद का मार्ग किसी समस्या का समाधान नहीं, यह देश विभिन्न विचारधाराओं, विविध आस्थाओं का पुष्पगुच्छ है, हां पर किसी को हिंसा व देश को तोडने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। देश को तोडने की बात करने वालों को पहले भारत से टूट कर अलग हुए पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान, म्यांमार की हालत देखनी चाहिए कि वहां के लोग किस तरह नारकीय जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। इस मामले में सतर्क रहने की भी आवश्यकता है, क्योंकि कहीं चुनावों के माध्यम से अलगाववादी व आतंकी शक्तियां एकजुट होने का प्रयास करती हैं तो इसे सफल नहीं होने देना चाहिए।

सांसद सिमरनजीत मान इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, वो संसद में संविधान की शपथ भी लेते हैं और देश को तोड़ने का भी सपना देखते हैं। हाल ही में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि वे खालिस्तानी तत्वों को विदेश में शरण दिलवाने का काम करते हैं। वे अब तक पचास हजार खालिस्तानी तत्वों को विदेश में राजनीतिक शरण दिलवा चुके हैं और हर केस के पैंतीस हजार रूपये की फीस लेते हैं। सांसद बनने के बाद अगर खालिस्तानी अपने पद का दुरुपयोग करते हैं और विदेशों में भारत को बदनाम करते हैं तो इसको भी रोका जाना चाहिए।

ज्ञात रहे कि जब कोई भारतीय सांसद अपने लैटरहैड पर किसी खालिस्तानी तत्व को पीड़ित बताता है और भारत से उसकी जान का खतरा बताता है तो इससे इस की पुष्टि हो जाती है कि भारत में यह लोग सुरक्षित नहीं। पंजाब में लोग येन, केन प्रकारेण विदेश जाने को ललायित रहते हैं और वे इस तरह के झूठे लैटरहैडों से भी परहेज नहीं करते। ऐसा करते हुए शार्टकट से विदेश जाने के चाहवान भूल जाते हैं कि उनके इस कदम से देश की कितनी बदनामी होती है। देशविरोधी शक्तियों के कुप्रचार को कितना प्रोत्साहन मिलता है? इसलिए पंजाब के अलगाववादियों के चुनाव लडने के मामले को पूरी सतर्कता से लेने की जरूरत है।

## विचार

# वैशाख पूर्णिमा : अग्नि अविष्कारक महर्षि भृगु का अवतरण

**रमेश शर्मा**

ऋग्वेद के अनुसार महर्षि भृगु ने मातरिश्वन् से अग्नि ली और पृथ्वी पर लाए। इसी कारण यज्ञ के माध्यम से अग्नि की आराधना करने का श्रेय भृगु कुल के ऋषियों को ही दिया जाता है । उन्हीं के माध्यम से संसार भर को अग्नि का परिचय मिला। कुछ स्थानों पर महर्षि अंगिरा को भी महर्षि भृगु का ही पुत्र बताया गया है। इसके पीछे तर्क यह है कि ऋग्वेद में भृगु अंगिर नाम आया है। इसके दो ही अर्थ हो सकते हैं। एक तो भृगु को अंगिरस की उपाधि हो सकती है जो अग्नि के अविष्कारक होने के नाते कहे गए ।

दूसरा अंगिरा को भृगु परंपरा का अंग मानना हो सकता है । यद्यपि पुराणों मे महर्षि अंगिरा को भृगु के समान ही प्रचेता ही लिखा गया है, सप्त ऋषियों में एक माना है जो महर्षि अंगिरा महर्षि भृगु के समतुल्य दर्शाता है । पर यदि महर्षि अंगिरा महर्षि भृगु के पुत्र के नहीं तो महर्षि अंगिरा का महर्षि भृगु से कोई गहरा संबंध अवश्य है। देवगुरु बृहस्पति इन्हीं अंगिरा के पुत्र हैं । बहुत संभव है कि महर्षि भृगु की परंपरा में कोई ऋषि उत्पन्न हुए जिनका नाम भी अंगिरा हो और नाम की एकरूपता में कोई भ्रम न इसलिए इन ऋषि का नाम भृगु अंगिरस लिखा



हो । यह अंतर ऋग्वेद की भृगु वारिणी ऋचाओं में है, जिससे लगता है कि महर्षि भृगु का संबंध वरुण से भी है।

पुराणों में एक कथा और है । जब यह निर्णय होना था कि ब्रह्मा विष्णु और शिव में से सबसे सात्विक कौन है जिसे कभी क्रोध या रोष नहीं आता। तब इन त्रिदेवों के परीक्षक के रूप यह दायित्व महर्षि भृगु को ही मिला । परीक्षा के लिये ही महर्षि भृगु ने नारायण के वक्ष पर पद प्रहार किया और वे पद चिन्ह नारायण अपने हृदय पर धारण करते हैं । इसी आधार पर य। निधारित हुआ कि कौन किस गुण का प्रतीक है । महर्षि भृगु की सलाह पर ही नारायण संसार को संदेश देने के लिये समय समय पर मनुज अवतार लेते हैं । संसार में परमपिता ब्रह्मा का पूजन न हो, यह निर्णय भी महर्षि भृगु ने ही लिया था। श्रीमद्भगवद्गीता के दसवें अध्याय में भगवान् ने कहा ÷मैं ऋषियों में भृगु हूं। महर्षि भृगु को संसार का पहला प्रचेता लिखा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार नारायण को ब्याहीं श्रीलक्ष्मी महर्षि भृगु की ही बेटी थीं। समुद्र मंथन से जो लक्ष्मी प्रगट हुईं वे तो उनकी आभा मात्र थीं।

**भृगु संहिता को ज्योतिष का पहला शास्त्र माना जाता है । जो यह संकेत करता है कि भारत में अंतरिक्ष और ग्रहों की गति का ज्ञान लाखों वर्ष पहले से रहा है। महर्षि भृगु चिकित्सा शास्त्र के अद्भुत ज्ञाता थे। मृत संजीवनी औषधि खोजने वाले शुक्राचार्य उन्ही के पुत्र हैं। महर्षि भृगु के तीन विवाहों का वर्णन मिलता है। उनका पहला विवाह देवी ख्याति से हुआ। इनसे दो पुत्र धाता, विधाता और पुत्री श्रीलक्ष्मी हैं। महर्षि भृगुआ का दूसरा विवाह महर्षि कश्यप की पौत्री और दैत्यों के अधिपति हिरण्यकश्यप की पुत्री दिव्या से हुआ।**

भृगु वंश में ही महर्षि मार्कण्डेय, शुक्राचार्य, ऋचीक, विधाता,दधीचि, त्रिशिरा, जमदग्नि, च्यवन और नारायण का ओजस्वी अवतार परशुरामजी का जन्म हुआ । सूर्य पुत्र मनु उनके शिष्य हैं। महर्षि भृगु ने ही महाराज मनु को मानव आचार संहिता रचने को प्रेरित किया। इसीलिए मनु स्मृति के अंत में महर्षि भृगु के प्रति आभार प्रकट किया गया है उससे यह पुष्ट होता है कि संसार की यह पहली मानव आचार संहिता महर्षि भृगु के निर्देशन में ही रची गई।

महर्षि भृगु को अंतरिक्ष, चिकित्सा और नीति शास्त्र का भी जनक माना जाता है। अंतरिक्ष के ग्रहों और तारागणों की गणना का पहला शास्त्र भृगु संहिता है। इस संबंधी ताम्रपत्र पर एक प्रमाण नेपाल में सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त भृगु स्मृति, भृगु सूत्र, भृगु गीता, भृगु उपनिषद आदि ग्रंथों का उल्लेख मिलता है पर ये उपलब्ध नहीं हैं। भृगु संहिता को ज्योतिष का पहला शास्त्र माना जाता है । जो यह संकेत करता है कि भारत में अंतरिक्ष और ग्रहों की गति का ज्ञान लाखों वर्ष पहले से रहा है। महर्षि भृगु चिकित्सा शास्त्र के अद्भुत ज्ञाता थे। मृत संजीवनी औषधि खोजने वाले शुक्राचार्य उन्ही के पुत्र हैं। महर्षि भृगु के तीन विवाहों का वर्णन मिलता है। उनका पहला विवाह देवी ख्याति से हुआ। इनसे दो पुत्र धाता, विधाता और पुत्री श्रीलक्ष्मी हैं। महर्षि भृगुआ का दूसरा विवाह महर्षि कश्यप की पौत्री और दैत्यों के अधिपति हिरण्यकश्यप की पुत्री दिव्या से हुआ। संजीवनी विद्या के ज्ञाता और दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य इन्हीं के पुत्र हैं । इन्हीं शुक्राचार्य के पुत्र विश्वकर्मा हैं, जिन्होंने दिव्य स्वर्ग की रचना की। महर्षि भृगु का तीसरा विवाह पुलोम ऋषि की पुत्री पौलमी से हुआ। कहीं कहीं पुलोम ऋषि को दानवों का स्वामी भी लिखा है । इनसे महर्षि च्यवन का जन्म हुआ और इसी परंपरा में आगे चलकर भगवान परशुराम का अवतार हुआ। च्यवन ऋषि आगे चलकर खम्भात की खाड़ी के स्वामी बने। तब से इस क्षेत्र को भृगुकच्छ-भृगु क्षेत्र के नाम से जाना जाने लगा। भड़ौच में नर्मदा के तट पर भृगु मन्दिर बना है। यह माना जाता है कि नर्मदा क्षेत्र महर्षि भृगु परंपरा के ऋषियों की तपोस्थली रही है। इसलिये नर्मदा के पूरे क्षेत्र में आज भी भृगु आश्रमों के अवशेष मिलते हैं। भगवान शिव ने जब ज्ञान सभा के लिये नैमिषारण्य को सुनिश्चित किया तब इसके अधिपति होने का दायित्व महर्षि भृगु को ही सौंपा। संसार हर कोने में महर्षि भृगु के अपभ्रंश नाम पाये जाते हैं। जो यह प्रमाणित करता है कि महर्षि भृगु ज्ञान के पहले प्रकाश पुंज थे और संसार भर में ज्ञान का प्रकाश भारत की धरती से ही प्रतिबंधित हुआ। इसकी पुष्टि उन्नीसवी शताब्दी के शोध कर्ता मैक्समूलर का वह कथन भी है भारत से ज्ञान पहले ईरान में गया और ईरान से पूरे संसार में। मैक्समूलर का यह कथन उनकी पुस्तक हम भारत से क्या सीखें में है। ऐसे महान अविष्कारक महर्षि भृगु के चरणों में कोटिशः नमन।

## प्रत्येक प्राणी के प्रति दयाभाव रखते थे महात्मा बुद्ध

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 23 मई को है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था।

गौतम उनका गोत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य के दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, %%यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?%% सारथी ने बताया, %%यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।%%

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक-स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे। सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा।

उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार तथागत कहकर संबोधित किया। तथागत यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष बोधिवृक्ष कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।



## राशिफल

**मेषः**- जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः**- भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुनः**- महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी।

**कर्क** :- क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**सिंहः**- किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्याः**- किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी।

**तुलाः**- हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिकः**- शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः**- कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफ्लता के आसार बढ़ेगे।

**मकरः**- कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफहोगी।

**कुंभः**- ''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीनः**- भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# केंद्र में राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का संकेत दे रहा स्वर्ण आयात

**नन्तू बनर्जी**

दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) या उसके प्रमुख विपक्ष 26-दलीय इंडिया राजनीतिक गठबंधन, किसी के पक्ष में लहर के अभाव वाले इस बार के संसदीय चुनाव के संभावित परिणाम की कोई भी भविष्यवाणी कठिन होती जा रही है। इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधित्व सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पिछली संसद के 142 सदस्यों द्वारा किया जा रहा है जो भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को कठिन चुनौती दे रहा है। इस बार चुनाव के पहले तीन चरणों में गिरता मतदान प्रतिशत एनडीए और इंडिया गठबंधन, दोनों के लिए चिंता का एक और कारण बन गया है। कुल मिलाकर पांच से छह प्रतिशत मतदान प्रतिशत का एनडीए या इंडिया खेमे के संख्या के खेल पर गंभीर प्रभाव पड़ना संभव है।

सार्वजनिक रूप से, दोनों समूह 300 सदस्यों की अंतिम ताकत की आकांक्षा रखते हैं, हालांकि केवल 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं। अगली सरकार बनाने के लिए, एक राजनीतिक गठबंधन को कम से कम 272 सीटें जीतने की आवश्यकता होगी। सरकार अधिक स्थिर दिखेगी यदि उसके लोकसभा सांसदों की संख्या 300 से अधिक हो जाये। फिलहाल, एनडीए और



इंडिया गठबंधन दोनों के चुनाव प्रचारक जनता की उदासीन प्रतिक्रिया से कुछ हद तक परेशान दिख रहे हैं। चुनाव प्रचारक इतने घबराये हुए हैं कि बहुत कम लोग अपने चुनावी घोषणापत्रों के बारे में बात करते हैं और यह भी उतने उत्साह से नहीं बताते हैं कि सत्ता में लौटने पर वे लोगों की किस तरह सेवा करना चाहते हैं।

समूह के अधिकांश नेताओं के पास मतदाताओं के साथ संवाद करने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ मौखिक आरोप लगाने, झूठ और अधिक झूठ बोलने, तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने और अक्सर कटाक्ष या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का उपयोग करने के अलावा बहुत कुछ नहीं है। चुनावी घोषणा पत्र व्यावहारिक रूप से पीछे छूट गये हैं। इन चुनाव अभियानों में जनता की भागीदारी दिन पर दिन निराशाजनक रूप से कम होती जा रही है। लगातार चल रही लू भी एक वजह हो सकती है। व्यवसाय और उद्योग, जो आम तौर पर संभावित

**समूह के अधिकांश नेताओं के पास मतदाताओं के साथ संवाद करने के लिए एक-दूसरे के खिलाफमौखिक आरोप लगाने, झूठ और अधिक झूठ बोलने, तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने और अक्सर कटाक्ष या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का उपयोग करने के अलावा बहुत कुछ नहीं है। चुनावी घोषणा पत्र व्यावहारिक रूप से पीछे छूट गये हैं। इन चुनाव अभियानों में जनता की भागीदारी दिन पर दिन निराशाजनक रूप से कम होती जा रही है। लगातार चल रही लू भी एक वजह हो सकती है। व्यवसाय और उद्योग, जो आम तौर पर संभावित विजेताओं का समर्थन करते हैं, भी भ्रमित हैं। वे इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि रोटी के किस तरफ मक्खन लगाना है। माना जाता है कि बड़े व्यवसाय, औद्योगिक घराने और व्यापार दोनों पक्षों को खुश रखने के लिए गुप्त रूप से धन की पेशकश कर रहे हैं। एनडीए के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार उद्योगपतियों अंबानी और अडानी पर कांग्रेस को कथित अवैध धन भेजने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि यही कारण है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके खिलाफ बोलना बंद कर दिया है।**

विजेताओं का समर्थन करते हैं, भी भ्रमित हैं। वे इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि रोटी के किस तरफमक्खन लगाना है। माना जाता है कि बड़े व्यवसाय, औद्योगिक घराने और व्यापार दोनों पक्षों को खुश रखने के लिए गुप्त रूप से धन की पेशकश कर रहे हैं।

एनडीए के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार उद्योगपतियों अंबानी और अडानी पर कांग्रेस को कथित अवैध धन भेजने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि यही कारण है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके खिलाफबोलना बंद कर दिया है। विडंबना यह है कि नरेंद्र मोदी के लगातार कांग्रेस विरोधी, गांधी परिवार विरोधी बयानों ने कांग्रेस पार्टी को दैनिक समाचारों में एक बहुत जरूरी स्थान प्रदान किया है और परोक्ष रूप से जनता के समर्थन में मदद की है या कांग्रेस के लिए स्वतंत्र मतदाता कल्पना को मजबूत किया है, जो लोकसभा में 100 से अधिक सीटें हासिल करने की उम्मीद करती है। हैरानी की बात यह है कि मोदी ने पश्चिम बंगाल में अपने अभियान के दौरान भी कांग्रेस पार्टी के क्षत्रपों को नहीं बख्शा, जहां कांग्रेस का अस्तित्व ही नहीं है। पिछले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। मोदी का कांग्रेस-फोबिया स्पष्ट रूप से देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी (जीओपी) के लाभ के लिए काम कर रहा है। ओडिशा के कंधमाल जिले में एक चुनावी रैली में बोलते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, श्वे (कांग्रेस) यह कहकर भारतीयों के मन में डर पैदा करते हैं कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है। कांग्रेस की कमजोर मानसिकता के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने दशकों तक संघर्ष किया है। पश्चिम बंगाल की तरह, कांग्रेस पार्टी की आज ओडिशा की राजनीति में बहुत कम प्रासंगिकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में, ओडिशा ने कोरापुट (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से एक अकेला कांग्रेस सांसद भेजा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि 2013 के बाद पहली बार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) चुनावी घबराहट के कारण बाजार से लगातार निकासी कर रहे हैं। चल रहे राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा के पहले के अनुमान से कम सीटें जीतने की अटकलों के बीच, एफपीआई चुनिंदा स्टॉक बेच रहे हैं। सत्तारूढ़ एनडीए के लिए यह शायद ही कोई अच्छा संकेत है। भारत में 2014 और 2019 के संसदीय चुनावों से पहले भाजपा के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक गठबंधन को एफ्फीआई और वैश्विक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंकों और गोल्डमैनसैक्स, जेपीमॉर्गन, वेल्सफार्गो और मॉर्गनस्टेनली जैसी वित्तीय सेवा कंपनियों का भारी समर्थन प्राप्त था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण, बंदियों से जानी समस्याएं



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही जेल अस्पताल, पाकशाला समेत बैरिकों का निरीक्षण कर जेल में निरूद्ध बंदियों से वार्ता का उनकी समस्याओं को सुनकर जेल अधीक्षक को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली। साथी उनके खान-पान के विषय में भी जानकारी की। साथ ही कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुये दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बंदियों का 3 महीने में एक बार ब्लड टेस्ट करवाया जाए तथा मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये।उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया। जहाँ उचित साफ सफाई पायी गयी एवं जेल में निरूद्ध बंदियों से उनके खानपान एवं उनके मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश ने बंदियों से उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण हेतु जेलर एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। जनपद न्यायाधीश ने जेल में स्थित बैरकों का निरीक्षण किया और बंदियों को प्राप्त सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली, जिस पर बंदियों ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकरण की समस्या नहीं है। बैरक में निरूद्ध बंदियों को जेल मैनुअल के बारे में, कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के संबंध में भी जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें बैडमिंटन एवं कैरम आदि टूटे पाये गये जिसकी मरम्मत हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। तथा उनके मुकदमें, स्वास्थ्य एवं परिजनों से मुलाकात के संबंध में जानकारी दी गयी। निरीक्षण दौरान कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुये उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकती रजिस्टर, बंदियों के रजिस्टर, लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर का अवलोकन करने के उपरांत लीगल एण्ड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के हेतु दिशा निर्देश दिये। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया, जिसमें सभी कैमरे ठीक पाये गये। जनपद न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाये उपलब्ध कराये जाने एवं शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि जेल परिसर के अदंर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये। उन्होंने जेल परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के लिये निर्देशित किया।



## जिला कारागार में लगा जागरुकता शिविर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने महिला बंदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड्स के इस्तेमाल हेतु जागरूक किया। साथ ही उन्होंने सरल जुर्माना जमा योजना के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस अधिनियम, जुआ अधिनियम, मोटर वाहन चालान आदि के छोटे-छोटे अपराधिक मामलों की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य ÷ सरल पे आफेन्स, जुर्माना जमा योजना आरम्भ की गयी है, अब आप सीधे भारतीय स्टेट बैंक की निकटतम शाखा की पावर ज्योत्ति एकाउन्ट में सम्मन पर अंकित जुर्माना धनराशि जमा कर रसीद प्राप्त करे और न्यायालय तक जाने से बचे।

# तालग्राम कट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन( बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का तालग्राम कट पर स्वागत करते हुए। जनपद के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह,जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री इंजी सौरव यादव,युवा जिला अध्यक्ष एड स्वदेश शाक्य,जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद कुलदीप सिंह इसाक जमील आशु आदि कन्नौज जनपद के पदाधिकारी मौजूद रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी एवं रेखा शिवाल का तालग्राम कट पर प्रदेश के अधिकारी एवं जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियो ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी द्वारा समस्त टीम की सराहना की एवं हर कार्यकर्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

# मेडिकल कॉलेज का वाटर कूलर खराब, मरीज खरीदकर पी रहे पानी

▸ चल रही हीट वेब से मेडिकल कॉलेज में मरीजों व तीमारदारों की लग रही भीड़

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में चल रही हीट वेब से प्रभावित होकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों व तीमारदारों की तादात लगातार बढ़ रही है। ओपीडी, जनरल वार्ड व इमरजेंसी में मरीजों की लाइनें लगी हुई है। ऐसे में मरीजों व तीमारदारों को सबसे अधिक दिक्कत पेयजल को लेकर हो रही है। ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड में लगे वाटर कूलर एक सप्ताह से खराब पड़े हैं। इसके अलावा भी जनरल वार्ड में भी लगे कई वाटर कूलर शोपीस बने हुए हैं। जिसको लेकर मरीजों व तीमारदारों को पीने के पानी के लिए 20 रूपए की बोतल खरीदकर लानी पड़ रही है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के मुताबिक मरीजों व उनके तीमारदारों को ठण्डा व शुद्ध पेयजल मुफ्त में मिल सके। इसके लिए दो दर्जन से अधिक वाटर कूलर इमरजेंसी, जनरल व ओपीडी में लगे है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की अनदेखी के चलते अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े हैं। मरीज व तीमारदार जब इन वाटर कूलरों के पास पानी की आस लेकर जाते है, तो उन्हे इन वाटर कूलरों से हवा निकलती दिखाई देती है। मायूस होकर तीमारदार मेडिकल कॉलेज कैम्पस से बाहर निकलकर दुकानों से 20 रूपए की बोतल खरीदकर ला रहे हैं। उमर्दा निवासी रामशंकर ने बताया कि वह अपने मरीज को लेकर आए थे। ओपीडी में वाटर कूलर खराब होने के कारण उन्हे पानी खरीदकर लाना पड़ा। इसी तरह से औसेर के रामप्रसाद, हरेईपुर के जमुना प्रसाद, हसेरन की रामकली, इंदरगढ़ की सोमवती ने बताया कि उनका मरीज इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। यहां वाटर कूलर खराब है। वार्ड के बाहर लगा वाटर कूलर भी बेकार पड़ा है। जिससे उन्हे भी पानी बाहर से खरीदकर लाना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन मरीजों व उनके तीमारदारों को पानी भी मुहैया नहीं करा पा रहा है। इस मामले में जब सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह से पूछा गया, तो उनका कहना था कि दो या तीन वाटर कूलरों में मामूली दिक्कत है। उन्हे ठीक करने के लिए संबधित कम्पनी को पत्र लिखा गया है। जल्द ही समस्या दूर कर ली जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्वा में श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

कथा वाचक पं. प्रेम सागर पांडेय ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। सात दिवसीय चलने बाले धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में धर्म प्रेमियों ने पहुंच कर धर्म लाभ लिया व श्रीमद् भागवत कथा के संपन्न होने पर प्रसाद भी ग्रहण किया। वहीं कथावाचक पं. प्रेम सागर पांडेय ने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथावाचक ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण व वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। साथ ही व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। इस मौके पर गीता पाठक, अनिल पाठक, अजीत द्विवेदी, आशीष पाठक, सोनू, पुनीत, सुमित, भोला, सचिन पाठक, शिवम सहित आदि लोग रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालुगण

## खबरें एक नजर में

### सुप्रभाष अकादमी में आइसक्रीम पार्टी आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गर्मी की छुट्टी प्रारंभ होने से पूर्व शहर के सुप्रभाष अकादमी में आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया गया। ग्रीष्म अवकाश शुरू होने से पूर्व आज स्कूल में छात्र-छात्राएं ने आइसक्रीम पार्टी का लुत्फ उठाया और बच्चों को डेरी में छोटा भीम पिक्चर का भी प्रदर्शन दिखाया गया उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य अलका गुप्ता सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। कानपुर देहात के शिवली गांव के निकट मंगलवार की शाम एक सड़क हादसे में तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव निवासी दीपा शर्मा पत्नी सचिन शर्मा, संध्या पत्नी विनोद व निशा पुत्री राजू गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। दूसरी घटना ठठिया थाना क्षेत्र के रकसहिया गांव के निकट हुआ। यहां बाइक की टक्कर से साइकिल सवार नरेन्द्र पुत्र रहमान निवासी रकसहिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां सभी का उपचार चल रहा है।

### तालाब में नहाते समय बालक की डूबकर मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** तालाब में अपने साथियों के साथ नहाने गया बालक अचानक गहरे पानी में डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अन्य साथी बालक बाल बाल बच गये समधन नगर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मुस्तकीम का करीब आठ वर्षीय बालक एहतशाम अन्य मोहल्ले के ही बालक इमरान व साकिब के साथ बुधवार दोपहर नगर के नजदीक एक तालाब में नहाने गये थे इसी दौरान एहतशाम तालाब के पानी के गहरे सतह की ओर चला गया जबकि अन्य दो साथी बालक डूबता हुआ देखकर चिल्लाने लगे लेकिन जब तक स्थानीय लोग उसे बचाने के कूदकर बाहर निकाला की तब तक एहतशाम ने दम तोड दिया। उधर परिजनों में बालक की दर्दनाक मौत पर कोहराम मच गया घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।

### वीडियो को लेकर हुआ बवाल दोनों के लिये बना मुसीबत

**कालपी (जालौन)।** सोमवार देर रात गणेशगंज में हुआ बबाल अब जिम्मेदारों के लिए मुसीबत बन सकता है। मामला रफा दफा होता कि पुलिस ने उसमें पेंच फंसा दिया है और इस मामले में दोनों पक्षों के चार नामजदों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफसंगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विदित हो कि 20 मई को एक वीडियो को लेकर नगर के मुहल्ला गणेशगंज में कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया था हालांकि मामले की भनक पुलिस को नहीं हुई थी और मामला आया गया हो गया था लेकिन इस मामले ने रात 11 बजे के लगभग रौद्र रूप ले लिया था और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डण्डे चले थे जिसमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हुए थे और इस दौरान मुहल्ले में अफरा तफरी मच गई थी। फसाद की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गई थी और मौके से मिले घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया था तथा इस दौरान मौके से कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया था। मतदान के दिन दो पक्षों में संघर्ष की घटना की जानकारी आला अफसरों तक पहुंची तो ऊपर तक खलबली मच गई थी और क्षेत्रीय पुलिस को मामले में कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे और इसी के चलते कोतवाली के सब इंस्पेक्टर मु. वसीम की तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष के अंकुश यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव निवासी तरीबुल्दा, रौनित यादव पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी गणेशगंज तथा दूसरे पक्ष के समीर पुत्र नाजिम, नाजिम पुत्र शेरिफनिवासी गणेशगंज तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ323, 504, 506, 336, 308, 34 व 7 क्रिमनल अमेडमेंट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार नगर के माहौल को खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वही पुलिस की इस कार्यवाही को लेकर नगर में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है कोई इस कार्यवाही को नगर की राजनीति से जोड़कर देख रहा है तो कोई इसे अराजकता के खिलाफ पुलिस की सख्ती बता रहा है। फिलहाल कुछ भी पुलिस के इस पेंच ने दोनों पक्षों की मुसीबत बढ़ा दी है।

# पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

▸ भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अतिथियों का हुआ स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत की नगर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र शुक्ला एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रमेश मेहरोत्रा ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।



मुख्य अतिथि एवं मेधावी छात्रा को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते पदाधिकारी एवं मौजूद नागरिक।

नवनिर्वाचित दायित्व धारियों में शाखा अध्यक्ष अतुल गुप्ता, शाखा सचिव अजीत मिश्रा एवं शाखा वित्त सचिव अमित गुप्ता एवं महिला संयोजिका को उनके दायित्व की शपथ दिलाने के उपरांत मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद की नगर शाखा द्वारा समाज के गरीबों, मजलूमों एवं असहायो की लगातार मदद की जा रही है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता नें कहा कि समाजसेवा में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद का हम सभी को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य प्रांतीय उपाध्यक्ष सुधीर दीक्षित, प्रांतीय संयोजक ललित मोहन सिंह सहित काफी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रमेश मेहरोत्रा ने सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने पर शांभवी दीक्षित पुत्री डॉ. सुधीर दीक्षित जिन्होंने 96.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। उनको रमेश मेंहरोत्रा ने मैडल मोमेंटो एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ गुप्ता ने किया। इस मौके पर राकेश वर्मा, डॉ राकेश कटियार, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, सुशील गुप्ता, राजेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, केशव, सुमित, उषा दुबे, पीडी विश्वकर्मा, राजीव ठाकुर, अमन कठेरिया, कमलेश वर्मा, अनुराग गुप्ता सहित डॉ. प्राची दीक्षित, अपर्णा गुप्ता, सुनीता मिश्रा, सुधा गुप्ता सहित काफी संख्या में सदस्य एवं महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# दो दिन में अतिक्रमण न हटाने पर होगी जुर्माना की कार्रवाई

▸ ईओ नें अधीनस्थ कर्मियों को मुनादी करवाये जाने के दिये निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पालिका कार्यालय में जानकारी देते ईओ अनिल पंडित।

बरसात मौसम के आगमन से पूर्व पालिका अधिशासी अधिकारी नें नाला नालियों व फुटपाथ की युद्धस्तर पर सफाई करानें में आडे आ रही अतिक्रमण की समस्या को संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमणकारियों को दो दिन में अतिक्रमण न हटाने पर जुर्माना की कार्रवाई किये जानें की चेतावनी दी है।

सोमवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति फुटपाथ, नाला, नाली पर अतिक्रमण किए हुए हैं। वह दो दिन के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें नाला सफाई के दौरान अतिक्रमण पाये जानें पर अतिक्रमण जब्त करते हुये संबन्धित व्यक्ति से बीस हजार रुपयों का जुर्माना बसूला जायेगा। इससे पूर्व उन्होंनें फ्लीट इंचार्ज दीनानाथ पटेल को मुनादी करवाये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, राजेश वर्मा, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, प्रसन्नजीत मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# नगर में बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शा चलाने पर होगा चालानः अनिल पंडित

▸ ईओ के निर्देश पर कर्मियों ने अभियान चलाकर किये पांच रजिस्ट्रेशन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर में चल रहे हजारों ई-रिक्शा के कारण आयेदिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिसके कारण नागरिकों सहित राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। शासन के निर्देश पर पालिका प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है।

वहीं ईओ अनिल पंडित के निर्देश पर पालिका कर्मियों द्वारा नगर में ई-रिक्सा रजिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित नें बताया कि बगैर रजिस्ट्रेशन के किसी भी ई-रिक्शा को नगर में चलने नही दिया जायेगा। इसलिये असुविधा से बचनें के लिये रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें। उधर अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर पालिका कर्मियों अरविंद सिंह, दीनानाथ पटेल, राजेश कुमार, उमेश, श्याम गुप्ता, अमन कुमार, शिवम ने नगर के फतेहगढ़ रोड पर अभियान चलाकर करीब आधा दर्जन ई-रिक्शा को रोककर उनका रजिस्ट्रेशन किया गया।

# अब तक के सर्वाधिक गर्म दिन रह सकते हैं 28 और 29 मई

▸ तापमान 50 डिग्री पहुंचने की संभावनाएं, आगामी सप्ताह के तापमान की भविष्यवाणी देख जनमानस में बेचैनी

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

गर्मी अब अपने पूरे शबाब की ओर पहुंच गई है जिस तरह से बीते कुछ दिनों के दौरान तापमान का ग्राफ 40 डिग्री से ऊपर तेजी के साथ बढ़ा है और गर्म हवाओं के साथ-साथ तपन का एहसास हुआ है उससे जहां एक और जनजीवन अभी से ही गर्मी के प्रकोप से जूस का नजर आने लगा है तो वहीं बाजारा हनी सनशाइन की मोबाइल पर अगले सप्ताह के तापमान के आंकड़ों की भविष्यवाणी ने 28 और 29 मई को सर्वाधिक गर्म दिन रहने और तापमान के 50 डिग्री तक पहुंचने की संभावनाएं दिखलाकर जनमानस की चिंताएं बढ़ा दी है। फिलहाल जो भी हो लेकिन जिस तरह से गर्मी के रौद्र रूप की संभावनाएं जताई जा रही हैं उसको देखते हुए आम जनमानस को सतर्कता बरतना बेहद लाजिमी हो गया है।

अमूमन मैदानी इलाकों में तापमान का ग्राफ जब 45 डिग्री तक पहुंचता है तो लोग गर्मी से बेहाल नजर आने लग जाते हैं आम जनजीवन के ऊपर इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल जाता है लेकिन इस बार जिस तरह से मई माह के अंतिम सप्ताह मैं तापमान के ग्राफ को लेकर मोबाइल पर मौसम की जानकारी मिल रही है उसके आंकड़ों को देखें तो आने वाला सप्ताह भीषण गर्मी के दौर से गुजरने वाला माना जा रहा है आंकड़ों में यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि 23 मई को पारा अधिकतम 42 डिग्री तक 24 मई को 43 डिग्री 25 मई को 44 डिग्री 26 मई को 45 डिग्री और फिर 27 मई को आंशिक गिरावट के साथ 43 डिग्री रहने की संभावना है जबकि 28 मई को सर्वाधिक 50 डिग्री तक पारा पहुंच सकता है कमोबेश 29 मई को भी पारा 50 डिग्री तक पहुंचना बतलाया गया है जो कि इस मौसम में सर्वाधिक पर पहुंचने की भविष्यवाणी है फिलहाल जो भी हो मैदानी इलाकों में पारे का ग्राफ50 डिग्री पहुंचना भीषण गर्मी का संकेत दे रहा है।

ऐसे में आम जनमानस के बीच गर्मी के इस रौद्र रूप को लेकर बेचौनी देखी जाने लगी है जानकारों की माने तो अब तक ऐसी तापमान की स्थितियां पहली बार देखने को मिल रही है जब तापमान का ग्राफ50 डिग्री तक पहुंचने की संभावनाएं बताई जा रही हैं कुल मिलाकर इतना स्पष्ट है कि इस बार लोगों को अप्रत्याशित गर्मी का सामना करना पड़ सकता है और इससे बचने के लिए उन्हें विशेष तौर पर ऐतिहायत बरतने की जरूरत है।

### गर्मी की व्यापकता से फसलें भी हो सकती प्रभावित

**उरई।** मई माह के अंतिम सप्ताह में भगवान भास्कर की उग्रता से ग्रीष्म ऋतु में बोयी गयी फसलों पर भी बड़े स्तर पर नुकसान होने की संभावना नजर आ रही है। हालांकि इस बारे में कृषि विज्ञानिक व कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस बारे में अभी तक कोई जानकारी अपने स्तर से किसान भाईयों के लिये जारी नहीं की है। लेकिन जिस तरह से नौपता के दौरान गर्मी की व्यापकता का अंदेशा जाहिर किया जा रहा है उसको देखते हुये किसान भाईयों के माथे पर चिंता की लकीरें जरूर देखी जा रही है। फिलहाल तो किसान भाईयों ने 25 मई से शुरू होने वाले नौपता को लेकर गांव में लगने वाली चौपालों में चर्चायें होनी शुरू हो गयी है।

### पशु, पक्षियों की भी सेहत बिगाड़ सकती गर्मी का प्रकोप

**उरई।** किसी भी मौसम की उग्रता से आम इंसान ही नहीं बल्कि पशु, पक्षी भी प्रभावित होने से बच नहीं सकते हैं। इस वर्ष 25 मई से शुरू होने जा रहे नौपता के दौरान भीषण लू चलने के साथ ही पारा में हर रोज बढ़ोत्तरी होने की संभावना को देखते हुये गर्मी की तपिस पशु, पक्षियों की सेहत बिगाड़ सकती है। इस तरह की संभावना को देखते हुये पालतू दुधारू पशुओं की तो देखरेख सहजता से हो सकती हैं लेकिन प्रकृति की अनमोल धरोहर कहलाने वाले पक्षियों के लिये गर्म मौसम किसी मुसीबत से कम नहीं हो सकता।

### संबंध विच्छेद

खराब चाल चलन के कारण हम अपने पुत्र सुहेव खान को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल रहे है। अब उसके किसी भी कृत्य से हमारा कोई लेना देना नही हैं।

**सुहिल पुत्र फजल्ले निवासी सैय्यदबाडा तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज**

# ताड़ के पेड़ों की जांच करने गई आबकारी टीम के ऊपर हमला, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव भूलनपुर चिरपुरा में अवैध ताड़ी बेचने की शिकायत पर पहुंची आबकारी विभाग की टीम के ऊपर दबंगों ने पथराव कर दिया। जिससे एक सिपाही घायल हो गया तथा गाड़ी के शीशे भी क्षतिग्रस्त हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव भूलनपुर चिरपुरा गांव में काफी ताड़ के पेड़ हैं। जहां पर काफी दिनों से ताड़ी की बिक्री की जाती है। जिसकी शिकायत किसी ने आबकारी विभाग से की। शिकायत की सूचना पर पहुंची आबकारी विभाग की टीम भोजपुर चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह को साथ लेकर जांच करने व ताड़ी के वृक्षों के हत्ते कटवाने के लिए


मौके पर मौजूद आबकारी टीम व पुलिस

नगला खेम रेंगाई निवासी मासूम पुत्र मैकू सिंह को साथ में लेकर पहुंची। लगभग 500 मीटर पहले अपनी गाड़ी रोककर वहां पर पूछताछ की, तो पता चला कि यहां पर सुखपाल देवेंद्र उर्फ देव सिंह पुत्रगण इंद्रपाल, सुनील पुत्र रामबाबू, प्रभु दयाल पुत्र रामचंद्र के द्वारा अवैध ताड़ी की बिक्री की जा रही है। इसके बाद आवकारी विभाग की टीम ने साथ में गए कारीगर मासूम के द्वारा ताड़ी के पेड़ों के हत्ते कटवाने के लिए कहा, तभी उपरोक्त लोगों के साथ में 9-10 अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। आबकारी विभाग की टीम के द्वारा मना करने पर इन लोगों ने ईंट पत्थर चलाने शुरु कर दिये। जिससे आबकारी विभाग की टीम में भगदड़ मच गई तथा सिपाही विपिन कुमार घायल हो गया तथा आबकारी विभाग की गाड़ी के शीशे भी टूट गए। इसके बाद टीम अपना बचाव करके वहां से चली आई और मौके से दो लोग सुखपाल और देवेंद्र को पकड़ लाई। कमालगंज थाने पर आकर आबकारी निरीक्षक सचिन कुमार क्षेत्र संख्या तीन, आबकारी निरीक्षक गौरव कुमार क्षेत्र संख्या एक, आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चौबे क्षेत्र संख्या दो, प्रधान सिपाही रणवीर सिंह व श्याम बरन सिंह, सिपाही नारायण भारती, विपिन कुमार, महिला सिपाही नीतू, सुनीता ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने धारा-147, 148, 323, 504, 506, 427, 332, 353, 336 आई.पी.सी के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ग्रामीणों ने प्रधान पर गलत तरीके से मृतकों व अपात्रों को पट्टे करने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान द्वारा गलत तरीके से मृतकों तथा अपात्रों के नाम पत्रावली तैयार कर पट्टे आवंटित कर दिये। जिस पर दर्जनों ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पट्टे निरस्त कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजौरी के मजरा नगला मन के दर्जनों ग्रामीणों ने आज उप जिलाधिकारी कायमगंज को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान सावित्री देवी पत्नी भूमिराज यादव ने गलत तरीके से पत्रावली तैयार कर अपात्रों तथा मृतकों के नाम पट्टे कर दिये। जिन्हें निरस्त किया जाये। जब इस बाबत ग्राम प्रधान सावित्री देवी के पति भूमिराज यादव से फोन पर वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि ऐसा


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

कुछ नहीं है। जब पत्रावली तैयार की गई थी, तो पात्र व्यक्ति जीवित थे। जिसमें एक दो व्यक्तियों की मृत्यु अवश्य हुई है। जिस पर क्षेत्रीय कानूनगो व लेखपाल ने उनके पट्टे निरस्त करने के लिए रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी है। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि अभी पत्रावली पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो सकी है और मृतकों के नाम पट्टा निरस्तीकरण की रिपोर्ट कानूनगो द्वारा लगा दी गई है। वहीं उप जिला अधिकारी के द्वारा उनको जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

# कलियुगी पुत्र ने मां को पीटकर किया लहूलुहान


अस्पताल में भर्ती घायल वृद्धा

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी आशा के तीन पुत्र हैं। वह छोटे पुत्र रोहित के साथ रहती है। बुधवार शाम दूसरे नंबर का पुत्र आशा के बिजली कनेक्शन से तार जोड़ रहा था। जिसका माँ आशा ने विरोध किया। विरोध करने पर पुत्र ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने आकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# सीडीओ को गौशालाओं में मिली अव्यवस्था, सचिव का रोका वेतन


गौशाला का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी ने बुधवार को गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। अव्यवस्थायें मिलने पर सचिव का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने बुधवार को गौवंश आश्रय स्थल नेकपुर खुर्द एवम् बसेली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पाया गया कि दोनों गौवंश आश्रय स्थल पर गौवंशों को हरा चारा नहीं खिलाया जा रहा है।साथ ही निरीक्षण के समय सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। उपस्थित गौपालक को विधिवत साफ -सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

साथ ही भविष्य में गंदगी पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पानी की व्यवस्था ठीक पाई गई। गौवांश आश्रय स्थल बसेली में एक गौवंश बीमार पाया गया तथा भूसा पर्याप्त मात्रा में नहीं पाया गया।

जिस पर ग्राम सचिव बसेली का इस माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। भविष्य में निरीक्षण के समय अव्यवस्था पाए जाने पर संबन्धित सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो भी शासन की मंशा के अनुरुप कार्य नहीं करेगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद थाना पुलिस ने मु0अ0सं0 31/2024 धारा-363, 366, 376 आई.पी.सी. व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त इन्द्रवेश यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी उलियापुर भगवन्त थाना शमशाबाद को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि वादी की तहरीर के आधार पर दिनांक 22.02.2024 को थाना पुलिस ने उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 लक्ष्मिन सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। पुलिस द्वारा अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी है। पीड़िता के बयान 161/164 सी.आर.पी.सी. व मेडिकल परीक्षण आदि साक्ष्यों से धारा-366, 376 आई.पी.सी. व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दो दुकानदारों के किये चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। दो स्थानों पर दुकानदार बिना लाइसेंस व बिना पंजीकरण के खाद्य कारोबार करते पाये गये। जिस पर उनका चालान किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार व डॉ. शैलेंद्र रावत ने पपड़ी खुर्द थाना कायमगंज में मो. रफी पुत्र नासर खाँ के खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। मौके पर नाजरीन बेगम पत्नी मो0 रफी कोल्डड्रिंक, थम्सअप, स्प्राइट, आटा, चीनी, दूध, नमकीन एवं अन्य खाद्य पदार्थ बेचते हुए पाया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय काउन्टर व फ्रिज में कोल्डड्रिंक भंडारित पायी गयी, परन्तु कोल्डड्रिंक एक्सपायरी नहीं थी। खाद्य कारोबारकर्ता से जब लाइसेंस/


चालान की कार्यवाही करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

पंजीकरण पत्र दिखाने को कहा गया, तो वह दिखा नहीं सकीं। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चालान करते हुए वाद संस्थित कराने की कार्यवाही की।

ग्राम पपड़ी खुर्द में में ही एक अन्य खाद्य प्रतिष्ठान दिव्यांशी काव्या किराना स्टोर के मालिक राहुल शाक्य उर्फ रोहित कुमार पुत्र कालीचरन व विक्रेता अतुल कुमार पुत्र कालीचरन शाक्य को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत पंजीकरण/लाइसेंस प्राप्त किये बिना खाद्य व्यवसाय करते हुए पाया गया। जिस पर चालान करते हुए वाद संस्थित कराने की कार्यवाही की।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कम्पिल क्षेत्र के गांव समौदिया निवासी मनीष (31) जनपद कासगंज के थाना जैथरा के गांव नगला लाहौरी निवासी शिव प्रताप (26) व क्षेत्र के गांव सत्तार नगर निवासी जोगराज घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद शिव प्रताप को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### वार काउंसिल के अध्यक्ष ने तहसील बार एसो. का चुनाव तीन सप्ताह में कराने के दिये आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव न कराये जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने वार काउंसिल ऑफ उप्र के अध्यक्ष को पत्र भेजकर चुनाव कराये जाने की मांग की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए वार काउंसिल ऑफ उप्र के अध्यक्ष ने पत्र भेजकर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष तथा वार एसोसिएशन के अध्यक्ष/मंत्री को आदेशित किया है कि वह तीन सप्ताह के अंदर बार एसोसिएशन तहसील सदर का चुनाव मॉडल बाईलॉज के नियमों के अनुरुप सम्पन्न करायें। साथ ही कार्यालय वार काउंसिल ऑफ उप्र को अवगत करायें। अन्यथा की स्थिति में वार काउंसिल उप्र आपके विरुद्ध अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा-35 के अंतर्गत कदाचरण का दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित की जायेगी।

### खौलता दूध गिरने से महिला जली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव फरीदपुर निवासी अम्बरवती उम्र 34 वर्षीय पत्नी महिपाल गैस चूल्हे पर दूध गर्म करके उसे उतार रही थी, तभी अचानक दूध की डोलची उसके हाथ से छूट गई। जिससे गर्म दूध से वह झुलस गई। परिजनों ने नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव मटकी सुरईया निवासी रोशनी उम्र 18 वर्षीय पुत्री सुलेमान ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

### वृद्ध की हालत बिगड़ी, सीएचसी में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी राजेन्द्र कौशल उम्र 80 वर्षीय पुत्र महावीर की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया है। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### लिंटर गिरने से युवती घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी लक्ष्मी बुधवार शाम छत पर कपड़े सुखाने गयी थी। अचानक कमरे की छत का लिंटर गिर गया। जिससे वह घायल हो गयी। परिवार के अन्य सदस्य घटना के समय बाहर थे। परिजनों का कहना है कि मकान जर्जर हालत में था। जिससे दुर्घटना हो गयी। परिजनों ने घायल को सीएचसी कायमगंज मे भर्ती करवाया।

### अज्ञात कारणों से भिखारी फकीर की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में भिखारी फकीर की मौत हो गयी। उसका शव रेलवे स्टेशन के पास पड़ा देखा गया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांवों में घूम-घूमकर भीख मांगकर अपना भरण पोषण करने वाले दिव्यांग अज्ञात फकीर की आज रात में किसी समय मौत हो गई। जिसका शव कमालगंज रेलवे स्टेशन के पास में पड़ा हुआ देखा गया। काफी देर शव पड़ा रहने के बावजूद भी उसकी कोई जानकारी ना हो सकी। जिसके बाद में जीआरपी पुलिस ने उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं आसपास के दुकानदारों ने बताया कि भिखारी शाम को भीख मांगते हुए स्टेशन के पास चला गया था। आज सुबह वह मृत अवस्था में पाया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

▸ युवक की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए किया रेफर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढीलारे नगला निवासी विकास पुत्र महेंद्र सिंह उम्र 20 वर्ष बाइक द्वारा बहन की ससुराल कायमगंज जा रहा था। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज स्थित ईट भट्ठे के सामने गुजरते समय कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित


सीएचसी में भर्ती घायल

हो गयी। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा गम्भीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना था तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# जिला जज व जिलाधिकारी ने सुनी बंदी-कैदियों की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से केंद्रीय कारागार एवं जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारियों ने कैदी/बंदियों की समस्यायें सुनीं।

जानकारी के अनुसार बुधवार को जिला जज विनय कुमार, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रुप से केंद्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारियों ने जिला जेल तथा केंद्रीय कारागार में कैदी/बंदियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कई कैदियों/बंदियों ने बताया कि वह बीमार हैं। उनका


जिला जेल का निरीक्षण कर वापस आते डीएम, डीजे व एसपी

समुचित उपचार नहीं हो पा रहा है। जिस पर आलाधिकारियों ने जेल अधीक्षकों को बंदी/कैदियों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक तथा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक घायल


मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण


एंबूलेंस में घायल युवक

▸ गांव के ही एक युवक पर गोली मारने का लगाया आरोप

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक घायल हो गया। युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर तमंचे से गोली मारने का आरोप लगाया। तहरीर देने की बात कहने पर युवक सीएचसी से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद के क्षेत्र ग्राम शरीफ पुर छिछनी निवासी 35 वर्षीय भूरे जो कि संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। घायल युवक का आरोप था गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा तमंचे से गोली मारी गई है। घटना की सूचना पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक से पूछताछ की। घायल को सीएचसी में उपचार के लिए लाया गया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और युवक से पूछताछ की। चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। साथ ही कहा कि इलाज कराना है तो थाने में लिखित सूचना देकर आओ। जिस पर घायल युवक आरोपी के खिलाफ तहरीर देने के बहाने फरार हो गया। थाना अध्यक्ष शमशाबाद बलराज भाटी ने बताया युवक द्वारा गोली मारने की सूचना दी गई थी। जिस पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने बताया मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों के अनुसार भाई-भाई में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।

# प्रसूता व नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा


पुलिस के सामने आरोप लगाते परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर अमलैया निवासी इंद्रेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी सीमा को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार दोपहर 11 बजे आशा कार्यकर्ता अनीता ने सीमा को मसेनी स्थित अंजली हास्पिटल में भर्ती कराया। नर्सिंगहोम में स्वजन से प्रसव कराने पर 22 हजार रुपये जमा कराए गये। आपरेशन से सीमा को प्रसव कराया गया। सीमा ने बेटे को जन्म दिया। इस दौरान दोनों की हालत बिगड़ गई। नवजात को लोहिया अस्पताल के एसएनसीयू भेज दिया गया। वहां पर शिशु ने दम तोड़ दिया। संचालक की सलाह पर स्वजन सीमा को सैफई ले जा रहे थे। रास्ते में सीमा ने भी दम तोजड दिया। स्वजन दोनों के शव नर्सिंगहोम ले आए और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। जिस पर नर्सिंगहोम संचालक सुधीर कुमार ने सीमा के पति की पिटाई कर दी। पुलिस ने जांच कर सुधीर को हिरासत में ले लिया। ब्लड के नाम पर 20 हजार जमा कराने का आरोप लगाया गया।

### जानलेवा हमले में अधिवक्ता का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कुल्हाड़ी से हमला करने वाले अधिवक्ता का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. द्वितीय ने खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला अमीन खां निवासी जाहर सिंह यादव पुत्र बालकराम के घर में घुसकर दिनांक 17.11.2023 को तहसील सदर में वकालत करने वाले अधिवक्ता जितेंद्र सक्सेना उर्फ कल्लू व उसके साथियों ने कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर 65 वर्षीय वृद्ध महिला विपनेश व जाहर सिंह के पुत्र योगेश व जाहर सिंह को गम्भीर रुप से घायल कर दिया। इस हमले में तीनों लोग गम्भीर रुप से घायल होने के उपरांत सेना के वेस अस्पताल नई दिल्ली में भर्ती हुए। जहां से उपचार कराने के उपरांत घर आये। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फर्रुखाबाद के यहां अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सक्सेना ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। जिसकी सुनवाई 21 मई 2024 को अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. द्वितीय सतेंद्र सिंह वर्मा की अदालत में हुई। सुनवाई उपरांत अभियोजन पक्ष व अभियुक्त के अधिवक्ता की सुनवाई के उपरांत न्यायाधीश ने कहा कि अपराध गम्भीर प्रकृति का है। यदि जमानत पर रिहा किया गया तो उसके मनोबल में बढ़ोत्तरी होगी और अपराध पुनः किये जाने की सम्भावना रहेगी। सुनवाई होने के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी.द्वितीय ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# प्रधानाचार्य परिषद के चुनाव में जनपद के संदीप कुमार को मिली प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी

▸ संगठन संचालन समिति में डॉ. सुरेश रस्तोगी, सुनील मिश्रा को दायित्व सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के संपन्न हुए चुनाव में डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। मनोहर भूषण इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित परिषद की कार्य समिति की बैठक में प्रधानाचार्य की विभागीय एवं व्यवहारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। सर्व समस्या प्रदेश कार्यकारी का चुनाव किया गया। चुनाव से भाग लेकर वापस लौटे नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि संरक्षक मंडल में डॉ. वेदांत त्रिपाठी, मेजर जेपी मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष बृजेश शर्मा को संरक्षक मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश महामंत्री पद पर डॉ. संदीप चतुर्वेदी, डॉ. मनोज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व राजेश कुमार अग्निहोत्री को सौंपा गया।

प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. शिवेंद्र सिंह प्रभारी पश्चिमी जोन, प्रदेश संयुक्त मंत्री डॉ. एसपी पांडे, डॉ अखिलेश चंद्र त्रिपाठी प्रदेश को आदर्श बनाए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर डॉ. संदीप इंद्र वार, महामंत्री संगठन डॉ. जितेंद्र पटेल को बनाया गया। संगठन संचालन समिति में डॉ. सुरेश रस्तोगी, सुनील मिश्रा को दायित्व सौंपा गया है। शेष पदों पर सर्व समस्या जिम्मेदार और संघर्षशील प्रधानाचार्यो का चयन किया जाएगा।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते परिषद के लोग

# खाद्य सुरक्षा टीम ने जांचे 30 नमूने, चार फेल

▸ 35 खाद्य कारोबारियों को दिया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र छोटी जेल चौराह पर खाद्य पदार्थों की जांच की तथा 35 खाद्य कारोबार कर्ताओं एवं आम जनमानस को नमूना जांच का प्रशिक्षण दिया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया।

इस दौरान टीम ने जांच के लिए खाद्य पदार्थों के भरे गये 30 नमूनों में से 4 नमूने फेल हो गये। एफएसडब्लू के साथ आये गुलाब सिंह व खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने नमूनों की जांच की। टीम ने दिनेश के प्रतिष्ठान से बेसन लड्डू, पेड़ा का नमूना लिया। जांच के दौरान बेसन लड्डू का नमूना फेल निकला। बंगाली स्वीट्स की दुकान से टीम ने पेड़ा, बर्फी, बेसन लड्डू का नमूना लिया। जांच में बेसन लड्डू का नमूना फेल हो गया। अमन किराना स्टोर, मंसूरी प्रोविजन स्टोर, विनोद, वर्मा स्वीट हाउस, सर्वेश कुमार के प्रतिष्ठान से टीम ने जांच के नमूना लिया। जो सभी सही निकले। वहीं टीम ने अवधेश के प्रतिष्ठान से मूंग दाल सौंफ, जीरा, अरहर दाल का नमूना लिया। जांच के दौरान सौंफ का नमूना फेल निकला। विकास व पाल मिष्ठान भण्डार की दुकान से टीम ने नमूना लिया। टीम ने कौशल की दुकान से काली मिर्च, मूंगदाल, अरहर दाल का नमूना लिया। जांच में काली मिर्च का नमूना फेल हो गया। टीम ने फेल नमूना कारोबारियों को सचेत करते हुए विक्रय पर रोक लगा दी है।




लोगों को जागरुक करती टीम

# खेत में घास काटने पर दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में घास काटने पर युवकों को दबंगों ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ितों ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबना निवासी गौतम पुत्र वीरपाल जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज वह अपने गांव के ही साथियों के साथ खेतों में घास काटने गए हुए थे, तभी घास काटते समय खेत मालिक गांव हरदुआ निवासी अमित, भूरे, रोहित आ गए और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो दबंग आगबबूला हो गए और अपने साथियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे घास काटने गए सभी लोगों के चोट लगी। तब पीड़ित व्यक्ति थाने आए और थाना पुलिस को गांव हरदुआ निवासी नामजद आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# भारत कौशल कार्यक्रम में जनपद के गंभीर सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार की ओर से भारत कौशल कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में किया गया। जिसमें देश भर से अलग-अलग राज्यों से 2.50 लाख प्रतिभागी में से 900 नेशनल स्तर के लिए प्रतिभागी चुने गए।

जिन्होंने विभिन्न क्षेत्र में प्रतिभाग किया। भोलेपुर-बेवर रोड निवासी गंभीर सिंह ने प्रोस्थेटिक और मेकअप (आर्टिस्ट) क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल करके गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

जनपद पहुंचने पर गंभीर सिंह का उनके शुभ चिंताकों ने जोरदार स्वागत किया। पुत्र को गोल्ड मिलने पर गंभीर सिंह के परिवार में खुशी की लहर है। गंभीर सिंह ने अपनी शिक्षा जनपद के केंद्रीय विद्यालय से की। बचपन से ही गंभीर सिंह को मेकअप के कला क्षेत्र में रूचि रही। जहां आज बड़े स्तर के कार्यक्रमों में अपनी कला के माध्यम से अपने परिजनों व जनपद का नाम रोशन कर रहे है। गंभीर सिंह के शुभ चिंतकों ने बताया कि बॉलीवुड से भी ऑफर आ रहा है।




स्वर्ण पदक प्राप्त करते गंभीर सिंह



# यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष ने टीम के साथ की ईवीएम की निगरानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मंडी में ईवीएम निगरानी के रोस्टर प्लान के अनुसार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव के पुत्र गौरव यादव व यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मो0 इजहार खां की अगुवाई में समाजवादी पार्टी के नेता सातनपुर मंडी पहुंचे। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि रोस्टर की तरह यह निगरानी 3 जून तक निरंतर चलती रहेगी। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इजहार खां ने अपनी टीम के साथ सातनपुर मण्डी में पहुंचकर ईवीएम की निगरानी की। इस अवसर पर जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड गौरव यादव आजाद, नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद मनोज यादव, कोषाध्यक्ष सोनू यादव, उपाध्यक्ष प्रखर मिश्रा, सचिव धर्मेंद्र यादव, एमपी सिंह, रोहित यादव, गौरव यादव, हीरा यादव, मनोज यादव नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद, हर्षित शाक्य, मोनू यादव, शीलू, सह मीडिया प्रभारी अखिल कठेरिया, आदित्य शाक्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# चलें प्रकृति की ओर, संभालें इसकी सुरक्षा की बागडोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अंतर्गत जन सामान्य को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बताया हम सभी का प्रकृति के साथ एक अभूतपूर्व संबंध है। हम सभी आज के तकनीकी प्रगति के बावजूद प्रकृति पर निर्भर हैं।

इसलिए हमें अपने पर्यावरण को पूरी तरह से स्वस्थ और जीवंत रखना है जिसके लिए हमारा प्रयास सर्वोपरि है। ईको क्लब की सदस्य तथा जैव विविधता एवं सस्टेनेबिलिटी की मार्गदर्शिका पूनम शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस 2024 की थीम योजना का हिस्सा बने हैं। यह सरकारी, स्वदेशी लोगों, स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, कानून निर्माताओं, व्यवसाययों और जन सामान्य को उन तरीकों से उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिसमें वह जैव विविधता योजना को आगे बढ़ा सके और जिससे फसलों की किस्मो और पशुधन की नसलों के बीच पारिस्थितिक तंत्र जैसे झील, जंगल, रेगिस्तान आदि के बीच परस्पर सामंजस्य बनाया जा सके। जैव विविधता के नुकसान से हम सभी के स्वास्थ्य का नुकसान होता है हमें भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक संपत्ति की तरह जैव विविधता को सुरक्षित रखना है। इसी विषय पर सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता के महत्व को देखते हुए विद्यालय में स्लोगन के माध्यम से छात्राओं द्वारा जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ0 महेश राजपूत, राधा दीक्षित, सुनीता पांडे, अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि उपस्थित रहे।




स्लोगन पटिट्काओं के साथ मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

# 250 महिलाओं को ई-रिक्शा का दिया गया प्रशिक्षण

▸ सभी को वितरित की गई किटें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एमएसई प्रदेश सरकार के सहयोग से यूपी आईकॉन द्वारा ई-रिक्शा का 125 महिलाओं को प्रशिक्षण केंद्र बिहारी मोटर ट्रेनिंग स्कूल गंगा नगर व टीका नगला में बुधवार को दिया गया। 250 महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जीएमडीआईसी व सहायक प्रबंधक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डीएमडीआईसी ने निरीक्षण में सभी केंद्रों का संचालन विधिवत विभाग के नियमानुसार चलता मिला। प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षार्थियों के बैठने व खान-पान की व्यवस्था व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था थी। मास्टर ट्रेनर नीलम शाक्य, अर्चना मिश्रा, शिवानी, ममता, रामनीलम, शशि, बबली आदि ने प्रशिक्षण दिया। बृज बिहारी कालेज के संचालक मनोज अग्निहोत्री, व्यापार मण्डल के तहसील अध्यक्ष राजू गौतम, जिला समन्वयक जानकी प्रसाद शाक्य, हरिओम शाक्य, डॉ. उमेश चन्द्र आदि ने 200 महिलाओं को किट वितरित की तथा प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत ई-रिक्शा प्रशिक्षण दिया, साथ ही उत्साह वर्धन कर महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

# गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम को सर्वश्रेष्ठ बताया

▸ भरत भैया को उनकी छाया बनाकर कार्य किया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहई रोड में डॉ. शिवओम अंबर द्वारा मानस के गहन चिंतन मनन अध्ययन के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास ने श्री रामचरितमानस में सनातन धर्म के वेद शास्त्र नाना प्रकार के पुराणों से मानव जीवन के मानव मूल्यों को समाज में महाकाव्य की रचना की। उन्होंने मानस के प्रत्येक पात्र के माध्यम से सनातन धर्म का संदेश दिया।

अतीत काल में समाज की दशा दिशा क्या थी, अर्थात उस काल में मानव मूल्यों की स्थापना करने का प्रयास किया, जो सामाजिक समाज के लिए प्रेरणायक स्रोत है।

द्वितीय सोपान में अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने श्री रामचरितमानस में अपने श्री राम आराध्य देव को सर्वश्रेष्ठ मानव बताया तो भरत भैया को उनकी छाया बनाकर कार्य किया। मानस में अपने पत्रों के माध्यम के द्वारा भरत को आदर्श माना। उनके त्याग, तपस्या, समर्पण बैराग की भावना तो दूसरी ओर देव ऋषि नारद की दृष्टि- जेहि विधि नाथ होई हित मोरा, श्री राम करुणा के सागर हैं श्री राम साध्य है तो भारत साधन है। विश्व में पूरी दुनिया श्री राम का नाम जपती है और श्रीराम जी भरत भैया का स्मरण करते हैं। भरत सरिस राम सनेही जग जय राम राम जय जेही, श्री राम मानव जीवन के आदर्श हैं, उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतरे अर्थात प्रेरणा लें वह दया के सागर हैं उनको स्मरण मात्र से संकट के अंधकार में प्रकाश पुन्ज है अर्थात अपने भक्तों का मंगल करते हैं। अयोध्या कांड की फल श्रुति, भरत चरित्र करि नेम तुलसी जे सादर सुनहि, सीय राम पद प्रेम अवसि होई भव रस विरति॥ मंत्र का जाप करें, इसका स्मरण करें, जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम का वीराम महा आरती प्रसाद के साथ हुआ।

मुख्य यजमान सुरेंद्र पांडेय, राजन, विजेंद्र, सुरेंद्र सफ्फड़, जितेंद्र अग्रवाल, सिगतिया इंदिरा, ललिता, गरिमा पाण्डेय, अलका पांडेय आदि मानस प्रेमियों ने आध्यात्मिक रस का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन बृज किशोर सिंह किशोर ने किया। सुरेंद्र सफ्फड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।



प्रवचन करते डॉ. शिवओम अम्बर व मौजूद महिलायें

# संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला शुरु



कार्यशाला में मेंहदी सीखती छात्राएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में प्रवेश लिया। मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कालेज में आयोजित कार्यशाला का बुधवार को प्रातः काल संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विद्यालय भवन में व्यवस्था को परखा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन में कथक, मेंहदी, ढोलक, सिलाई आदि विधाओं में छात्राओं ने प्रवेश लिए। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, रविन्द्र भदौरिया, अध्यक्ष डॉ. नवनीत गुप्ता, दिलीप कश्यप, सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव, संयोजक डॉ सर्वेश श्रीवास्तव, अर्पण शाक्य, दीपक रंजन सक्सेना, रामेंद्र कमठान आदि मौजूद रहें।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में बुधवार को विद्यालय के अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, सह प्रबंधक सुधाकर चतुर्वेदी व विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन व पुष्पअर्चन कर किया।बाहर से आए सभी प्रशिक्षकों का प्रधानाचार्य ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि हमें महात्मा गांधी, वीर शिवाजी के आदर्शो पर चलना चाहिए। जिन्होंने कहानियों से प्रेरणा लेकर इन महान हस्तियों ने सत्य वचन के मार्ग पर चलकर विश्व पटल में अपना नाम अमर कर दिया। हमें अपने विचारों को ऐसे बनाए। जिससे हमारे अन्दर शारीरिक मानसिक एवं आंतरिक रूप से स्वता परिवर्तन हो जाये और हम जो चाहें वही बन जाए।

प्रधानाचार्य ने बताया कि हमें निरंतर हमारे अन्दर छिपी प्रतिभाओं को उभारना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य जिससे हमें कभी भी एकांकी मार्ग पर न चलकर बल्कि सभी विधाओं में परिपक्व होना चाहिए। जिससे हम स्वामलंभी बन सके। विद्यालय में कंप्यूटर, मेहंदी, ढोलक, कथक, हरमोनियम, चित्रकला, नृत्य, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स आदि एक दर्जन से अधिक विधाएं ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय परिवार के सभी भैया बहनों को बाहर से आए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर रामानद पांडेय, प्रदीप अवस्थी, वीरेश कुमार, प्रदीप कुमार शर्मा, बृजपाल सिंह, शिवमोहन, कृष्ण कुमार, आलोक कुमार सिंह, शिव कुमार, रजनीश मिश्रा, संजीव शाक्य आदि मौजूद रहे।




शिविर में दीप प्रज्वलित करते अध्यक्ष, प्रबंधक आदि मौजूद छात्र

# जैव विविधता दिवस पर जीव, जंतु, पेड़-पौधों की रक्षा के लिए दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति, वन विभाग के तत्वाधान में विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर विवेकानंद क्लासेस में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परियोजनाधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में युवाओं को जैव विविधता के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि जैव विविधता का उद्देश्य प्राकृतिक में मौजूद जीव जंतु एवं पेड़ की रक्षा करना और उनके महत्व को समझना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र के द्वारा इस अभियान का शुभारंभ किया गया था। जिसका उद्देश्य लोगों को जैव विविधता के बारे में समझने और जैव विविधता का संरक्षण करने के लिए था।तब से लगातार यह दिवस मनाया जाता है।

प्रशिक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आज हमारा वातावरण असंतुलित होता जा रहा है जिसका कारण हम सभी मनुष्य हैं।

जाने अनजाने में हम सभी प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। अतः हम सभी को चाहिए कि कम से कम एक दिन निकाल कर अपने पर्यावरण के लिए सोचें विचारे एवं कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी युवाओं को जैव विविधता से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर वितरित किए गए। सभी को जैव विविधता का सरंक्षण करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक रोहित दीक्षित, अतुल यादव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।




जैव विविधता के बारे में जानकारी देती निहारिका पटेल

# भगवान नरसिंह के जन्मोत्सव पर भण्डारा आयोजित



नरसिंह अवतार पर पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित सनकादेश्वर महाकाल मंदिर में बुधवार को भगवान नरसिंह जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल कन्याभोज व हवन व भण्डारे का आयोजन किया गया।

महाकाल मंदिर के प्रमुख साध्वी अर्चना दीक्षित के द्वारा नरसिंह प्रतिमा का नूतन वस्त्रों से अलंकृत व पुष्प माला के साथ दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। मंदिर में महायज्ञ में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। भगवान नरसिंह के अवतार पर प्रसन्न होकर भक्तों ने आहूतियां दी। शुक्ल पक्ष चतुर्थदशी को हिरणा कश्यप दैत्य के आतंक से भक्त प्रहलाद की करुणाभरी पुकार से स्तम्भ फाड़कर भगवान नरसिंह ने अवतार लिया तथा हिरण्यकश्यप को कभी किसी वस्तु व शस्त्र से न मरने का वरदान प्राप्त था। संध्या काल के समय न दिन व न रात, न ऊपर न नीचे, पशु व न मनुष्य, न अस्त्र न शस्त्र, न रात न दिन समय चक्र के वास्ते शेर नीचे मनुष्य के रुप में नरसिंह ने प्रकट होकर अपने हरि भक्त को बचाकर हिरण्यकश्यप का संहार किया।

पांचाल घाट स्थित सनकादेश्वर महाकाल मंदिर पर अवतरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चंदन कटियार, अवधेश बाजपेयी, रामबाबू चौरसिया, देवेन्द्र, मुकेश, रविकांत, सुरेन्द्र, लक्ष्मी, सरोज, सिखा, जगदेवी, मीरा, पदमा आदि भक्त मौजूद रहे। साथ ही सेवादास बाबा बेंचेगिरी, विजय गिरी, छोटे गिरी, मनोजानंद, चेतनानंद आदि साधु-संतों ने भी भाग लिया।

त्योहार — बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष.....

# सत्य को सत्य स्वीकार करने से विकार दूर हो जाते हैं: नानकचन्द्र


▸ बुद्ध के पंचशील को मानव अपने-जीवन में उतार कर अनुसरण करें तो वह मनुष्य सुख शांति से रहेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान बुद्ध का वैशाखी पूर्णिमा को जन्म हुआ, उसी दिन (ज्ञान) बोधित्व और (मृत्यु) निर्वाण प्राप्त हुआ जो अपने आप में अद्भुत है, क्योंकि एक ही दिन में विश्व में किसी मानव को आज तक प्राप्त नहीं हुआ। तथागत भगवान बुद्ध का धम्म जो पाली भाषा में आप धम्म को धर्म जानते हैं। जिसमें आडंबरवाद यानी दिखावा नहीं है, बल्कि विज्ञान पर आधारित मस्तिष्क में सत्य को सत्य मानने वाला धम्म है।

उन्होंने बताया कि बुद्ध का दिया गया। पंचशील और उसकी विचारधारा पूरे विश्व के सभी देशों के संविधान में विद्यमान है जो बुद्ध के पंचशील को मानव अपने-जीवन में उतार कर अनुसरण करें तो वह मनुष्य सुख शांति से रहेगा।

सामाजिक चिंतक एवं लेखक नानक चन्द्र ने बताया कि बुद्ध ने आर्यसत सिद्ध किया कि जिसमें दुःख है तो दुःख का कारण और उसका निवारण भी है तथा चौथा मार्ग चलने का बताया। जिसमें दो आदतों से बचने की भी बात कही है। एक कामरोग यांनी भोगविलास लालसा से दूर रहने व शरीर को ज्यादा सुख और ज्यादा कष्ट न देकर मध्यम मार्ग अपना कर मनुष्य मन को स्वस्थ रख सकता और जीवन में अच्छे बुरे का सही निर्णय ले सकता है। संसार में जो भी चीज है वह अनित्य है उदाहरण के तौर पर मोमबत्ती स्वयं जलकर प्रकाश देता है धीमे-धीमे समाप्त हो जाती है। इसी प्रकार सारे संसार की रचना पदार्थ और ऊर्जा से हुई है। पहले अनुभव आया अनुभव से सीखा उसके बाद फिर वस्तु विनियम आया। पाषाण युग से पहले आडम्बर नहीं था। सत्य को सत्य स्वीकार करने से विकार दूर हो जाते हैं। यही दुख का निवारण है। उन्होंनें लोगों को बुद्ध और अंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में अनुसरण करने की सलाह दी। उन्होनें कहा कि इस दौरान बुद्ध विचारधारा का अनुसरण करता है और विचारधारा को प्रसारित करने काम करता है ऐसे अनुयाईयों को सम्मानित किया जाए तो अधिक पाल मिलेगा और समाज में वैज्ञानिक वाद की व्यवस्था मनुष्य में अपने आप स्वीकार हो जाएगी और इस तरह देश बुद्धमय में बन सकेगा और मानव-मानव एक समान के रास्ते पर चलकर प्रगतिशील बनेगा।



समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, गुरुवार, 23 मई, 2024




# टीएमसी शासन में भ्रष्टाचार का केंद्र बना बंगाल

## शाह का दावा, पांचवें चरण के बाद मोदी के नेतृत्व वाले राजग को 310 सीटें मिलीं

एजेंसी

**कांथी (बंगाल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के बाद 310 लोकसभा सीटें हासिल कर ली हैं और उसका लक्ष्य बंगाल में 30 सीटें जीतने का है।



PTI

**▸ ममता दीदी शुभेंदु पर जितना हमला करेंगी, उतना ही होगा मशहूर**

श्री शाह ने कहा, एक बार जब आप सातवें चरण के मतदान के अंत में भाजपा को 30 सीटें दे देंगे, तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस टुकड़ों में बंट जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनने से न केवल राज्य की जनसांख्यिकी बदल गयी है, बल्कि देश के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा, जब आपने 2019 में 18 सीटें दीं, तो प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल राम मंदिर के लिए अदालत में जीत हासिल की, बल्कि 22 जनवरी को भगवार का अभिषेक भी किया गया, और एक बार जब आप बंगाल में 30 सीटें सुनिश्चित कर देंगे, तो सत्तारूढ़ दल को भी इसके अंत का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य टीएमसी शासन के तहत भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। श्री शाह ने कहा, आसन्न हार को देखते हुए ममता दीदी अब साधु, संत, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ पर हमला कर रही हैं।

अगर भारत सेवाश्रम के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद नहीं होते तो यह पश्चिम बंगाल इस समय बंगलादेश में होता। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुश्मनी इस हद तक पहुंच गयी है कि ममता दीदी की पुलिस शुभेंदु अधिकारी के घरों की तलाशी लेने लगती है, जो बंगाल में लोकतांत्रिक मानदंडों के लगभग अंत का संकेत देता है। ममता दीदी शुभेंदु पर जितना हमला करेंगी, वह उतने मशहूर होते जाएंगे। श्री अधिकारी के छोटे भाई एवं भाजपा उम्मीदवार सौमेंदु अधिकारी के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, श्री शाह ने पूरे क्षेत्र के विकास में उनके योगदान के लिए श्री शुभेंदु अधिकारी की सराहना की।

### इंडी गठबंधन वाले चोर-चोर मौसेरे भाई : शिवराज

**धनबाद (झारखंड)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में झरिया स्थित जियलगोड़ा मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी समेत पूरे इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। शिवराज ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे कोयलांचल की धरती पर आने का मौका मिला लेकिन आज मन बहुत दुखी है। झारखंड को जिस तरह से लूटा गया है, उससे मन गुस्से से भर जाता है। इन इंडी गठबंधन वालों ने जिस तरह से कोयला, बालू, पत्थर, पहाड़, जमीन और सरकारी योजनाओं का पैसा लूटा वो असहनीय है लेकिन अब ऐसे भ्रष्टाचारी या तो जेल में हैं या इनके जेल जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जनता इन्हें जवाब देगी। झारखंड की जनता के मन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्यार, श्रद्धा और विश्वास है। इस बार झारखंड की सभी सीटें एनडीए गठबंधन जीत रही है। शिवराज ने कहा कि इन इंडी गठबंधन वालों के मंत्री, सांसद और विधायक सभी लूटने में लगे हैं। इनके यहां से करोड़ों रुपये मिलते हैं। इतना ही नहीं इनके पूर्व मुख्यमंत्री ने खुद सेना की जमीन लूटन का पाप किया है और यही वजह है कि वे आज जेल की सलाखों के पीछे हैं। पीएम मोदी गरीबों के लिए पैसे भेजते हैं और ये इंडी गठबंधन वाले अपने घरों में उन पैसों का पहाड़ खड़ा कर देते है और बड़ी ही बेशर्मी से चुनाव लड़ने आ जाते है। इन्हें तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

### बीजद विधायक ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) विधायक एवं पूर्व मंत्री ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सिमुलिया के दो बार विधायक रहे श्री पाणिग्रही ने बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को लिखे पत्र में कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में एक दशक तक सिमुलिया के लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि वह भविष्य में भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगे। नवीन पटनायक सरकार में 2019 से 2022 तक ओडिया भाषा साहित्य, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री का पद संभालने वाले श्री पाणिग्रही को 2024 में विधानसभा चुनाव के लिए टिकट से वंचित कर दिया गया और उनकी जगह सुभासिनी साहू को उम्मीदवार गया है।

# कंगना को काला झंडा दिखाने में बीजेपी-कांग्रेस में नोक-झोंक

एजेंसी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत को दो दिन पहले लाहौल एवं स्पीति के काजा में दिखाए गए काले झंडे के मुद्दे पर जारी तीखी नोक-झोंक के बीच इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने पिछले साल अप्रैल में दलाई लामा के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर बुधवार को अभिनेत्रीको आड़े हाथों लिया।

कंगना के खिलाफ चुनाव लड़ रहे सिंह ने एक सवाल में मंडी में कहा, ''आदिवासी क्षेत्र के लोग तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को अपने भगवान के रूप में पूजते हैं और अगर कोई उनके भगवान के खिलाफ किसी प्रकार की टिप्पणी करता है, तो वे निश्चित रूप से इसे पसंद नहीं करेंगे और इसका विरोध करेंगे।'' सिंह पर पलटवार करते हुए रनौत ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस का हाथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुंडागर्दी पर उतर आई है और काजा की घटना उसके ताबूत में आखिरी कील साबित होगी और उसकी जीत में अहम भूमिका निभाएगी।

लाहौल एवं स्पीति के उदयपुर में कंगना ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''कांग्रेस की इस स्तर की गुंडागर्दी देख कर मुझे दुख होता है, जो उसके चरित्र का परिचायक है... लोग कांग्रेस का असली चेहरा देख चुके हैं, जो हिंसा एवं गुंडागर्दी कर रही है। हालांकि सिंह नेकहा कि उनकी पार्टी का इस घटना से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है क्योंकि केंद्र में सत्तारूढ़ दल मंडी सीट हार रहा है।

# मनोज बाजपेयी ने अपनी 100वीं फिल्म भैया जी का मनाया जश्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इस रिवेंज ड्रामा फिल्म भैया जी में एक्टर मनोज बाजपेयी पहली बार एक्शन करते नजर आएंगे. अभिनेता ने ड्डुद्ध प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए लखनऊ का दौरा किया।

भैया जी साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। टीज़र से लेकर ट्रेलर और गानों तक, फिल्म से जुड़ी हर चीज़ ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और सकारात्मक उत्साह पैदा कर दिया है। मनोज बाजपेयी और निर्माता प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं। फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में सिनेमा श्रृंखलाओं के पास भैया जी के विशाल कट-आउट लगाए गए हैं। सिर्फ एक बंदा काफी है की टीम निश्चित रूप से धमाकेदार वापसी



कर रही है और इस बार वे इस रिवेंज ड्रामा के साथ एक बार फिर लोगों के दिलों को छूने के लिए यहां हैं। भैया जी की भूमिका में मनोज बाजपेयी अभिनीत यह फिल्म 24 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विनोद भानुशाली, समीक्षा शैल ओसवाल और शबाना रज़ा बाजपेयी प्रस्तुत करते हैं भैया जी, जो भानुशाली स्टूडियोज़ लिमिटेड, एसएसओ प्रोडक्शंस और ऑरेगा स्टूडियोज़ द्वारा निर्मित है। यह रिवेंज ड्रामा विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर द्वारा निर्मित है।

### इंसाफ़ मिलने तक लड़ाई लड़ती रहूंगी : मालीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया कि उन्हें बदनाम करने के लिए पार्टी नेताओं पर दबाव बनाया जा रहा है लेकिन इंसाफ़ मिलने तक लड़ाई लड़ती रहूँगी। मालीवाल ने आज एक्स पर लिखा कल पार्टी के एक बड़े नेता का फोन आया। उसने बताया कैसे सब पर बहुत ज़्यादा दबाव है, स्वाति के खि़लाफ़ गंदी बातें बोलनी हैं, उसकी व्यक्तिगत तस्वीरें लीक करके उसे तोड़ना है। ये बोला जा रहा है कि जो उसको सपोर्ट करेगा उसको पार्टी से निकाल देंगे। किसी को संवाददाता सम्मेलन करने की और किसी को ट्वीट्स करने की ड्यूटी मिली है। किसी की ड्यूटी है अमरीका में बैठे स्वयंसेवकों को फ़ोन करके मेरे खि़लाफ़ कुछ निकलवाना। आरोपी के कुछ करीबी पत्रकारों की ड्यूटी है कुछ फ़र्ज़ी स्टिंग ऑपरेशन बनाकर लाओ। उन्होंने कहा तुम हज़ारों की फौज खड़ी कर दो, अकेले सामना करूँगी क्योंकि सच मेरे साथ है।

# कोविड 19 के नए वेरिएंट फ्लिर्ट ने दी दस्तक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का खतरा अब तक पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। कोरोना वायरस का नया वेरिएंट देश में दस्तक दे चुका है, जिससे स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। कोरोना वायरस का ये नया वेरिएंट तेजी से भारत में पैर पसार रहा है। इस नए वेरिएंट के अब तक देश में 324 मामले दर्ज हुए है। इनमें से केपी.2 के मामले 290 और केपी.1 के मामले 34 सामने आए है। इन दोनों ही सब वेरिएंट को सामुहिक तौर पर फ्लिर्ट का नाम दिया गया है।

बता दें कि फ्लिर्ट ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट में शामिल है। केपी.1 और केपी.2 दोनों ही इसमें शामिल है। माना जा रहा है कि ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट जेएन1 के वंशज ही केपी.1 और केपी. 2 है। ओमिक्रॉन के इस वेरिएंट ने जमकर लोगों को अपना शिकार बनाया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो



वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस का जेएन 1 वेरिएंट और इसके दोनों नए सबवेरिएंट चर्चा में आ गए है। केपी.2 वेरिएंट को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मॉनिटर करने के निर्देश भी दिए है। बता दें कि नए वेरिएंट आने से कोरोना वायरस के नए मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अब तक अस्पताल में भर्ती होने के मामले दर्ज नहीं हुए है। ये भी कहा जा रहा है कि ये वायरस म्यूटेशन तेजी से करेगा क्योंकि ये सार्स कोव-2 जैसे नेचर का वायरस है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि ये दोनों जेएन1 स्वरूप के उप स्वरूप हैं और इनका संबंध अस्पताल में भर्ती होने के मामलों और गंभीर रूप से बीमार होने से नहीं है। इसलिए चिंतित होने या घबराने का कोई कारण नहीं है।

**अब तक सामने आए इतने केस**

`आईएनएससीओजी द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक केपी-1 के कुल 34 मामले सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सामने आए जिनमें से 23 मामले अकेले पश्चिम बंगाल में दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक इस उप स्वरूप का गोवा में एक, गुजरात में दो, हरियाणा में एक, महाराष्ट्र में चार, राजस्थान में दो और उत्तराखंड में एक मामला सामने आया। आईएनएससीओजी के मुताबिक केपी-2 उप स्वरूप के 290 मामले आए हैं, जिनमें से सबसे अधिक 148 मामले अकेले महाराष्ट्र के हैं। इसके अलावा दिल्ली में एक, गोवा में 12, गुजरात में 23, हरियाणा में तीन, कर्नाटक में चार, मध्य प्रदेश में एक, ओडिशा में 17, राजस्थान में 21, उत्तर प्रदेश में आठ, उत्तराखंड में 16 और पश्चिम बंगाल में 36 लोग इस उप स्वरूप से संक्रमित हुए।

## खबरें एक नजर में

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो बड्स और मोटो बड्स प्लस

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** दुनिया में टेक्नोलॉजी के अग्रणी ब्रांड, मोटोरोला ने बोस के साथ मिलकर भारत में वायरलेस स्टीरियो की पेशकश करते हुए मोटो बड्स और मोटो बड्स प्लस के लॉन्च की घोषणा की। स्मार्टफोन के दायरे से आगे बढ़ते हुए, मोटो बड्स फैमिली ने यूजर्स को सुकून भरा और उत्साहजनक अनुभव प्रदान करने के लिए मोटो के इकोसिस्टम में एक्सेसरीज को शामिल करते हुए मोटोरोला के मौजूदा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाया है। आज की तेज़ गति वाली दुनिया में बेहद सहज तरीके से इंटीग्रेशन और डायनेमिक ऑडियो अनुभव आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखते हुए मोटो बड्स फैमिली ने अपनी अलग पहचान बनाई है, जो यूजर्स को स्पष्टता के साथ-साथ इन्टेन्सिटी, स्टाइल एवं इनोवेशन का बेहतरीन तालमेल प्रदान करता है। मोटोरोला ने इस लॉन्च के लिए 'साउंड ऑफ़ परफेक्शन' पेश किया है, जो किसी भी मोबाइल फोन ब्रांड द्वारा पहली बार पेश की गई इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी है जो पांच अलग-अलग भाषाओं में पांच गाने बनाने के लिए पूरे भारत के सबसे बड़े म्यूजिक आर्टिस्ट को एक साथ लाता है, और एक परफेक्ट फ्यूज़न के लिए सभी कलाकार एकजुट होते हैं और अंत में एक बेमिसाल फ्यूज़न ट्रैक तैयार होता है। इस एल्बम का उद्देश्य यूजर्स को दिल को छू लेने वाले संगीत का अनुभव प्रदान करना है, जो सही मायने में मोटो बड्स फैमिली की ओर से पेश किए जाने वाले बेमिसाल ऑडियो अनुभव के अनुरूप है।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि में प्रवेश शुरु

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रण किये गये हैं। इस विशेष विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा की गई है, जो दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करता है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों से प्रवेश आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसमें स्नातक में बी.ए., बीसीए, बीबीए, बीपीए (गायन/तबला), बीएफए, स्नातकोत्तर में एम.ए (विभिन्न विषयों में), एमसीए, एमबीए, एमएफए, एमपीए (गायन/तबला), एमएसडब्ल्यू, शिक्षक प्रशिक्षण में बीएड, बीएड - विशेष शिक्षा (एच.आई./वी.आई.), एमएड तथा पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में पीजीडीसीए, पीजीडी योग है। विश्वविद्यालय ने 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की हैं, जबकि शेष सीटें सामान्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। विशेषताओं में दिव्यांगजन छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा, स्मार्ट कक्षाएं, बाधा रहित परिसर, अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हरा-भरा वातावरण, और पुनर्वास एवं रोजगार केंद्र शामिल हैं।

### महिला टीम फाइनल में, पुरुष कांस्य पदक से चूके

**येचियोन।** दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम बुधवार को यहां विश्व कप चरण 2 के फाइनल में पहुंच गई। हालांकि विश्व की नंबर 1 पुरुष कंपाउंड टीम, उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और कांस्य पदक से चूक गई। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की महिला तिकड़ी, जिन्होंने पिछले महीने शंघाई स्टेज 1 चरण में स्वर्ण पदक जीता था, ने सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर की टीम यूएसए को 233-229 से हराया। भारतीय टीम अब शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज तुर्की से भिड़ेगी। दूसरे सेमीफाइनल में तुर्की ने शीर्ष वरीय और स्थानीय प्रबल दावेदार दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम के लिए यह कुल मिलाकर आसान सफर था, जिसे क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अंतिम 16 में बाई मिली थी। उन्होंने अंतिम आठ में इटली को 236-234 से हराया था। प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अनुभवी अभिषेक वर्मा की पुरुष टीम, जो मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में चौथे स्थान पर खिसक गई थी, शूट-ऑफ में निचली रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया से 133-133 (10-10*) से हार गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर है, ने 59 के स्कोर से शुरुआत करके भारतीय तिकड़ी को आश्चर्यचकित कर दिया और भारत के मुकाबले केवल एक अंक कम हासिल किया। बेली वाइल्डमैन, ब्रैंडन हावेस और जोनाथन मिल्ने की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

### सचिन खिलारी ने शॉट पुट एफ46 वर्ग में जीता स्वर्ण

**कोबे।** भारत के सचिन सरजेराव खिलारी ने बुधवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड के साथ पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया। सचिन ने टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भी स्वर्ण जीता था। सचिन ने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान बनाए गए 16.21 मीटर के अपने एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए लोहे की गेंद को 16.30 मीटर की दूरी तक फेंका। भारत के पास अब 11 पदक हैं, जिनमें से पांच स्वर्ण हैं। इसी के साथ भारत ने पेरिस में 2023 संस्करण में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 10 (3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) को पीछे छोड़ दिया। अभी प्रतियोगिता के तीन दिन बाकी हैं और भारत के पास स्वर्ण सहित कुछ और पदक जीतने का मौका है। इससे पहले मंगलवार को मौजूदा पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने अपने एफ64 भाला फेंक विश्व खिताब का बचाव किया था, जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी अपने-अपने स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

### भारत का एमकैप पहुंचा पांच ट्रिलियन डॉलर

**नयी दिल्ली।** भारत का बाजार पूंजीकरण आज 5 लाख करोड़ डॉलर के स्तर को छू गया। देसी बाजारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह महीने से भी कम समय में बाजार पूंजीकरण में 1 लाख करोड़ डॉलर जोड़े हैं। भारत इस उपलब्धि के साथ ही अमेरिका, चीन और जापान जैसे 5 लाख करोड़ डॉलर बाजार पूंजीकरण वाले दुनिया के दिग्गज बाजारों में शामिल हो गया है। हालांकि बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर बंद भाव के अनुसार, भारत का बाजार पूंजीकरण (बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार मूल्य) 4.97 लाख करोड़ डॉलर यानी 414.6 लाख करोड़ रुपए रहा। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 4.93 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 411 लाख करोड़ रुपए हो गया। एनएसई अपेक्षाकृत बड़ा एक्सचेंज है, मगर उस पर कुछ ही कंपनियां सूचीबद्ध हैं। भारत का बाजार पूंजीकरण मार्च 2023 के अपने निचले स्तर के मुकाबले 60 फीसदी से अधिक बढ़ चुका है जो अधिकतर प्रमुख बाजारों के मुकाबले अधिक है। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों के शानदार प्रदर्शन से बाजार पूंजीकरण को बल मिला। भारत का बाजार पूंजीकरण बनाम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात (12 महीनों के जीडीपी के आधार पर) बढ़कर 154 फीसदी हो गया। नवंबर 2023 में यह अनुपात 120 फीसदी रहा था जब देश का बाजार पूंजीकरण पहली बाजर 4 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। भारत का बाजार पूंजीकरण जब 50 करोड़ डॉलर, 1 लाख करोड़ डॉलर और 2 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचा था तो बाजार पूंजीकरण बनाम जीडीपी अनुपात 100 के दायरे में रहा था जिसे उचित मूल्य समझा जाता है। हाल के वर्षों में सूचीबद्ध कई बड़ी कंपनियों ने भी भारत के बाजार पूंजीकरण को रफ्तार दी है। उदाहरण के लिए, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) करीब दो साल पहले सूचीबद्ध हुई थी और उसका बाजार बाजार पूंजीकरण अब करीब 78 अरब डॉलर है। इसके अलावा सभी सार्वजनिक उपक्रमों के बाजार पूंजीकरण में भी पिछले एक साल के दौरान जबरदस्त उछाल दर्ज की गई है।

# भारत की सबसे बड़ी अफोर्डेबल हाउसिंग कंपनी बनी आईआईएफएल होम फाइनेंस

समृद्धि न्यूज

IIFL HOME LOAN

**लखनऊ।** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) वित्त वर्ष 2023 में 28,512 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 35,499 करोड़ रुपये हो गया। ये सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की ग्रोथ है। इससे ये 14.26 लाख रुपये के औसत टिकट आकार के साथ भारत की सबसे बड़ी अफोर्डेबल हाउसिंग कंपनी बन गई है।

6 मई, 2024 की एक्सचेंज रिपोर्टिंग के अनुसार, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट्स अथॉरिटी (एडीआईए) की 20त्न से अधिक शेयरहोल्डिंग वाली कंपनी के ऑपरेशन से रेवेन्यू वित्त वर्ष 23 में 2,712 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 3,317 करोड़ रुपये हो गया। ये सालाना आधार पर 23त्न की ग्रोथ है। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 23 में प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 768 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 1017 करोड़ रुपये हो गया। एनआईएम में 80 बीपीएस का सुधार देखा गया है। 42.7 प्रतिशत के पूंजी पर्याप्तता अनुपात के साथ वित्त वर्ष 2024 में ये मजबूत होकर 7.3 प्रतिशत हो गया। 2023 में यह 6.5 प्रतिशत था। ग्रॉस एनपीए में भी 60 बीपीएस से अधिक का सुधार देखा गया है।

वित्त वर्ष 2023 में ये 2.1 प्रतिशत था जो वित्त वर्ष 2024 में 1.5 प्रतिशत हो गया। देश की सभी अफोर्डेबल हाउसिंग कंपनियों के बीच कंपनी का लागत-आय अनुपात सबसे कम है। आईआईएफएल होम फाइनेंस के ईडी और सीईओ मोनू रात्रा ने कहा, आईआईएफएल होम फाइनेंस पहली बार घर खरीदने वालों और महिला उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं पर ध्यान देने के साथ, विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस और एलआईजी सेगमेंट के लिए किफायती होम लोन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशनल एक्सीलेंस और टेक्नोलॉजी आधारित समाधानों पर हमारे फोकस के कारण न केवल एयूएम में ग्रोथ हुई है, एनआईएम में बढ़ोतरी हुई है, क्रेडिट कॉस्ट में कमी आई है जिसके परिणामस्वरूप बेहतर प्रॉफिटेबिलिटी आई है, बल्कि अधिक ग्राहक भी आए हैं जो इसमें विश्वास करते हैं। एक्टिव कस्टमर बेस 202885 से बढ़कर 281514 हो गया है। एडीआईए और डीएफआई जैसे डीएफसी, आईएफसी और एडीबी जैसे इन्वेस्टर्स का सपोर्ट पाना सौभाग्य की बात है, जिन्होंने हम पर भरोसा दिखाया है।

### पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर हुआ 550 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में वन 97 कम्युनिकेशंस का घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में फिनटेक कंपनी को 167.5 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वन 97 कम्युनिकेशंस ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 2.8 फीसदी घटकर 2,267.1 करोड़ रुपये हो गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 2,464.6 करोड़ रुपये थी। परिचालन से समेकित राजस्व साल-दर-साल 2.9 फीसदी गिरकर 2,334.5 करोड़ रुपये से 2,267.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का क्रमिक रूप से राजस्व 2,850.5 करोड़ रुपये से 20.5 फीसदी गिर गया। इसके अलावा फिनटेक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया।

# सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपए के लाभांश देगा रिजर्व बैंक

एजेंसी

**वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दे दी है। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2022-23 में सरकार को 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। यह राशि एक साल पहले की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है।

रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। आरबीआई ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया है कि रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी है। केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से आरबीआई निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 फीसदी करने का फैसला किया है। आरबीआई ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को बढ़ाकर 6 फीसदी किया था। आरबीआई की निदेशक मंडल बैठक में डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर, स्वामीनाथन जे और केंद्रीय बोर्ड के अन्य डायरेक्टर सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, आनंद गोपाल महिंद्रा, वेणु श्रीनिवासन, पंकज रमनभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच ढोलकिया ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और वित्तीय सेवा विभाग के सचिव डॉ. विवेक जोशी भी शामिल थे।

# हाईकोर्ट ने रद्द की 2010 के बाद तैयार सभी ओबीसी सूची



एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2010 के बाद तैयार की गई सभी ओबीसी सूची को रद्द कर दिया है। इस फैसले की वजह से पांच लाख ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द हो जाएंगे। अदालत ने कहा कि 2010 से पहले के ओबीसी व्यक्तियों के सर्टिफिकेट वैध माने जाएंगे।

2010 के बाद जिन लोगों को ओबीसी आरक्षण की वजह से नौकरियां मिल गई है या भर्ती की प्रक्रिया चल रही है, उनकी नौकरी जारी रहेगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे। संयोग से तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। नतीजतन, अदालत का आदेश केवल तृणमूल सरकार द्वारा जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा। पीठ ने कहा कि इसके बाद राज्य विधायिका यानी विधानसभा को यह तय करना है कि ओबीसी कौन होगा। पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ओबीसी की सूची निर्धारित करेगा। उस सूची को राज्य विधानमंडल या विधानसभा को भेजा जाना चाहिए। जिनके नाम विधानसभा द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे उन्हें भविष्य में ओबीसी माना जाएगा।

### क्या है मामले का बैकग्राउंड

कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही हाई कोर्ट ने कहा है कि इस निर्देश का उन लोगों पर कोई असर नहीं होगा जो पहले ही इस सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी पा चुके हैं या नौकरी पाने की प्रक्रिया में हैं। अन्य लोग अब उस प्रमाणपत्र का उपयोग रोजगार प्रक्रिया में नहीं कर सकेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायाधीश राजशेखर मंथा ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिस मामले के आधार पर हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया, वह मामला 2012 में दायर किया गया था। वादियों की ओर से वकील सुदीप्त दासगुप्ता और विक्रम बनर्जी अदालत में पेश हुए। उन्होंने कहा कि वाम मोर्चा सरकार ने 2010 में एक अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग बनाया। उस कैटेगरी को ओबीसी-ए नाम दिया गया है। लेकिन अगले वर्ष, वाम मोर्चा बंगाल मसनद से हट गया। 2011 में तृणमूल सत्ता में आई। नई सरकार सत्ता में आई और उस वर्ग पर अंतिम रिपोर्ट के बिना एक सूची बनाई और कानून बनाया। जिसके आधार पर तृणमूल सरकार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### ममता बनर्जी ने दी प्रतिक्रिया

कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई। उन्होंने एक जनसभा में कहा कि जब 26,000 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया, तब भी मैंने कहा था कि हम उनके फैसले को स्वीकार नहीं करते हैं। मैं आज भी वही बात कह रही हूं, आप जो भी फैसला देंगे, फैसले के बारे में कहा जा सकता है, ये बीजेपी का फैसला है, हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा।

# सातवें चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए एक जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में होने वाले मतदान के लिए सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। इनमें से 50 उम्मीदवारों ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। ऐसे में अब कुल 904 उम्मीदवार ही मैदान में बचे हैं। आयोग के अनुसार नाम वापसी के बाद अब बिहार की 8 सीटों पर 134, चंडीगढ़ की एक सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों पर 37, झारखंड की 3 सीटों पर 52, ओडिशा की 3 सीटों पर 66, पंजाब की 13 सीटों पर 328 उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर 124 उम्मीदवार अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। 36-बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद पंजाब के 7-लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इस चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है।